सुप् प्रतिना=तृतीया है, मात्रा-लेश किञ्चित्=अर्थ में वर्तमान प्रति, इस अव्ययका सुबन्तके साथ समास एकार्थीभाव हो। सूत्रमें सुपासे सुप् आता ही, पुनः सुप् क्यों पढ़ा ! वह अव्ययकी निवृत्तिके लिए प्रमाण बनेगा। इसी भावको स्पष्ट खोलनेके लिए उदाहरण शाकास्य लेशः (सागकी कुछ मात्रा अर्थ में) शाक ङस् लेश सु इति अलौकिक विग्रहे। मात्रा अर्थ में प्रतिके साथ शाक ङस् इस सुबन्तका समास एकार्थ। समासविधिसूत्रके सुप् में प्रथमा है, उसको उपसर्जनसंज्ञा, पहले प्रयोग। 'प्रतिना'में तृतीया पढ़नेसे प्रतिका पूर्वप्रयोग नहीं। सुप् न पढ़ते, दीपामन्यमहः (रातके समान दिन) दिवामान्या रात्रिः इस प्रवृत्तिके विषयमें एव-मात्र अर्थमें प्रतिका स्मरण हो, तब दिनस्य—लेशो दिनप्रति दोषायाः लेशो दोषाप्रति इत्यादि।

विभाषा अधिकार सूत्र। उत्तर भागमें समस्तसमासमें अनुवृत्तिवास्ते। विभाषा अपपरिबहि-सूत्रका विभाग है। परन्तु इस विभाषा (पक्षपातिनी भाषा या विविधा भाषा विकल्प।

अप परि बहि अञ्चू इनका पञ्चम्यन्तके साथ पूर्वपदार्थ प्रधान-समास। पूर्वपद में उत्तरपद मिल गया (दूधमें जलकी तरह) पञ्चम्याङ्परिभिः से अप परिके योगमें पञ्चमी। 'अन्यारादितर' से अञ्चु परे पञ्चमी। ज्ञापकसिद्धं न सर्वत्र। अपविष्णु विष्णुंवर्जयित्वा (संसरणं संसारः) भगवान्से वञ्चितका जन्म मृत्यु प्रपञ्च है। विष्णु ङस् अप-समासके विकल्पसे अस्वपदका नियम नहीं। अव्ययीभावसमासे सुपो लुक् प्रथमासे उच्चारित अपका पूर्वनिपात। समुदायसे सुप् उसका 'अव्यादासुपः से लुक्। इसी प्रकार परिविष्णु। विष्णु ङस् परि। विवेकपूर्वक समास विकल्पे, वाक्य भी। बहिर्वनम् वनसे बाहर सेना तिष्ठति। सूत्र ज्ञापनसे वहिः के योग में समास। वन ङस् बहिः समासादिः। अदन्त होनेसे लुक्को बाधकर अम्। प्राग्वनम्। वनसे पहले वनङस् प्राक् प्रकर्षेण अञ्चति समासे पूर्ववत्कार्यम्। पक्षमें वाक्यभी

तिष्ठद्गु इत्यादि गणपठित शब्दरूपका निपातन (सूत्रमें पढ़ें शब्दोंकी-कल्पना अनुमानसे सिद्ध हो, समासमान्य। तिष्ठन्ति गावः यस्मिन् काले, गायें रुकती है, वह दोहकाल। उस समय शयन उपवेशन नहीं। तिष्ठत् जस् गोजस् इति अलौकिके, सूत्रेण समासादिः। तिष्ठद्गुः दोहनकालः समासार्थं है। आयत्यः गावः यस्मिन्काले-आती है गायें जिस कालमें, (आयतीगवं) सायंकाल-शाम को चरकर आती हैं।

कालः ॥ **पारेमध्ये षष्ठ्या वा ।२।१।१८।** पारमध्यशब्दौ षष्ठ्यन्तेन सह वा समस्येते । एदन्तत्वं चानयोर्निपात्यते । पारेगङ्गम् । गङ्गापारम् मध्येगङ्गम् । गङ्गामध्यम् । महाविकल्पेन वाक्यमपि ॥ **संख्या वंश्येन ।१।२।१९।** वंशो द्विधा-विद्यया जन्मना च । तत्र भवो वंश्यः । तद्वाचिना सह संख्या समस्यते ।

पारे=पार और मध्यशब्द षष्ठ्यन्तके साथ समस्त (एकार्थीभूत) होते हैं और एदन्तत्वम्=एकारान्त निपातनसे मान्य. दोनों का साथ समास होनेपर। यद्यपि विभाषा अधिकारसे पक्षपात सिद्ध था, वा, क्यों पढ़ा ? तब बोले—पक्षमें षष्ठी-समास बांध लेता, उसे बांधनेके लिए पढ़ा । गङ्गायाः पारात्, पारेगङ्गात् आनय । गंगाजीके जल पारसे लाओ । गंगा ङस् पार ङसि इति विग्रहे पारेमध्ये सूत्रेण समासे समासत्वात्प्रातिपदिकसंज्ञायां सुपो धातुप्रादिकयोः सुपः लुक् । पारका पूर्वप्रयोग । निपातनसे एत्व । पारेगङ्गं, नपुंसकह्रस्व, पुनः पञ्चमी । नाव्ययी-भावात्के निषेधसे न लुक् । आत् पारेगङ्गात् अपञ्चभ्याः-पर्युदाससे अम् भी नहीं । इसी प्रकार मध्येगङ्गात् । पक्षमें षष्ठीतत्पुरुष गङ्गामध्यात् । यहाँ विभाषाका अधि-कार होनेकी विशेषतासे वाक्य भी रहता है । प्रायः सभी समासमें विभाषाका आगमन । गङ्गायाः पारात् वाक्य भी । यत्र उत्सर्गापवादौ महाविभाषया विकल्पितौ, तत्रापवादेन मुक्ते पुनः उत्सर्गो न प्रवर्तते इति ज्ञापनाय वा ग्रहणम् । जिसका फल पूर्व कायस्यमें षष्ठी समास न होना । दक्षस्यापत्यं दाक्षिः में तस्याऽपत्यं का न लगाना, किन्तु वाक्य ही रहता है ।

संख्या—वंशः सन्तानः तत्र भवो वंश्यः । संततिर्गोत्रजननकुलान्यभिजनान्वयौ वंशो अन्वयावः संतान इत्यमरः । वंशमें दो भेद विद्यावंशः—गुरुपरम्परा, जन्मना-पुत्रादि परम्परा । यस्माद्-धर्मानानिनोति स आचार्यः तस्मै न द्रुह्येत्कदाचन । हि विद्यातस्तं जनयति तच्छ्रेष्ठं जन्मः शरीरमेषां मातापितरौ जनयतः । पढ़कर नया संकार ही नूतन जन्म है ।

पिता शरीरका जन्म देता है । इति आपस्तम्बे । तस्मिन्वंशे भवः वंश्यः । दिगादिः यत् । तद्वाचिना विद्यावंशकुलमें पैदा हो, ऐसे अर्थवाची शब्दके साथ संख्याका समास-एकार्थ हो, अव्यीभावमान्य । यथा द्वौ पाणिनिकात्यायनौ मुनि-वंश्यौ (आचार्य विद्या परम्परामें प्रादुर्भूत) लौकिक विग्रहे (मुनि शब्द विद्यावंश का सूचकः) द्वि औ मुनि औ समासादिः । अव्यात्सुपोलुक् द्विमुनि । द्वौ च मुनी इस विग्रहमें विशेषणं विशेष्येण बहुलंसे कर्मधारयको बांधकर अव्ययीभावः । व्याकरण विद्याके प्रशस्त जन्मदाता पाणिनिकात्यायन दो मुनि है । पतञ्जलि भी । अतः त्रिमुनि । त्रयोः मुनयः पाणिनिकात्यायनपतञ्जलयः । त्रिजस् मुनिजस् इति

द्वौ मुनी वंश्यौ-द्विमुनि। व्याकरणस्य त्रिमुनि। विद्यातद्वतामभेदविवक्षायां—त्रिमुनि व्याकरणम्। एकविंशतिभारद्वाजम्॥ नदीभिश्च २।१।२०। नदीभिः संख्या वा समस्यते। समाहारे चायमिष्यते। सप्तगङ्गम् द्वियमुनम्॥ अन्यपदार्थे च संज्ञायाम् २।१।२१। अन्यपदार्थे सुबन्तं नदीभिः सह नित्यं समस्यते संज्ञायाम्। विभाषाऽधिकारोऽपि वाक्येन संज्ञानवगमादिह नित्यसमासः। उन्मत्त-

---

अलौकिकविग्रहे सङ्ख्यया सह समासादिः। यदि ऐसा त्रिमुनिव्याकरणं में समानविभक्ति कैसे? मुनि तीन हैं, व्याकरण एक है। तब बोले विद्यातद्वतां=ज्ञान और ज्ञानवान्में अभेदकी इच्छा होनेपर 'त्रिमुनि', मिलकर व्याकर विद्याके प्रवर्तक। पूर्वपदार्थप्रधानसमासः। यदि अन्यपदार्थप्रधान होता, तब त्रयो मुनयो वंश्याः यस्य बहुब्रीहिसमासे। इसको बहुब्रीहि न मानकर अव्ययीभाव माना जाय इसलिए कि सभी विभक्तियोंमें रूपभेद है समानता नहीं, बहुब्रीहिभावमें अव्ययीभाव होता है। उसमें प्रमाण अभिमुखग्रहणसे दिया जा चुका है। जन्मना वंशका उदाहरण—एकविंशतिर्भद्वाजम्। एकश्चासौ विंशति, कर्मधारयको बाधकर (इक्कीस) संख्याप्रधाने अर्थे अव्ययीभावः (लिङ्गसंख्यारहित फलवाला) समासार्थः। विदादि अञ्, तस्य लुक्। समास होनेपर उपकादिभ्यः से, लुक्का अभावः। उपकादिगणमें भारद्वाजका पाठ अनुमेय है।

नदीवाचक शब्दके साथ संख्यावाचीशब्द का समास हो। (वा०) यह समास समाहार अर्थमें इष्यते अभीष्ट है पञ्चगङ्गम् पञ्चानां गङ्गानां समाहारः (पांच गंगा नदियों का समुदाय) लौकिक विग्रह। पञ्चन् आम्, गंगा आम्। नदीवाचक गंगाके साथ संख्यवाचक पञ्चन् का समास। प्रा० संज्ञा, सुलोप, प्रातिपदिकान्तस्य नलोप, नपुंसकसंज्ञा प्रातिपदिकत्वात्सु, स्वमोर्नपुंसकात् से लोप प्राप्त जिसे बाधकर नाव्ययीभावात् सुस्थाने अम् आदेश। पाँच गंगाका संगम समासार्थ। द्वयोः यमुनयोः समाहारः दो यमुना का संगम। नदीवाची यमुना का संख्यावाची द्विके साथ समास, द्वि ओस् अमुना ओस्। आपञ्चम अध्याय समाप्तिपर्यन्त अधिकार तद्धित का है।

अन्यपदार्थे=प्रयोगमें उच्चरित शब्द किसी अन्य अर्थको कहे, उस अर्थमें वर्तमान सुबन्तका नदीवाचकशब्दोंके साथ नित्यसमास हो, संज्ञाअर्थमें। सङ्ख्यया-निर्गतः, नदीभिः आगतः। उस एक अर्थको अव्यीभाव मान्य। अन्यपदार्थ न कहे तब कृष्णवीणीमें नित्यसनास कैसे? क्योंकि विभाषाधिकारे-विकल्पसमासका अधिकार है। तब बोले—विकल्पका अधिकार भले ही हो, किन्तु वाक्यसे संज्ञाका अनवगम=ज्ञान न रहनेसे यहां नित्य समास हुआ। क्योंकि सम्यक्ज्ञयते इति संज्ञा, जिसको पूर्णतासे जाना जाय। सम्पूर्वक ज्ञा से कर्ममें अङ्। उन्मत्ता गङ्गा यस्मिन् इस वाक्यसे संज्ञा किसी नाम देशका ज्ञान नहीं। अतः अलौकिको अस्वपदविग्रही फलतः। वस्तुतः विभाषाऽधिकारसे यह समास विकल्प ही है। उन्मत्ता सु गङ्गासु-

गङ्गं नाम देशः। लोहितगङ्गम् ॥ **तद्धिताः** ।४।१।७६। आ पञ्चमसमाप्तेरधिकारोऽयम् ॥ **अव्यीभावे शरत्प्रभृतिभ्यः** ।५।४।१०७। शरदादिभ्यष्टच स्यात्समासान्तोऽव्ययीभावे। शरदः समीपम्-उपशरदम्। प्रतिविपाशम्। शरद्। विपाश्। अनस् मनस्। उपानह्। दिव्। हिमवत्। अनडुह्। दिश् दृश्। विश्। चेतस्। चतुर् त्यद् तद् यद्। कियत्। 'जराया जरस् च'। उपजरसम् ॥ **अनश्च** ।५।४।१०८। अन्नन्तादव्ययीभावाट्टच् ॥ **नस्तद्धिते** ।६।४।१४४।

अन्यपदार्थे समासादिः। उमड़ी हुई बाढ़पूर्णगंगाका देश। लोहिता गंगा यस्मिन्देशे लालरंगका देश उनका नाम लोहितग्ङगम्, लोहिता सु गंगा सु अन्यपदार्थे अव्ययीभाव ६। **तद्धिताः** से लेकर पञ्चम अध्याय समाप्ति तक के सूत्रों से सहित सभी प्रत्ययकी तद्धितसंज्ञा हो। जिसका फल कृत्तद्धित से प्रातिपदिकसंज्ञा है। ७। **अव्ययीभाव** समासादिः। विपाशाशब्द नदीविशेष अर्थमें है। (विपाशा तु विपट् स्त्रियाम्) विपाशा, प्रतिविपाशं, लक्षणेनाभिप्रतीसे अव्ययीभावसमासादिः विपाशानदीके सामने सेना है। एवं अनः शकटं गाड़ी तं प्रति प्रत्यनसं करः प्रत्येक गाड़ी पर टैक्स। मनसः समीपम् उपमनसं ध्यानं, प्रत्युपानहं, प्रतिदिनं वर्षणम्। हिमवतः समीपं, उपहिमवदं, प्रत्यनुडुहं भोजनं प्रतिदिशं, उपविशम् उपविशमित्यादि। ये गण के समास में शरद आदि शब्दोंसे समासान्त टच्प्रत्यय हो। ट च इत् अ शेष। तद्धितसंज्ञा हो प्रा-संज्ञा, स्वादिकार्य। शरदः (ऋतु के) समीपम् (आसपास) उपशरदम्। शरद्ङस् उप इति अलौकिक विग्र हैं। समीप अर्थमें वर्तमान्-अव्यय 'उप' शरद् ङस् इस सुबन्तके साथ अव्ययविभक्ति सूत्रसे समास, उपसर्जनं प्राक् प्रयोज्यं नपुंसक संज्ञा,टच्प्रत्यये 'सु' स्थाने अम् आदेशे। **प्रतिविपाशं** विपाशायाः अभिमुखं (विपाशा नदी के समक्ष) इति लौकिक विग्रह अथवा विपाशं विपाश प्रति। विपास अम् प्रति इति अलौकिक विग्रहे अव्ययीभावसमास उपसर्जनसंज्ञा, पूर्वप्रयोग, समासान्तटच्, भसंज्ञा यस्येति अकारलोप नपुंसकह्रस्वादिकार्य। जरायाः समीपमुपजरसं तिष्ठति। वृद्धावस्थाके आस-पास (वा) जरा के स्थान में जरस् आदेश हों, चकारसे समासान्त टच्भी हो। जराङस् उप। समीपार्थ में वर्तमानमव्यय उप का जरा के साथ समासादिकार्य, समासान्तटच् अकारान्त अव्ययीभाव से विभक्ति के स्थानमें अम् आदेश। ८। **अनश्च** अन् अन्त में हो ऐसे अव्ययीभाव से टच् हो। ९। 'नस्तद्धिते न अन्त में हों ऐसे भसंज्ञक टिका लोप हो, तद्धितपरे। राज्ञः समीपमुपराजं (राजा के आस-पास) राजन् ङस् उप। समीपार्थे वर्तमानसंज्ञा आदि कार्य, उपराजन् इति दशायाम् 'अनश्च' सूत्रेण टि (अन्) लोपे सु-अम् आदेश का रूप। (उपराजम्। अध्यात्मम्) आत्मनि चैतन्ये स्थिरम् (आत्मा के विषय में) आत्मनि अधि इति लौकिक विग्रह। आत्मन् ङि अधि इति अलौकिक

नान्तस्य भस्य टेर्लोपस्तद्धिते । उपराजम् अध्यात्मम् ॥ नपुंसकादन्यतरस्याम् ।५।४।१०९। अन्नन्तं यत् क्लीवं तदन्तादव्ययीभावाट्टच् वा स्यात् । उपचर्मम्—उपचर्म ॥ झयः ।५।४।१११। झयन्तादव्ययीभावाट्टच् वा स्यात् । उपसमित्—

विग्रहे सप्तम्यर्थे वर्तमान अधिशब्दके साथ सुबन्तका समास उपसर्जनसंज्ञा, पूर्वप्रयोग सुपका लुक् । अनश्चेति टच् । नस्तद्धिते इति टिलोपे प्रां० संज्ञा, सुविभक्ति आदि-कार्यं । शरीर में चेतन हैं । अथवा अध्यात्मं वक्तव्यम् आत्मा के विषय में बोलना चाहिए ।

झयन्त—झभघढधजबगडदखफछठथचटतकप, ये अक्षर जिनके अन्तमें हो उनसे (झयःसे) टच् प्राप्त था, नित्य टच्के लिए गणमें (पढ़े गये । प्रति परि सम् अनु) इनसे परि परे अक्षिन् शब्दसे टच् हो । शरद्गण मान्य, यस्येतिच इलोप, टच्से तद्धितान्त परे मिलने पर । यथा प्रत्यक्षम् अक्षिणी प्रति, टच् दोनों आंखके सामने अक्ष्णोः अभिमुखं लक्षणेत्थंभूतसे कर्मप्रवचनीयसंज्ञा द्वितीया । अक्षिन् औ प्रति । अलौकिकदशायां लक्षणेनाभिप्रती सूत्रसे अव्ययअर्थप्रधानसमास एकार्थीभाव हुआ । जिसके कारण शरदादिगणपठितप्रत्यक्षिन्से टच् अ । समासत्वात्प्रातिपदिकसंज्ञायां सुपोलुक् । अव्ययसंज्ञा नपुंसक, टिलोप् । प्रत्यक्ष (इन्द्रियोंके समक्ष) शब्दात् यथायोग्यं सुप्, तस्य अम्भावः । वृत्तिके विषयमें अक्षिशब्द पांच ज्ञानेन्द्रियोंका सूचक है । परोक्षं= क्रिया देखी गयी न हो, अक्ष्णः परम् आंखसे परे व्यवधानमें क्रियानर्शनका अविषय । अक्षिन् ङस् पर इति विग्रहे अव्ययीभाव समासादिः परोक्षम् । अत्र शङ्का-परशब्दः नहि अव्ययं कथं समासः, तदा मूले कथितं समासान्तविधान=अव्ययीभाव समास होने पर टच् विधान करनेकी प्रबलतासे, परका भी समासमान्य । ननु समासे कृते परक्षं भवतु ओकारः कथं ? तदा निगदितं 'परोक्षे लिट्' सूत्रमें ओकार पढ़नेकी प्रबलता निपातन सूत्रमें ओकार उच्चारण सामर्थ्यसे परके आगे ओ आदेशः । परोक्षम् ।

नपुंसकशब्द अन्नन्त हो तो, उस अव्ययीभाव से टच् (अ) विकल्प से हो । चर्मणः समीपं (चमड़े के आस-पास) इति लौकिक विग्रह । चर्मन ङस् उप इति अलौकिक विग्रहे अव्ययं विभक्ति से समास, पूर्वनिपात, सुब्लोप, उपचर्मन्—नपुंसकलिंगात् उपचर्मन्शब्दात् टच् विकल्प, टिलोप, सुप् स्थाने अम् आदिकार्य, उपचर्मम् । पक्षे नकारलोपे उपचर्म । १ । झयः=झय प्रत्याहार के अक्षर अन्त में हो ऐसे अव्ययीभाव से टच् विकल्प से हो । समिधायाः समीपं लकड़ी के आसपास । समिधाङस् उप समासादिकार्य, झयः सूत्रेण विकल्पेन टच् । सुस्थाने अमादेशे उपसमिधम् । टच्अभावपक्षे (उपसमित्) नपुंसकवद्रूप इत्यव्ययीभावाधिकारे ।

नदीपौर्णमासी आग्रहणी अन्तमें हो ऐसे अव्ययीभावसे टच् विकल्प हो । नदी-

उपसमिधम् । **नदीपौर्णमास्याग्रहायणीभ्यः** ।५।४।११० वा टच् स्यात् । उपनदम् । 'यस्येति चे'ति इलोपः उपनदीत्यादि ॥ **गिरेश्च सेनकस्य** ।५।४।११२। टच् वा स्यात् । उपगिरम् । उपगिरि ॥ (**प्रतिपरसमनुभ्योऽक्ष्णः**) टच् स्यात् । अक्षणोऽभिमुखं प्रत्यक्षम् । अक्ष्णः परं परोक्षम् । अतएव समासः । परोक्षे लिडिति निपातनात्परस्योकार इत्यादि ॥ इत्यव्ययीभावप्रकरणम् ॥

संज्ञा न लें, सहचारके प्रभावसे । अन्यतरस्यां और टच् आये । नद्याः समीपम् उपनदं नदीके लगभग । समीपे अर्थे उप अनेन सह अव्ययीभाव समासे नदीपौर्णमासी-टच् । भसंज्ञा यस्येति च इ-लोप उपनद शब्दात्सुप् अकारान्त होनेसे अम् ।

गिरेश्च--सेनक आचार्यके मतसे गिरिशब्द अन्तमें हों, ऐसे अव्ययीभावसे विकल्प टच् हो । यद्यपि अन्यतरस्यांके आनेसे विकल्प होता ही । अतः बोले पूजार्थम्-आचार्यका नाम प्रसिद्धिके लिये । गिरेः समीपम् (उपगिरं) मम ग्रामः । गिरि ङस् उप समसादिः । गिरेश्च टच् । भसंज्ञा इकारलोपे अदन्तात् अव्ययीभावात्सु अम् । यदा न टच् तदा उपगिरि । जो पूर्वपदार्थ प्रधान नहीं हैं उनकों अव्ययसंज्ञा का ३ प्रयोजन नपुंसक, अम्भाव अव्ययादाप्सुपरे लुक् है ।

॥ इति प्राभाकरीटीकायां अव्ययप्रकरणं परिपूर्णम् ॥

अथ तत्पुरुषाधिकारे समास :—(२) उत्तरपद का अर्थ प्रधान हो ऐसा समास तत्पुरुष है । जिसमें तत् पद् सर्वनाम (सर्वार्थवाचक) विशेषण है । पुरुषपद विशेष्य उत्तर भागमें प्रधान अर्थका बोधक है । इसके उत्तरपदार्थ प्रधान इष्टः । अतः तत्पद में सातो विभक्तियों की सम्भावना से, सातों विभक्तियों के साथ पुरुष-पदका समास होगा । तत्पदके विशेषण होनेसे विशेषणविशेष्य सम्बन्ध भी तत्पुरुष का अर्थ है । इसलिए सचासौ पुरुषः, तं पुरुष, तस्मै, तस्मात्, तस्य, तस्मिन् पुरुषः तत्पुरुषः स च पुरुषश्च तत्पुरुषः सौत्रंपुंस्त्वं । बहुव्रीहिसमास के पहले जो समास हों वे तत्पुरुष संज्ञक हों । तत्पुरुषाधिकारे पठितत्वं तत्पुरुषत्वम् ।

(३) द्विगुसमास भी तत्पुरुषसंज्ञक हो । यह दो या अनेकपद (प्रथमान्त उत्तरपद वाला समास) है । प्रथमान्त का समास विशेषणविशेष्यभावके व्याज से आगे कहेंगे । द्वितीयान्ततत्पुरुष से प्रकरण का प्रारम्भ ।

(४) द्वितीया--द्वितीयाविभक्ति हो अन्त में ऐसे पदका श्रितः (शरणं प्राप्तः) अतीतः (बीताकाल) पतित, गत, अत्यस्त (फिसला हुआ, अस्त व्यस्त) प्राप्त, आपन्न, ये शब्द प्रकृतिक प्रातिपदिक हों ऐसे सुबन्त के साथ समास हो, विकल्प से । वह समास तत्पुरुष समझा जाय । यथा कृष्णं श्रितः कृष्णस्य शरणं प्राप्तः (भगवान

अथ तत्पुरुषसमासप्रकरणम्

तत्पुरुषः ।२।१।२२। अधिकारोऽयं प्राग्बहुव्रीहेः ॥ द्विगुश्च ।२।१।२३। तत्पुरुषसंज्ञः ॥ द्वितीया श्रितातीतपतितगतात्यस्तप्राप्तापन्नैः ।२।१।२४। द्वितीयान्तं श्रितादिप्रकृतिकैः सुबन्तैः सह वा समस्यते । कृष्णं श्रितः-कृष्णश्रित, । इत्यादि ॥ तृतीया तत्कृतार्थेनगुणवचनेन ।२।१।३०। तृतीयान्तं तृतीयान्तं तृतीयान्तार्थ कृतगुणवचनेनार्थेन च सह प्राग्वत् । शंकुलया खण्डः-शंकुलाखण्डः । धान्ये-

---

का भक्त) समासार्थवाचक कृष्णं श्रितः लौकिक विग्रह, (कृष्ण अम् श्रित सु) अलौकिक-विग्रह । द्वितीयान्तपद 'कृष्ण' का श्रित सु शब्द के साथ द्वितीया श्रितातीत सूत्रसे समास । एकपद, एकअर्थ एकशक्ति, होना समास है । उपसर्जनसंज्ञा, पूर्वप्रयोग, जलमें वर्षाकी तरह प्रा० संज्ञा सुपोधातुप्रातिदिकयोः से सुप् लुक्, एकदेश विकृतन्यायेन, प्रा० संज्ञा, विभक्तिकार्य । कृष्णकी शरण में प्राप्त समासार्थ) इत्यादि पदसे दुःखम् अतीतः (दुःखको पार कर गया) आशातीतः कूपं पतितः (दर्दुरः) नरकं पतितः ग्रामगतः (गाँवमें गया) स्वर्गगतः, अत्यस्तः तुहिनम् । बर्फ फिसला । प्रह्लादः समुद्रात्यस्तः समुद्र में फेंका गया । त्रिशंकुः स्वर्गात्यस्तः, स्वर्ग से ढकेला हुआ । सुखं प्राप्तः, (नरः) दुखापन्नः शंकटापन्नः एवमनन्ताः शब्दाः बोधव्याः ।

तृतीयान्तपद का उसी तृतीयान्त शब्द का अर्थ (वस्तु) सरौता आदिसे कृत= किया हुआ गुणवचन = गुणवाचक टुकड़ा (खण्ड) आदि शब्दके साथ और अर्थ-शब्द का समास (एकार्थीभाव) हो । अनेकपद का एकपद एक शक्ति होना फल यथा शंकुलाखण्डः (सरौतेसे किया हुआ टुकड़ा) यहाँ पर तृतीयान्तपद (शंकुलया खण्डः इति लौ० में शंकुलया है । उसका अर्थ सरौता शंकुलारूपं तत्कृतो गुणः (उससे किया हुआ खण्डन) क्रियारूपः (टुकड़े करना) उसका वाचक खण्डपद है । तृतीयान्तप्रक्रितिकसुबन्त शंकुलाटा का खण्डसु के साथ तृतीयातत्कृतार्थेन से समास । मेघवर्षणन्यायेन उपसर्जनसंज्ञा पूर्वप्रयोग, विभक्तिसम्बन्धिकार्य शंकुलाकरणकखण्डनक्रियाश्रयः समासार्थः । धान्येन अर्थः धान्यार्थः [धान से मतलब] अर्थ्यते इष्टं साध्यते, अनेनअर्थः [प्रयोजनं] जिससे इष्ट सिद्धि हो वह अर्थ (अभीष्ट साधक) प्रयोजन है । धान्य टा अर्थसु इस विग्रहमें तृतीयान्त धान्य टा का अर्थके साथ । समासनिमित्तकस्वादिकार्य । तत्कृत सूत्रमें तृतीयान्तपद का अर्थ (सरौता) उससे कृत (खण्ड) ऐसा क्यों कहा ? अर्थात् (कर्तृकरणे कृता बहुलं) सूत्र से समास सिद्ध करता, पुनः सूत्रमेव किमर्थम् ! दोनों उदाहरण में करणे तृतीया है, सूत्र व्यर्थ होकर नियम बनाता है कि यदि गुणवचन के साथ तृतीयान्त का समास हो, तब तत्कृतेनैव=तृतीयान्त वस्तु से किया हुआ गुण-टुकड़ा होने पर ही हो ।

नार्थो-धान्यार्थः। तत्कृतेति किम् ? अक्ष्णा काणः॥ **पूर्वसदृशसमोनार्थकलह-निपुणमिश्रश्लक्ष्णैः** ।२।३१। तृतीयान्तमेतैः प्राग्वत्। मासपूर्वः। मातृ-सदृशः। पितृसमः। ऊनार्थे-माषोनं कार्षापणम्। माषविकलम्। वाक्कलहः। आचारनिपुणः। गुडमिश्रः। आचारश्लक्ष्णः॥ (**अवरस्योपसंख्यानम्**)।

इसलिए अक्ष्णा काणः। (आँख का काना) यहाँ काणत्व गुण आँखकी क्रियासे नहीं, किन्तु रोगादि अन्यकारणों से है। तत्कृत न कहते तब यहाँ भी समास हो जाता है।

(६) कर्ता और करण अर्थमें तृतीयान्तपदका कृदन्तशब्दके साथ बहुलं=इच्छा-नुसार समास हो, यथा हरिणा त्रातः—हरिकर्तृकरक्षणाश्रयः रक्षा का पात्र, हरि टा त्रात सु अलौकिक विग्रह। कर्तृकरणे कृता बहुलं सूत्रसे, कर्तरि तृतीयान्तपद (हरिणा) का (कृदन्तपद) त्रातः के सह समास समासत्वत्प्रा० सं० स्वादिकार्य। हरित्रातः भगवान् से रक्षा किया गया इति समासार्थः। नखैर्भिन्नः लौकिक वाक्य, करणका तृतीयान्तपदं नखैः नखभिस् का भिन्नसु के साथ कर्तृकरणे सूत्रसे समास प्रा० सं०, सुप् का लुक्, स्वादिकार्य नखभिन्नः। नखकरणकभेदनाश्रयः चणकः। नख से निकोला आलू। जहाँ पर निर् उपसर्ग है। नखैः निर्भिन्नः परन्तु प्रत्ययग्रहणे यस्मात्स विहितस्तदादेस्तदन्तस्य, तस्य च ग्रहणं इस परिभाषा से केवल कृदन्त तदादिभिन्न ही ग्राह्य होगा, निर्भिन्न नहीं, तब निर्भिन्न शब्द के साथ नखैः का समास कैसे हैं ? अत आह-कृद्ग्रहणे-जहाँ कृदन्त का ग्रहण हो वहाँ गतिसंज्ञक (निर्) और कारकपूर्व का भी ग्रहण हो। गतिसंज्ञक निर्के पूर्व में रहते समास, स्वादिसम्बन्धिकार्य। नख-निर्भिन्नः नख से विदारण किया हुआ (हिरण्यकश्यपुवक्षस्थलम्)।

(६) चतुर्थी=चतुर्थी अन्तमें हो तदर्थार्थ–उस शब्द का वाच्य अर्थ (यूप आदि) उसी के लिए जो वस्तु (दारु लकड़ी आदि) उसके वाचकपदके साथ और अर्थ (वस्तु) बलि, पूजा, (उपहार) हित (भलाई) सुख, रक्षित, शब्द के साथ, चतुर्थ्यन्तपद का समास (एकार्थीभाव) हो विकल्प से। यूपाय दारुः यूपः यज्ञस्तम्भ के लिए दारु (लकड़ी) यूपङे दारुसु इति अलौकिकवाक्य 'चतुर्थीतदर्थार्थः आदि सूत्रसे समास, प्रा० संज्ञा, सुप्लुक् आदि कार्य। यूपपद की यहाँ तदर्थपद में पूर्वपद उत्तरपदमें प्रकृतिविकृतिभाव ही इष्ट है। प्रकृति (समवायिकारण) विकृति (कार्य) इस प्रकारका कार्यकारणभाव होने पर समास हो। दारु समवायिकारण है यूपकार्य है। दारु प्रकृति है, उसी को काट छाँट गढ़कर यूप खम्भा बना (विकार) है। अतः समास हुआ, एवं घटाय मृत्तिका घटमृत्तिका। पटाय तन्तवः पटतन्तवः।

मासावरः ॥ अन्नेन व्यञ्जनम् ।२।१।३४। संस्कारकद्रव्यवाचकं तृतीयान्तमन्नेन सह प्राग्वत् । दध्ना उपसिक्तमोदनं दध्योदनम् । भक्ष्येण मिश्रीकरणम् ।२।१

पूर्वसदृश—समान, सम–तुल्य ऊनार्थ–न्यून, कलह झगड़ा, निपुण–कुशल, मिश्र–मिलावट, श्लक्षण–चमकता हुआ तेजस्वी, इन तृतीयान्त शब्दोके साथ समर्थ सुबन्तका समास (तत्पुरुष एकार्थीभाव) हो । सम और सदृशके योगमें तुल्यार्थैरतुलोपमाभ्यां से तृतीया, अन्यके सम्बन्धमें हेतौ तृतीया, वचन सामर्थ्यसे । यथा मासेन पूर्वः महीनाके पहले पैदा हुआ । यद्यपि पूर्व की अवधि मास है अन्य आरात् इतर ऋत्, दिक्शब्दके योगमें पञ्चमी प्राप्त है, क्योंकि दिशि दृष्टः शब्दो दिक्शब्दः किसी दिशामें देखा गया । किन्तु ज्ञापनसे तृतीया, अन्ये हेतौ तृतीया । मास टा पूर्व सु । पूर्वसदृश–सूत्रेण समासादिः । मात्रा सदृशः मातृसदृशः, माताके समान स्वभाव समासार्थ । मातृ टा सदृश सु आदिः । पित्रा समः पिताके तुल्य समासार्थः सादृश्य सम्बन्ध, पितृ टा सम सु आदिः, ऊनार्थः का उदाहरण–माषोनं कार्षापणं कौड़ी तोला मासाके अनुसार माषा नामक परिमाण मात्रा ऊन=कम । माषाया ऊनम् अवधि मासा है, ज्ञापनसे तृतीया । अर्थका ऊन न्यूनसे सम्बन्ध, पूर्वसदृश आदिसे नहीं, 'सम' सदृशके अलग पढ़नेसे । माषा टा ऊन सु । अर्थका प्रयोजन, माषेण विकलं, हीनं माषविकल एक माषा कम, तृतीया पूर्ववत् । माषाटा विकल सु । वाचा कलहः वाणीका झगड़ा । हेतु सम्बन्ध । वाच् टा कलह सु । आचारेणनिपुणः, सदाचारहेतुक नैपुण्यवान् । आचारविचारमें दृढ़ । आचार टा निपुण सु । गुडेन मिश्रः गुडमिश्रः गुडहेतुक मिश्रणक्रियावान्, गुडधाना आचारेण श्लक्ष्ण· आचारहेतुक कुशलत्ववान् चमकता हुआ । गुड सम्मिश्रा धाना अच्छीतरह मिलाया हुआ । यहाँ सम् उपसर्ग होनेसे समास कैसे ? तदन्तविधि नहीं होगी क्योंकि समास विधिमें तदन्तका निषेध है ।

अवर (पूर्व अर्थ मे) का भी ग्रहण करें । पूर्वसदृशसम–ऊन सूत्रमें अवर शब्द भी पढ़ें । यथा मासेन अवरः बसन्तः । एक माह पहले ऋतु आती है । अवरका पूर्व अर्थ है, यदि न्यून अर्थ होता तो ऊनार्थक मानकर समास होता । सप्तदशावराः सत्रमासीरन् । सत्रह यज्ञ कम किये । द्व्यजवरार्धात्=सूत्रमें अवरका न्यून अर्थ प्रसिद्ध है ।

अन्नेन—खाद्य वस्तुवाचक शब्दके साथ व्यञ्जनं–संस्कारकद्रव्यवाचकं संस्क्रियते, गुणनाम् आधानं क्रियते अनेन संस्कारः सिञ्चनद्रव्यं, दधि घृत आदिः । व्यञ्जनवाचकशब्दके साथ समास एकार्थीभाव हो, भिस्सा स्त्री भक्तमन्धो अन्नमोदनोऽस्त्रियामित्यमरः । खरं विशदं अभ्यवहार्यं भक्ष्यं खरणं कठिनभिक्षुदण्डादिः ।

।३५। गुडेन मिश्रा धानाः–गुडधानाः ॥ **कर्तृकरणे कृता बहुलम्** ।२।१।३२। कर्तरि करणे च तृतीया कृदन्तेन बहुलं प्राग्वत्। हरिणा त्रातो हरित्रातः। नखभिन्नः॥ (कृद्ग्रहणे गतिकारकपूर्वस्यापि ग्रहणम्) नखनिर्भिन्नः॥ **चतुर्थी तदर्थार्थबलिहितसुखरक्षितैः** ।२।१।३६। चतुर्थ्यन्तार्थाय यत्तद्वाचिना- ऽर्थादिभिश्च चतुर्थ्यन्तं वा प्राग्वत्। यूपाय दारु-यूपदारु। तदर्थेन प्रकृतिविकृति- भाव एवेष्यते। तेनेह न––रन्धनाय स्थाली। अश्वघासादयस्तु षष्ठीतत्पुरुषाः॥ **(अर्थेन नित्यसमासो विशेष्यलिङ्गता चेति वक्तव्यम्)**। द्विजायार्थं

विशदं विविक्तावयवं, सन्तरा आदि है। यथा दध्ना ओदनः दध्योदनः। दहीका भातके साथ सम्बन्ध नहीं, सामर्थ्य कैसे? तब बोले इहान्तर्भूत=इस प्रयोगमें छिपा हुआ उपसेक=सिञ्चनक्रियाके द्वारा दहीका भातके साथ सामर्थ्य है। दधिकरण- कसिञ्चनाश्रयः भातके अवयवोंमें दहीका घुल मिल जाना। दधि टा ओदन सु आदिः। युक्तार्थप्रत्ययाच्च सामर्थ्य (उचित अर्थके अनुभवसे) शक्तिः।

भक्ष्य खाद्यवस्तुवाचक तृतीयान्तका संस्कारकद्रव्यवाचकके साथ मिश्रण– मिलानेकी क्रिया हो चुकी हो, तब समर्थके साथ समास हो। यथा गुडेन धानाः गुड़के साथ मिला हुआ धान, खाद्यवस्तु (धानाभृष्ठयदेस्त्रियः) भूजा हुआ अन्न विभक्त अवयव है। मिश्रण क्रियाके द्वारा शक्तिसम्बन्ध एक आवश्यक। गुडकरण मिश्रणक्रियाश्रयः। गुड टा धाना सु आदिः।

अत्र शङ्का–अश्वेभ्यो घासः घोड़ेके लिए घास। धर्माय नियमो धर्मनियमः प्रकृतिविकृतिभाव न होनेसे समास कैसे? घासकी विकृति अश्व तो है नहीं, तब बोले–अश्वानां घासः अश्वघासः। षष्ठी समासः, यदि ऐसा तब रन्धनाय स्थाली यहाँ भी षष्ठी हो जाय। प्रकृतिविकृति विचार व्यर्थ, तन्न, शाब्दबोधमें सम्बन्ध और तदर्थमें अन्तरके लिए मान्य। केवल सम्बन्ध अर्थमें षष्ठी समास इष्ट। तदर्थदशामें चतुर्थीसमास रोकनेके लिए प्रकृतिविकृतिभाव आवश्यक। यहाँ तक तदर्थका व्याख्यान। अब अर्थके साथ चतुर्थ्यन्तका समास सुनिये। (५ पंक्तिका अर्थ ६४ पर) वस्त्र के लिए सूत। शंकवे दारुः शंकुदारुः (खूंटी के लिए लकड़ी) इस कार्य- कारणसम्बन्ध का फल तेनेह न–रन्धनाय स्थाली (चावल रींधने पकाने के लिए बटलोही) यहाँ स्थालीका रींधने के साथ प्रकृतिविकृतिभाव (समवायिकारणम्बन्ध) न होने से समास नहीं हुआ। द्रव्य और क्रिया में प्रकृतिविकृतिभाव नहीं होता। (वा०) अर्थेन-अर्थ शब्द के साथ चतुर्थ्यन्त का नित्यसमास हो। विशेष्य प्रधान मुख्यशब्द का लिङ्ग समस्त पद का हो। परवल्लिङ्गं द्वन्द्वतत्पुरुषयोः इस सूत्रसे उत्तरपदका लिंगही प्राप्त था उसका बाधक यह सूत्र ही विशेष्य (प्रधान) जैसा लिंगही वैसा ही लिंग समास होने पर हो। यथा–द्विजाय अर्थः द्विजार्थः सूपः

द्विजार्थः सूपः । द्विजार्था यवागूः । द्विजार्थं पयः । भूतबलिः । गोहितम् । गोसुखम् । गोरक्षितम् ।। पञ्चमी भयेन ।२।१।३७। चोराद् भयं चोरभयम् ।। स्तोकान्तिकदूरार्थकृच्छ्राणि क्तेन ।२।१।३९। पञ्चम्याः स्तोकादिभ्यः ।६।३।२।

ब्राह्मण के लिए दाल। द्विजङे अर्थ सु। अलौकिक-विग्रह वार्तिकसे नित्यसमासादिकार्य। यहाँ सूप पुलिंग और प्रधान है उसीके अनुकूल समस्तपदका लिंग पुम् हुआ। द्विजाय अयम् इति अस्वपदविग्रह। द्विज उद्येश्यक अर्थ (वस्तु) समासार्थः। द्विजाय इयं द्विजार्था यवागू (ब्राह्मण के लिए हलुआ खीर) द्विजाय इदं द्विजार्थम्) अर्थः, जलं, दुग्धंवा इस अस्वपदविग्रह में अर्थेन नित्यसमासः। सूप, यवागू पयः के प्रधान होने से इन्हीं का लिंग समासपद में हुआ। प्रधानके अनुसार लिंग। भूतेभ्यो बलिः। (भूतभ्यस् बलि सु) चतुर्थी-बलिहितसुखरक्षितैः सह चतुर्थ्यन्तं समस्यते एकार्थीभावः। प्रा० संज्ञा सुप् लुक् विभक्तिकार्य (भूतबलिः)। भूतों प्रेतों या जीवों के लिए पूजा या उपहार, यजमानेन भूतबलिः दीयते। एवं गोभ्यो हितं गोहितं (गव्यं) घासः गौवो के लिए हितकर (गोशाला) तीनों ऋतु में भला है। गोभ्यः सुखं (गोसुखं) बनं, गौवों के लिए सुखकर वन है। गोभ्यो रक्षितं गौवों के लिए रक्खा हुआ खरी कराई, भूसा आदि।

(८) पञ्चम्यन्त शब्द का भयवाचक शब्दके साथ समास हो। चोराद्भयं, लौकिकवाक्यं, चोरङसि भय सु इति अलौकिकवाक्यं, पञ्चमीभयेन पञ्चम्यन्त चोरात् का भय के समास, समासत्वात्प्रासंज्ञा स्वादिकार्यं। चोरभयम्। चोर से (अधिक) भय समासार्थ। एवं सिंहाद्भयं सिंहभयं। राजपुरुषात्, भयं राजपुरुषभयं, दुष्टभयं कुञ्चिकाभयम्।

(९) स्तोक-अल्प, अन्तिक समीप दूर विप्रकृष्ट और कृच्छ्र (कष्ट) वाचक सुबन्त शब्दों का क्त-प्रत्ययान्त सुवन्त के साथ समास हो। ९३०। पञ्चमी बिभक्ति का स्तोक आदि शब्दों से परे लुक् न हो उत्तरपद-परे, रहते। अत्र उत्तरपदं समस्तपदम् अन्तिमे अवयवे रूढ़म्। समासमें, अन्तिमशब्द उत्तरपद है। इसका फल विभक्तिलुक् न होने पर भी एकार्थीभाव बना रहे। स्तोकान्मुक्तः स्तोक ङसि मुक्त सु स्तोकान्तिक-आदि से समास, सुप् अलुक्। तथापि थोड़े ही प्रयास से मुक्त हो गया। अन्तिकात् समीपात् आगतः पास से आया हुआ समासार्थः। समासे पञ्चम्याः अलुक्पूर्ववत्। अभ्यासात् (निकटात्) आगतः प्राप्तः। (समीपसे आया हुआ) बालकः ब्रूते। दूरात् आगतः अतः सम्बन्धी स्वागतेन भवितव्यम्। कृच्छ्रात् दुःखात् पापात् आगतः कष्ट से आया हुआ वृद्ध। अत्र सर्वत्र समासे पञ्चम्याः अलुक्। एकपद एकअर्थ एकशक्ति होना फल है। दूरादागतस्य अपत्यं दौरादागतिः। आभ्यासादागतिः, आदिवृद्धिः, अन्तोदात्त से एकपद होना अनुभूत है।

अलुगुत्तरपदे । स्तोकान्मुक्तः । अल्पान्मुक्तः । अन्तिकादागतः । अभ्याशादागतः । दूरादागतः । विप्रकृष्टादागतः । कृच्छ्रादागतः । षष्ठी ।२।२।८। सुबन्तेन प्राग्वत् । राज्ञः पुरुषः–राजपुरुषः । याजकादिभिश्च ।२।२।९ षष्ठ्यन्तं समस्यते । वक्ष्य-माणस्यापवादः । ब्राह्मणयाजकः । देवपूजकः । याजक, पूजक, परिचारक, परि-षेचक, स्नातक, अध्यापक, उत्सादक, उद्वर्तक, होतृ, पातृ, भर्तृ, रथगणक, पत्तिगणक, इति याजकादिः । (गुणात्तरेण तरलोपश्च)। तरबन्तं यद् गुणवाचि तेन समासः। सर्वेषां श्वेततरः सर्वश्वेतः। सर्वेषां महत्तरः–सर्व-

---

(१) षष्ठ्यन्तपद का सुबन्तपद के साथ समास हो। राज्ञः पुरुषः लौकिकं वाक्यं, तत्र षष्ठी सूत्रेण (राजन्ङस्) पदस्य (पुरुषसु) पदेन सह समासे (एकार्थी-भावे) दोनों पद मिलकर एकार्थ हो गये। राजसम्बन्धीपुरुषः समासार्थः राज-पुरुषः राजा का सेवकस्वामिसम्बन्ध समासत्वात् प्रा० संज्ञा सुपोधातुप्रतिपादकयोः सुप् लुक्, एकदेशविकृतन्यायेन प्रा० संज्ञा, स्वादिकार्यं। पत्युः पत्नी पतिपत्नी। द्वारपूजा।

याजकगण – में पढ़े हुये शब्दोंके साथ समर्थषष्ठ्यन्तका समास, एकार्थीभाव हो। यद्यपि किसीभी षष्ठ्यन्तका समर्थ परस्पर सम्बद्ध के साथ 'षष्ठी' सूत्रसे समास सिद्ध है यह सूत्र क्यों पढ़ा ? तब बोले कि तृजकाभ्यां कर्तरि=जहाँ तृच् और अक कर्ता अर्थमें हों, वहाँ षष्ठीका निषेध हो जाय। इस निषेध का प्रतिप्रसव विरुद्ध प्रचारक सूत्र। यथा याजयतीति याजकः यज्ञ कराने वाला, कर्तरि ण्वुल्-अक कर्मणि षष्ठी, ब्राह्मणस्य याजकः ब्राह्मणकर्मक यज्ञकारयिता। यज्ञफलका आश्रय ब्राह्मण (फलाश्रयः कर्म) ब्राह्मण ङस् याजक सु आदिः। षष्ठीसूत्रेण समासः स्यात्तदा तृजकाभ्यां कर्तरि समासनिषेधः स्यात्। पूजयति पूजकः देवानां पूजकः। देव आम् पूजक सु आदिः। राजपरिचारकः भोजनपरिवेशकः। संस्कृतवेत्ता न्याया-ध्यापकः, वनस्पत्युत्पादकः। होतृपोतृभर्तृ, भुवः भूभर्ता, भूमिपालकः, दशरथपोता।

गुणात्तरेण गुण वाचकशब्दसे तरप् हुआ हो, उससे षष्ठीसमास विकल्प से हो। तरपका लोप भी। नील-पीत-श्वेत-हरित आदि गुण उनके कम या अधिक निर्णयके लिये तरप् का अर्थ। षष्ठीसूत्र से समास सिद्ध था, वार्तिक क्यों पढ़ा ? इसलिये कि न निर्धारणे=कम या अधिक निश्चय अर्थमें षष्ठीसममासका निषेध प्राप्त था, और पूरणगुण सुहितार्थ=सूत्रसे भी निषेध प्राप्त था, उनका प्रतिप्रसव–प्रत्युत्तर–उत्तरका उत्तर, निषेधके निषेधका विधान फल है। यथा–सर्वेषां पक्षिणां श्वेतः शुभ्रः बकानां गुणः। सभी वस्तुओंमें सफेदीकी अपेक्षा बकुला सफेद (सभी बकोंमें अधिक श्वेत) गुण निर्णय अर्थमें तरप्। द्विवचनविभज्य–सूत्रसे विभाग निर्धारण अर्थ में। (सर्व आम् श्वेततर सु), इति दशायां वार्तिकेन समासे

महान् ॥ न निर्धारणे ।२।२।१०। षष्ठी न समस्यते । नृणां द्विजः श्रेष्ठः ॥ पूरण-गुण-सुहितार्थसदव्ययतव्यसमानाधिकरणेन ।२।२।११। पूरणाद्यर्थैः सदादिभिश्च

तरपः लोपे आदिः । सर्वश्वेतः सबसे सफेद । सर्वमहान् ईश्वरः । अतिशयेन महान् महत्तरः, सर्वेषां महत्तरः सभी पुरुषों से श्रेष्ठ, अन्य से ईश्वरका महत्व अधिक है ।

न–गुण क्रिया जाति द्रव्य की अनेकता में एकका निर्णय श्रेष्ठतानिर्धारण, अर्थमें षष्ठी समास हो । यथा मनुष्योंमें ब्राह्मण श्रेष्ठ है, श्रेष्ठताका निर्धारण होनेपर "यतश्च निर्धारणं" से षष्ठी हुई । षष्ठी समास-प्राप्तिका न निर्धारणे से निषेध, इस निषेधमें तीन शर्त है–यतो निर्धार्यते यश्च निर्धार्यते, यश्च निर्धारणहेतुः । एतत्त्रि-तयसन्निधान एव निषेधः जिनमें से एकका निर्णय करना हो, जिसका निर्णय जिससे जो निर्णय । मनुष्योंसे ब्राह्मण की श्रेष्ठता का निर्णय हो वहीं पर निषेध होगा । अतः पुरुषाणामुत्तमः पुरुषोत्तमः में सम्बन्धे षष्ठीसमास हुआ निषेध नहीं । तीनों का सन्निधान न होने से । उत्तमः पुरुषस्त्वन्यः परमात्मेत्युदाहृतः अत्र तु कर्मधारयः ।

पूरणगुणवाचक शब्द, सुहितार्थ–तृप्ति, सत्संज्ञकअव्यय, तव्य, समानधिणरण =समानाधार समानविभक्ति, इन सबके साथ षष्ठीसमास एकार्थ नही होता । समाहार, द्वन्द्वसे तृतीया । इन सबका क्रमशः साधनिका सुनिये । तस्य पूरणे डट् सङ्ख्याकी पूर्ति अर्थमें षण्णां पूरणः, छठवीं सङ्ख्या पूरक अर्थमें डट्–थुक् । सतां षष्ठः सज्जनों में छठां । 'षष्ठी' सूत्रेण समासे प्राप्ते, पूरण अर्थ–षष्ठः, तेन सह पूरणगुण सूत्रेण समासनिषेधे । यदि ऐसा कुम्भस्य पूरणं कुम्भपूरणं यहाँ भी पूरणके साथ निषेध होगा तन्न, सोऽचि लोपे चेत्पादपूरणं पादस्य पूरणं, समास होनेसे पूरणार्थक प्रत्यय ही लिया जाय शब्द नहीं । उञ्छेषु षष्ठः उञ्छात्मकः षष्ठः व्याख्यानसे । उञ्छषष्ठाङ्कित सैकतानि को भी समझें । गुणके साथ निषेध । यहाँ गुण प्रधान हो या उपसर्जन, केवल गुणवाची गुणोपसर्जनद्रव्यवाची च गृह्यते । पारि-भाषिकगुण–सत्वे निविशते—अपैति पृथग्जातिषु दृश्यते । आधेयश्चाक्रियाजश्च सो असत्वप्रकृतिर्गुणः । द्रव्यमें रहे, अलग भी हो, जातिसे भिन्न हों, आधेय हो, क्रिया न हो, द्रव्य भी न हो, ऐसा गुण लिया जाय । अदेङ्गुणः नहीं, अर्थके ग्रहणसे । पूरणगुण और सुहित तीनों के ही अर्थ मान्य, शब्द नहीं । नापि संख्या । क्रोशशत योजनशतयोः में समासके प्रमाणसे । काकस्य कार्ण्यं कृष्णस्य भावः । गुणवचन से भावमें ष्यञ् । कौवेका कालापन (गुणवाचीके साथ) षष्ठीसमासस्य पूरणगुण-सूत्रेण निषेधे, एवं ब्राह्मणस्य शुक्लाः (सफेद गुणके साथ) प्राप्ता षष्ठी न । शङ्का–ब्राह्मणशब्दका दन्तमें अन्वय हैं, शुक्ल में नहीं परस्पर सामर्थ्य नहीं, समास कैसे ? तब बोले यदा=जिस कालमें प्रकरणादिना दन्ताः (सफेद दाँत) ऐसा अर्थ ज्ञान हो

षष्ठी न समस्यते। पूरणे-सतां षष्ठः। गुणे-काकस्य कार्ष्ण्यम्। सुहितार्थास्तृप्त्यर्थाः, फलानां सुहितः। सत्-द्विजस्य कुर्वन् कुर्वाणो वा। ब्राह्मणस्य कृत्वा। पूर्वोत्तरसाहचर्यात् कृदव्ययमेव गृह्यते। तेन तदुपरीत्यादि सिद्धम्। ब्राह्मणस्य कर्त-

---

(तदा इदं) यह उदाहरण बनेगा। शुक्ल ही द्रव्य (दाँत) में समर्पित होगा तब। दन्ताः संयुक्ताः सुभावहाः न तु विरलाः। घने दाँत मांगलिक है बीड़र नहीं। प्रसंगसे दन्त प्रधान होगा। दन्तवस्त्राभूषणेषु उपस्थितेषु ब्राह्मणस्य शुक्लाः अर्थ निकलेगा, सम्बद्ध अर्थ होनेसे प्राप्त समासका निषेध।

पुनः शङ्का अर्थस्य गौरवं अर्थगौरवं, बुद्धेः माद्यं बुद्धिमान्द्यमित्यादि स्थल में समासका निषेध न हो, अतः कहे कि 'अनित्योऽयं' गुणके साथ निषेध अनित्य है। सब जगह नहीं होता, किं प्रमाणं ? तदशिष्यं संज्ञाप्रमाणत्वात् सूत्र के उच्चारणमें संज्ञायाः प्रमाणत्वं संज्ञाप्रमाणत्वं में समासदर्शनसे। प्रमाणत्वगुण हैं उसके साथ समास निषेध नहीं देखा गया, इससे निषेध अनित्य सिद्ध है। आदिपदसे चन्दनगन्धः घटस्य रूपं घटरूपंइ त्यादिमें (तत्स्थैश्च गुणैः समासो वक्तव्यः)इस वार्तिकके प्रभावसे समास हुआ। वस्तुतः अर्थगतं गौरवं मध्यमपदलोपि समासो बोध्यः। सुहितार्थ में है। तृप्तिही साधन कारण फल है। करणकी उपेक्षाकर सम्बन्धमात्रकी इच्छामें षष्ठी सूत्रसे प्राप्त समास का निषेधः। यदि ऐसा तब फलसुहितः (फलसे तृप्ति) में समास कैसे ? तब बोले तृतीयासमास होता ही है। फलेन सुहितः करणे तृतीया। दोनों स्वरोंमें क्या अन्तर, फल भेदके लिए कहा कि स्वपेन निमेषः तृतीया समासमें (तृतीया कर्मणि सूत्रसे) पूर्वपदप्रकृतिस्वर। षष्ठी समासमें (समासस्य) सूत्रसे अन्तोदात्त, फलभेद। शतृका उपयोग द्विजस्य कुर्वन् में शतृ, कुर्वाणः में शानच्। दोनों "तौ सत्" सूत्रसे सत्संज्ञक। प्राप्तषष्ठी समासस्य निषेधे। अत्र शङ्का-द्विजस्य कुर्वन्में कर्मणिषष्ठी नहीं होगी, न लोकाव्ययके निषेधसे। द्विजस्य घटं कुर्वन् कहनेपर शेषषष्ठी होगी। अब द्विजका कुर्वन्के साथ सम्बद्धार्थ नहीं, समास नहीं, समास प्राप्त कैसे ? तब कहे कि (किङ्कर इति) द्विजं परिचरन्। विप्रकी सेवा करता हुआ, इससे कृधातुका सेवा अर्थ भी फलितः। अव्ययके साथ समासनिषेध। ब्राह्मणस्य कृत्वा—प्राप्तस्य षष्ठीसमासस्य सूत्रेण निषेधात् ब्राह्मणसम्बन्धिनी या क्रिया तां कृत्वा। सूत्रमें कृत् शब्दसे अव्यय ही लिया जाय, सभी कृत् नहीं। पूर्वोत्तर=अव्ययके पहले सत्, बादमें तव्य पढ़नेके साहचर्य=सहभावसे। तेन=इस कारण तस्याः ऊपरि तदुपरि की सिद्धि हुई। यदि सभी अव्यय लिये जाते तब उपरिके साथ समास निषेध होता। आदि पदसे यत्कृतेऽरीन् निगृह्णीमः (अदेयाः किं कृते भोगाः कुम्भकर्ण त्वया विना) इति। तव्यके योगमें समासनिषेधका प्रमाण

व्यम् । तक्षकस्य सर्पस्य ॥ **क्तेन च पूजायाम् ।२।२।१२।** मतिबुद्धीति सूत्रेण विहितो यः क्तस्तदन्तेन षष्ठी न समस्यते । राज्ञां मतो बुद्धः पूजितो वा ॥ **अधिकरणवाचिना च ।२।२।१३।** क्तेन षष्ठी न समस्यते । इदमेषामासितं गतं भुक्तं वा ॥ **कर्मणि च ।२।२।१४।** उभयप्राप्तौ कर्मणीति या षष्ठी सा न समस्यते । आश्चर्यो गवां दोहोऽगोपेन ॥ **तृजकाभ्यां कर्तरि ।२।२।१५।** कर्त्रर्थतृजकाभ्यां

ब्राह्मणस्य कर्तव्यं तव्यत्तव्याऽनीयरः कृत्यानां कर्तरि वा षष्ठी । अत्र समासे प्राप्ते सूत्रेणनिषेधे । जहाँ तव्यत्प्रत्यय होगा वहाँ एकस्य कर्तव्यमें समास हुआ । निषेध नहीं । दोनो कर्तव्यमें स्वरका अन्तर । तव्यत् होनेपर कृदुत्तरप्रकृतिस्वर होगा' तव्यमें नहीं । समान्यविभक्तिके साथ समास निषेधका प्रमाण-तक्षकस्य सर्पस्य । समानविभक्ति होनेसे समासका निषेध । षष्ठीसमासके निषेधपर ।

क्तेन— इस सूत्र में पूजाशब्द मतिबुद्धिपूजार्थेभ्यश्च' सूत्रका स्मारक है, उससे विधान किया गया, तदन्त = वह हो अन्तमें उसके साथ षष्ठ्यन्त सुबन्तका समास एगार्थीभाव न हो, सम्बन्धित अर्थ रहे एकपद एकअर्थ, एकशक्ति न हो, राज्ञां मतः राज्ञां बुद्धः, राज्ञां पूजितः राजासे मान्य, जाना गया, पुज्यमान अर्थ मे मतिबुद्धि— सूत्रसे वर्तमाने क्त, क्तस्य च वर्तमाने षष्ठी, तत्प्राप्तस्य समासस्य क्तेन च पूजायां सूत्रेण निषेधः । यदि ऐसा तब राजपूजितः राजमतः राजबुद्धः राजासे अर्चनीय, प्रिय, ज्ञात यहाँ समास कैसे ? समाधान बोले—कि राजपूजित इत्यादिस्थलमें भूतकालिक क्तप्रत्यय है । उसके साथ तृतीयान्त राज्ञा पूजितः का समास ।

अधिकरणवाची क्त प्रत्ययान्तके साथ षष्ठीसमास एकार्थीभाव न हो । यथा इदमेषामासितं, यह इन लोगों का आसन बैठनेका आधार है । एषां शयितं सोनेका आधार, जाने खानेका आधार, "क्तो अधिकरणे च" सूत्रसे ध्रौव्यगति प्रत्यवसान अर्थवाचकशब्दसे आधार अर्थमें क्त, आसितं, अनेन निषेधे ।

कर्मणि—कर्म अर्थ की षष्ठी के साथ एकार्थीभाव न हो । क्तेन नहीं आया । षष्ठी आयी । किन्तु कर्मणि षष्ठी स्वीकृत नहीं । अपां स्रष्टामें समासनिषेध से सिद्ध होता, तब तृजकाभ्यां कर्तरिसे निषेध व्यर्थ होता । उभयप्राप्तौ कर्मणिसे जो षष्ठी, सप्तमीका उच्चारण करके हुई हो, उसके साथ समास एकार्थीभाव न हो । यथा गवां दोहः । गोपाल नहीं है उससे गाय दुहना आश्चर्य है । नियमसूत्र विधिरूपसे या निषेध रूपसे लगते हैं । गवां दोहः, उभयप्राप्तौ कर्मणि सूत्रमें कर्ममें षष्ठी, कर्त्तामें नहीं । षष्ठीसमासः प्राप्तः, तस्य कर्मणि च इति च निषेधः । यदि ऐसा शब्दानुशासनमें समास कैसे ? शब्दानामनुशासनमें कर्तृकर्मणोः की षष्ठी है उभयप्राप्तौकी नहीं, अतः समास । अशिक्षितो दोग्धा दुर्दोहा गावश्च दोग्धव्यास्तदैव निर्वहति, न त्वन्यथा । कर्ताकर्म दोनोंमें षष्ठीप्राप्त । शब्दनामनुशासनं न तु अर्थानाम् । अर्थनिवृत्तिपरक वाक्य है, कर्ताका निवारक नहीं । उभयप्राप्ति भी नहीं, नहि समासनिषेधः । अतः आचार्यस्य शब्दानुशासनं युक्तम् ।

तृच् और अक प्रत्यय कर्ता अर्थमें हुए हों, तब षष्ठीके साथ समास नहीं होता

षष्ठ्या न समासः । अपां स्रष्टा । वज्रस्य भर्ता । ओदनस्य पाचकः ॥ **कर्तरि च** ।२।२।१६। कर्तरि षष्ठ्या अकेन न समासः । भवतः शायिका ॥ **पूर्वापराधरोत्तरमेकदेशिनैकाधिकरणे** ।२।२।१। अवयविना सह पूर्वादयः समस्यन्ते, एकत्वसंख्याविशिष्टश्चेदवयवी । षष्ठीसमासापवादः । पूर्वं कायस्य--पूर्वकायः । अपरकायः

वृत्तिकारने कर्त्तामें षष्ठीका तृच् अकके साथ समासका निषेध समझा, जो अनुचितः । तृच् अकमें ही (कर्ता) विशेषण है । अपां स्रष्टा जलसृष्टिकर्ता । सृज्धातुसे कर्ता, अर्थमें तृच्; उसका कर्म अप, उसमें कर्तृकर्मणोःसे कर्मणि षष्ठी अपां, षष्ठी सूत्रेण समासे प्राप्ते, कर्तरि तृच् इति, दृष्ट्वा तृजकाभ्यामिति निषेधे । एवं बज्रस्य भर्ता बज्रका रक्षक भरण रक्षण कर्ता अर्थमें भृधातुसे तृच् । उसका कर्म (रक्षणफलका आधार) वज्रमें कर्मणि षष्ठी । अत्र षष्ठीसमासे प्राप्ते, अनेन निषेधे । एवं ओदनस्य पाचकः भात (चावल) पकानेवाला, पकाने अर्थमें पचधातुसे कर्तामें अक । पाककर्ता पाकक्रियाका फलाधार ओदनमें कर्मणि षष्ठी । समासे प्राप्ते तृजकाभ्यामिति निषेधः ।

(२) पूर्व—आगे, अपर (पीछे) अधर—नीचे, उत्तर–ऊपरी भाग ये अवयव हैं । एकदेशिना––अवयविना (एक देश शब्द अवयववाची है । पूर्वादि अवयव के साथ समास हो । पूर्वादयः—उनका एकदेशी अवयवीवाचक शब्दोंके साथ समास हो, यदि अवयवी (अंग का अवयव) समुदाय (शरीर) में (एकत्वसंख्याविशिष्ट) एकवचन अन्त में हो, षष्ठी समासको बाधकर । यदि षष्ठी समास होता विभक्ति लुक् होकर प्रथमान्तपदका षष्ठी में निर्देश से कायशब्द का पूर्वनिपात होने लगता । षष्ठीसमास का बाध होने से पूर्व, अपर, अवर, उत्तर शब्द का ही पूर्व निपात होगा । वे ही प्रथमान्तपदबोध्य है । यह एकदेशी समास है । पूर्वंकायस्य पूर्वकायः (शरीर का अग्रभाग) पूर्व अम् काय ङस् अलौकिकविग्रह पूर्वापराधरोत्तरसूत्रसे समास । पूर्वशब्दका अवयव है काम शब्द अवयवी । समासशास्त्रमें प्रथमान्तपदपूर्वशब्दका प्रथमप्रयोग हुआ । एवम् अपरं कायस्य अपरकायः । शरीरका पृष्टभाग (पीठ) अधरकायः (पैर) उत्तरकायः (शिर) । सूत्रमें एकाधिकरण ग्रहण क्यों ? एकत्वसंख्याविशिष्ट अवयी अर्थ क्यों ? इसलिए कि पूर्वश्छात्राणाम् । यहां समास न हो । क्योंकि छात्राणां शब्दमें बहुसंख्याविशिष्ट बहुवचन है । यद्यपि उत्तरपदार्थ प्रधानतत्पुरुषलक्षण, यहां नहीं घटता, तथापि तत्पुरुष के अधिकारमें पढ़ा गया लक्षण घट जायगा ।

कर्तरि=कर्ता अर्थमें, शेष—सम्बन्ध अर्थमें षष्ठीका अक प्रत्ययान्तके साथ

एकदेशिना किम् ? पूर्वं नाभेः कायस्य । एकाधिकरणे किम् ? पूर्वश्छात्राणाम् । अर्धं नपुंसकम् ।२।२।२। समांशवाच्यर्धशब्दो नित्यं क्लीबे स प्राग्वत् । अर्धं पिप्पल्याः-अर्धपिप्पली ॥ (एकविभक्तावषष्ठ्यन्तवचनम्)। इत्युपसर्जनसंज्ञाबाधाद्ध्रस्वो न । क्लीबे किम् ? ग्रामार्धः द्रव्यैक्य एव । अर्धं पिप्पलीनाम् । द्वितीयतृतीय-

---

एकार्थीभाव हो कर्त्तामें षष्ठीके साथ समासका निषेध । तृजकाभ्यासे कर्तरि आया । भवतः शायिका आपकी खटिया गद्दा है । कर्तामें षष्ठीप्राप्त समासका निषेध ।

एकदेशिना किम् एक ही आधारमें हो तभी समास हो ऐसा क्यों ? इसलिये कि पूर्वनाभेः कायस्य । शरीरके नाभिका पूर्वभाग । यहाँ पूर्वका नाभिमें अन्वय है कायमें नहीं । नाभेः यः पूर्वोभागः स कायस्य अवयवः । दिशा सम्बन्धसे पञ्चमी पूर्वभागकी अवधि नाभि है । एकदेशी शरीर नहीं । अतः नाभिके साथ समास नहीं । कायेन तु स्यादेव पूर्वकायः नाभेः, पूर्वशब्दः नित्य सापेक्ष है प्रधान भी ।

(३) अर्ध समांशवाची--समभाग, बराबर अंश, वाचक, आधा अर्थ बोधक, अर्ध शब्द जो नित्यनपुंसकलिंग हैं, उसका सुबन्तके साथ समास हो । यह भी षष्ठी-समासबाधक है पूर्ववत् । पिपल्याः अर्धं लौकिक वाक्य, अर्धं सु, पिप्पली ङस् अलौकिक वाक्य । अर्धं नपुंसकं सूत्र से समास आदिः । प्रथमान्त (अर्ध) पदका पूर्व निपात । पूर्वपदप्रधान अर्थ के अनुपसर्जन होने से (एकविभक्तौ अषष्ठ्यन्तवचनम् । गोस्त्रियोऽ ह्रस्व नहीं हुआ । अर्धपिप्पली (पीपरि का आधा) ।

क्लीबे किं, नपुंसक अर्धके साथ समास हो, ऐसा क्यों कहा ? ग्रामस्य अर्धः ग्रामार्धः, नगरस्य अर्धः नगरार्धः यहाँ अर्धशब्द पुंलिग है । षष्ठीसूत्रसे ही समास हुआ । षष्ठ्यन्तका पूर्वनिपात = द्रव्यैक्य एव—जहाँ द्रव्य आधार एक रहेगा, एकाधिकरण होगा, एकवचनमें अर्धं नपुंसकं समास करेगा, अनेकवचनके साथ समास नहीं होगा । अर्धपिप्पलीनां अनेक पीपरि अनेक द्रव्य हैं । एकपीपरि एक आधार न होनेसे । यदि समास होता, अर्धपिप्पली ऐसा होता, यह सूत्र परवल्लिङ्गके भाष्यमें खण्डित है ।

द्वितीयतृतीय—एतानि = इन सबका एकदेश अंशः अस्ति अस्य एकदेशी समुदायः । समुदायके साथ पहलेकी तरह एकार्थीभाव विकल्पसे हो । द्वितीयं भिक्षायाः विग्रहः भिक्षाका आधा, द्वितीय अम् भिक्षा सु । इति अलौकिकविग्रहे द्वितीयतृतीय= सूत्रेण समासे । प्रथमासे उच्चारणका पूर्वनिपात आदिः । परपदका लिंगस्त्री, द्वितीय-भिक्षा । एकदेशिना किं ? सूत्रमें समुदायके एक आधारके साथ समास क्यों ? द्वितीयं भिक्षायाः भिक्षुकस्य, भिक्षाका दूसरा अंश भिखमंगेकी है । भिक्षामें अवयव षष्ठी । उसके द्वितीय भागसे सम्बन्ध और द्वितीय कर्म बनकर भिक्षुकसे सम्बन्धित कर्ममें षष्ठी नहीं, न लोकाव्ययके निषेधसे । द्वितीयका भिक्षुकके साथ समास नहीं, एकदेशी

चतुर्थतुर्याण्यन्यतरस्याम् ।२।२।३। एतान्येकदेशिना सह प्राग्वद्वा । द्वितीयं भिक्षायाः-द्वितीयभिक्षा । एकदेशिना किम् ? द्वितीयं भिक्षाया भिक्षुकस्य । अन्यतरस्यांग्रहणसामर्थ्यात् पूरणगुणेति निषेधं वाधित्वा पक्षे षष्ठीसमासः । भिक्षाद्वितीयम् । प्राप्तापन्ने च द्वितीयया ।२।२।४। पक्षे-द्वितीयाश्रितेति समासः । प्राप्तो जीवनं प्राप्तजीवनः । जीवनप्राप्तः । आपन्नजीवनः । जीवनापन्नः । इह सूत्रे द्वितीयया अ इति छित्वा अकारोऽपि विधीयते । तेन जीविकां प्राप्ता स्त्री प्राप्तजीविका । आपन्नजीविका ॥ कालाः परिमाणिना ।२।२।५। परिच्छेद्यवाचिना सुबन्तेन सह कालाः

न होनेसे । भिक्षुकका दो खण्ड नहीं होता । अत्र शङ्का—विभाषाके अधिकारसे विकल्प सिद्ध था अन्यतरस्यां क्यों पढ़ा ? इसलिए कि उसके पढ़नेके सामर्थ्यसे पक्षमें षष्ठी समास हो । नहीं तो षष्ठीका बाधक इस सूत्रसे समास, जिस पक्षमें नहीं करेगा, अपवादेन मुक्ते उत्सर्गो न प्रवर्तते ! उत्सर्गषष्ठी सूत्र नहीं लगेगा । यह परिभाषा पारे मध्ये सूत्रके वा०से ज्ञापित है । अत्र शङ्का-पूरणगुणसुहितार्थ—सूत्रके निषेधसे षष्ठी समास कैसे ? अन्यतरस्यां ग्रहणके सामर्थ्यसे । पक्षमें निषेधको बाधकर षष्ठीसमास भी होगा । प्रमाण—भिक्षाद्वितीयं, द्वितीय अम् भिक्षा ङस् समासादिः । षष्ठ्यन्तभिक्षाका पूर्वप्रयोग ।

प्राप्त और आपन्न । ये दोनों द्वितीयान्त समर्थके साथ समस्त-एकार्थीभूत हों । चकार द्वितीयासमासका संग्राहक है । अतः बोले-पक्षे द्वितीयाश्रितातीत-प्राप्तापन्नसे भी समास । यथा प्राप्तो जीविकां (जीवनकी सुविधा मिल गयी हो) लौकिक विग्रह । प्राप्त सु जीविका अम् अलौकिक विग्रह प्राप्तापन्ने—सूत्रेण समासादिः । पक्षमें द्वितीयाश्रितातीतसे समास । द्वितीयान्त जीविकाका पूर्वनिपात (जीविकाप्राप्तः) । वस्तुतः चकार न पढ़ें । द्वितीयाश्रिताती–सूत्रमें प्राप्त आपन्नके साथ समास विधान भी, निरवकाश ही है । निरवकाशो विधिरपवादः । अत्र शङ्का जीविकां प्राप्ता जीविकाम् आपन्ना (प्राप्तकी हुई) स्त्री विग्रहे प्राप्तापन्नेति सूत्रेण समासे आदिः । अकारान्त कैसे ? तब बोले-इह सूत्रे-इस सूत्रमें द्वितीयया-अ ऐसा छित्वा-विभाग करके समासके साथ अकार अन्तादेश भी हो। ऐसे अर्थ लाभ से तेन-प्राप्त आपन्नके आ-स्थाने अकार विधानसे, टाबन्तका भी समास ।

कालाः=पल विपलघटीप्रहरदिनमास ऋतु वर्ष आदि कालवाची शब्दोंका परिमाणिना–परिमीयते परिच्छिद्यते येन तत्परिमाणं तदस्ति अस्मिनिति परिमाणी तेन, तौलने नापनेवाला । वृत्ति में बोले परिच्छेद्यवाची सुबन्तके साथ समास-एकार्थीभाव हो । परिछेतुं योग्यः परिछेद्यः । जिसका समय समझाया जाय। बहुवचनसे सामान्यकाल । यथा मासो जातस्य अस्य (एकमहीना बीत गया) वह चैत्र (मासजातः) । षष्ठीसमास प्राप्त था जात ङस् मास सु, परिछेद्यवाची सुबन्त ङस्का कालविशेष, माससु के साथ समास आदिः ।

समस्यन्ते । मासो जातस्य यस्य स मासजातः ॥ **सप्तमी शौण्डैः ।२।१।४०।** सप्तम्यन्तं शौण्डाभिः प्राग्वत् । अक्षेषु शौण्डः–अक्षशौण्डः । द्वितीया तृतीयेत्यादियोग-विभागादन्यत्रापि द्वितीयादीनां प्रयोगवशात्समासो ज्ञेयः ॥ **दिक्संख्ये संज्ञायाम् ।२।१।५०।** विशेषणं विशेष्येण बहुलमित्येव सिद्धे संज्ञायामेवेति नियमार्थं सूत्रम् । पूर्वेषु कामशमी । सप्तर्षयः । तेनेह न, उत्तरा वृक्षाः । पञ्च ब्राह्मणाः ॥ **तद्धितार्थो**

---

(४) सप्तम्यन्त—पद का शौण्डादि (धूर्त, कितव, व्याड, प्रवीण, अन्तर, पण्डित, कुशल, चपल, (निपुण) आदि के साथ समास हो। यथा—आक्षेषु शौण्डः । अक्ष सुप्, शौण्ड सु, सप्तम्यन्त अक्षसु सुबन्त है शौण्ड सु से सत्य समास । सप्तम्यन्त का पूर्वनिपात आदिः । (अक्षशौण्डः) पाशः, द्यूतक्रीडा में प्रवीण समासार्थ । द्वितीया से लेकर सप्तमीपर्यन्तका समास प्रदर्शित हुआ । परन्तु निर्दिष्ट पदों से अन्यत्र भी समास देखा गया, अतः बोले द्वितीया तृतीया सप्तमी इत्यादि का योग= सूत्र विभाग अलगाव किये जाने से अन्यत्रापि—अन्य स्थलों में भी द्वितीयान्त तृतीयान्त आदि पदों का प्रयोगवशात्—आवश्यकतावशात् समास समझना चाहिए । अर्थात् जो सूत्र का अर्थ है । उसके अतिरिक्त भी द्वितीयान्त-सप्तम्यन्त आदि का समर्थ सुबन्तके साथ समास हो । पतित आदिके बिना भी समास सम्भव है । इति व्यधिकरणतत्पुरुषः समाप्तः ।

अथ समानाधिकरणतत्पुरुषः प्रारभ्यते । ९३५ । दिक्च संख्याच दिक्संख्ये, दिशावाचक, संख्या-सुबन्त शब्दोंके साथ समर्थ सुबन्त का समास हो, यदि किसीकी संज्ञा (नाम) हो तो । पूर्वश्च इषुकामशीमी च (ग्रामविशेषस्य संज्ञा) पूर्वसु इषुकामशमी सु इत्यत्र (दिकसंख्ये) सूत्रसे समासपूर्वेषु कामशमी । पूर्वग्रामः समासे प्रासंज्ञा सुपोधातुप्रातिपादियोः से भीतरी विभक्ति का लुक् गुण । दिशावाची शब्द पूर्व के साथ समास हुआ । अब संख्याशब्द के साथ समास सुनिये । सप्तर्षयः सप्त च ते ऋषयः, वशिष्ठ आदिः । सात ऋषियोंकी संज्ञा । सप्तन्जस् ऋषिजस् समासादिकार्य भीतरी विभक्तिका लुक, नलोप, सप्त + ऋषि अर्गुणे बहुबचन जस् अस् जसि च गुणादिः । यह समामाधिकरण—समानविभक्ति वाला तत्पुरुष है । न च विशेषणं विशेषेण बहुलमिति सूत्रेण समानविभक्तिस्थले समास सिध्यतिः, दिक्संख्ये सूत्रं किमर्थं, नियम करता है कि दिशावाचक संख्यावाचक विशेषणके साथ समास हो तो संज्ञा में ही हो । इसी नियम के लिए सूत्र है । इसका फल (तेनेह न) उत्तरा वृक्षाः, पञ्चब्राह्मणाः, यहाँ दिक्संख्या पूर्वपद है, परन्तु संज्ञा अर्थ न होने से समास नहीं हुआ ।

(६) तद्धितार्थे—तद्धित प्रत्ययके अर्थके विषय में उत्तरपद परे हो और समा-हार (समुदाय) मिलावट अर्थवाच्य (बोध्य) हो तब दिशा, संख्यावाचक सुबन्त

त्तरपदसमाहारे च ।२।१।५१। तद्धितार्थे विषये उत्तरपदे च परतः समाहारे च वाच्ये दिक्संख्ये प्राग्वत् । पूर्वस्यां शालायां भवः–पौर्वशालः इति समासे कृते । **(सर्वनाम्नो वृत्तिमात्रे पुंवद्भावः)॥ दिक्पूर्वपदादसंज्ञायां ञः ।४।२।२०७।** अस्माद्भवाद्यर्थे ञः स्यादसंज्ञायाम् ॥ **तद्धितेष्वचामादेः ।७।२:११७।** ञिति णिति च तद्धिते अचामादेरची वृद्धिः स्यात् । 'यस्येति च' । पौर्वशालः । पूर्वा शाला प्रिया यस्येति त्रिपदे बहुब्रीहौ कृते प्रियाशब्दे उत्तरपदे पूर्व—यास्तत्पुरुषः । तेन शालाशब्दे

का समर्थ सुबन्त के साथ साथ समास (एकार्थीभाव) हो । तद्धितार्थश्च उत्तरपदञ्च समाहारश्च एतेषां समाहारः तस्मिन् तद्धितार्थोत्तरदससमाहारे (एक सप्तमी तीनों के साथ विषयभेद से अन्वित है) यथा एकापि षष्ठी विषयभेदाद् भिद्यते । विषयसप्तमी (तद्धितार्थविषये) परसप्तमी (उत्तरपदपरे) वाच्यसप्तमी (समाहार के साथ) दिशावाची संख्यावाची का समर्थसुबन्त के साथ समास हो । क्रमशः उदाहरण––पौर्वशालः पूर्णस्यां शालायां भवः (पूर्वदिशा के घरमें होने वाला) दिशावाची से तत्र भवः (होने वाला) अर्थ में अण्––अ । पूर्वाङि शाला ङि अ इति अलौकिक विग्रह । तद्धितार्थोत्तर पद सूत्रसे, प्रा० संज्ञा सुपोधातुपादिपदिकयोः से सुप् लुक्, तद्धितका विषय होने पर ही समास हुआ । पूर्वा शाला अ, स्थिति मे (वा०) सर्वनामको वृत्तिमात्र=एकार्थीभावरूपवृत्ति (कृतद्धितसमाससनाद्यन्त, एकशेष) में पुंवद्भाव हो । प्रसंगमें समासवृत्ति है । सर्वनाम 'पूर्वं' को पुंवद्भाव होनेसे स्त्रीलिङ्गबोधकप्रत्यय टाप् हट गया । पुलिङ्गे यादृशं कार्यं तादृशं सम्भूयते पूर्वशाला स्थिति में । ७ । दिशावाचक शब्द जिसके पूर्व हो अस्मात्—उससे भवार्थ=होने वाला अर्थमें 'ञ्' प्रत्यय हो । असंज्ञायां संज्ञा अर्थ न हो तो । ञ इत् (अ) शेष ।

(८(तद्धि-ञित् णित् तद्धितप्रत्यय परे अचोंमें आदि अच्को वृद्धि हो । आदिवृद्धि । यस्येति च आलोप स्वादिकार्य, पौर्वशालः (पूर्वदिशाके घर में पैदा हुआ) ।

पूर्वा शाला प्रिया यस्य पूर्वदिशाका सदन प्रिय हो जिसे, वह व्यक्ति पूर्वशालाप्रियः । बहुब्रीहि समास करनेके बाद प्रियाशब्द परे रहते पूर्वाशालाका पूर्वयोः तत्पुरुषसमासे, तद्धितार्थोत्तरपदसूत्रेण । अत्र शङ्का–बहुब्रीहिसमास करने पर सुप्का लुक् हुआ । तब कहा कि अवान्तर=बहुब्रीहिसमासके भीतर तत्पुरुषसमापका अन्तोदात्त होना ('ला' का आ उदात्त) फल, यदि भीतरी तत्पुरुष न होता पूर्वपदप्रकृतिस्वरसे आदि उदात्त हो जाता । तद्धित और उत्तारपदका दिशाके साथ समाहारका उदाहरण क्यों नहीं दिये – तब बोले दिक्षु–दिशाके साथ समाहार समुदाय समासांर्थ होता ही नहीं, अनभिधानात्=ऐसे समासकी शास्त्रमें व्यवस्था नहीं । संख्याके साथ तद्धित विषयमें समासका प्रमाण छः माताओंका अपत्य-सन्तान (षाण्मातुरः)

आकार उदात्तः । पूर्वशालाप्रियः । दिक्षु समाहारो नास्त्यनभिधानात् ॥ (संख्या-यास्तद्धितार्थे) । षण्णां मातृणामपत्यं षाण्मातुरः । 'मातुरुत्संख्यासंभद्रपूर्वायाः, इति वक्ष्यमाणोऽण् । पञ्च गावो धनं यस्येति त्रिपदे बहुव्रीहौ अवान्तरतत्पुरुषस्य विकल्पे प्राप्ते ॥ (द्वन्द्वतत्पुरुषयोरुत्तरपदे नित्यसमासवचनम्) ॥ गोरत-द्धितलुकि ।५।४।९२। गोऽन्तात्तत्पुरुषाट्टच् स्यात्समासान्तो न तु तद्धितलुकि ।

कार्तिकेयः विग्रहे तद्धितार्थोत्तरपद-समासे कृते मातुरुत्संख्यासम्भद्रपूर्वायाः अण् । ऋ स्थाने उत् रपर च आदिवृद्धिः ।

सङ्ख्या पूर्वः अवयवो यस्य, सङ्ख्या पहले हो और तद्धितार्थोत्तरपदसमाहारे च सूत्रमें कहा हुआ तीन अंश तद्धितार्थ, उत्तरपद, समाहार ये तीनों समासके पूर्व में संख्या हो, तब समुदायको द्विगुसंज्ञा हो जाय । जैसे—पञ्चगवं में समाहार मानकर समास हुआ, संख्या भी पूर्वमें है द्विगुसंज्ञा हो गयी उसका फल—द्विगु अर्थ यदि समाहार हो तब, एकवचन हो जाय ।

विशेषणं-विशेष्यते अनेन, विशेषता बतलायी जाय जिससे, वह विशेषण (नीला कमल) नील गुणसे कमलकी विशेषता बतलायी गयी । वह श्वेत पीत कमलसे नील कमल जो अलग करती है । इतरस्माद् व्यावर्तकं=अन्यसे अलग करनेवाला व्यावर्त्य= जिसको अन्यसे अलग किया जाय, कमलको श्वेतपीतसे अलग किया गया वही विशेष्य विशेषितुं योग्यं विशेष्यम् भेदकं (भिनत्ति पृथक्करोति) भेत्तुं योग्यं भेद्यं का समान आधार, विभक्तिका भेद्य=विशेष्यके साथ तत्पुरुष उत्तरपदार्थप्रधान समास हो । विशेष्य या विशेषणमें एकको पढ़नेकी आकांक्षासे दूसरेका लाभ होता ही, दोनों का पढ़ना स्पष्टज्ञानके लिए । यथा–नीलोत्पलं नीलाकमल, नीलशब्द लालपीले कमलको अलग करता है । विशेषणसमर्पक उत्पल=विशेष्य । नील सु उत्पल सु । सूत्रेण समासादिः । विशेषण प्रथम समास में उच्चारित है उसको उपसर्जनसंज्ञा, पूर्व-प्रयोग । यद्यपि कमल भी नीलवस्त्र को अलग करता है वह भी विशेषण क्यों न माना जाय, जातिशब्द गुणक्रियाके सम्बन्धमें प्रधान ही रहते हैं, विशेषण नहीं होते नीलो-त्पलं, पाचकब्राह्मणः यहाँ उत्पल और ब्राह्मण प्रधान ही रहेंगे । लेकिन दोनों शब्द-गुण हों, तब नियम नहीं । खञ्जः कुब्जः (लँगड़ा कुबड़ा) कुब्जखञ्जः दोनों होगा । यही दशा दो क्रियाओंकी पाचकः पाठकः । पकानेवाला पाठकपाचकः पढ़ता भी पकाता भी है । और एकगुण हो दूसरा क्रिया, तब भी नियम नहीं । खञ्जपाचकः पाचकखञ्जः कहें । संज्ञाशब्द भी विशेषण ही रहते हैं । यथा कैलाशाद्रिः कन्दराद्रिः पहाड़, तर्कविद्या, भोजराजः अयोध्या-नगरी । सामान्यजाति है । शिंशपा पलाश विशेषजाति । यद्यपि 'वा' पढ़नेसे विकल्प सिद्ध था तथापि बहुलं पढ़नेका प्रयोजन क्वचिन्नित्यं कहीं नित्यसमास हो । जैसे कृष्णचासौ सर्पश्च कृष्णसर्पः काला साँप । क्वचिन्न, कहीं समास न हो, रामो जामदग्न्यः में ।

पञ्चगवधनः । **संख्यापूर्वो द्विगुः ।२।१।५२।** तद्धितार्थेत्यत्रोक्तः संख्यापूर्वो द्विगुः ॥ **द्विगुरेकवचनम् ।२।४।१।** द्विग्वर्थः समाहार एकवत्स्यात् ॥ **स नपुंसकम् ।२।४।१७।** समाहारे द्विगुर्द्वन्द्वश्च नपुंसकं स्यात् । पञ्चानां गवां समाहारः-पञ्चगवम् ॥ **विशेषणं विशेष्येण बहुलम् ।२।१।५७।** भेदकं भेद्येन समानाधिकरणेन बहुलं प्राग्वत् । नीलमुत्पलं-नीलोत्पलम् । बहुलग्रहणात्क्वचिन्नित्यम्-कृष्णसर्पः ।

पञ्चगवधनः पञ्च गावो धनं यस्य पांच गाय ही धनसम्पति हैं जिसके, (पञ्चन् जस् गोजस् धन सु) इति अलौकिकशरीर प्रथम (अनेकमन्यपदार्थे) इति त्रिपदबहुव्रीहिसमासे । उसके अन्तर्गत (अन्तर्वति) पञ्चन् गो इस अंशको उत्तरपदपरे (तद्धितार्थोत्तरपदसमाहारे च) सूत्रसे समास, परन्तु अयं समासोऽनित्यः (वा०) द्वन्द्व और तत्पुरुष का नित्य समास हो उत्तरपद परे रहते । समास होनेसे सुप् लुक् । अन्तर्वति समासके पूर्वविभक्तिनिमित्तक पद मानकर नकारलोप । पञ्चगोधन इत्यवस्थायां । (९) गोशब्दान्त--तत्पुरुष से टच् (अ) हो वह समासान्त मान्य हो, अतद्धितलुकि = तद्धितप्रत्ययका लुक् न हुआ हो । प्रसङ्ग में गोशब्दान्ततत्पुरुष पञ्च है । अतः सकारान्त टच् (अ) आदेशे । पञ्चगवधनः । पूरे तीनों पदोंमें एकार्थीभाव एकपद एकशक्ति है । स्वादिकार्ये ।

त्तरपदो द्विगुः स्त्रियामिष्टः) पञ्चमूली ॥ (आवन्तो वा) । पञ्चखट्वम्, पञ्चखट्वा ॥ (पात्राद्यन्तस्य न) । पञ्चपात्रम् । त्रिभुवनम् । चतुर्युगम् । **छाया बाहुल्ये ।२।४।२२।** छायान्तस्तत्पुरुषो नपुंसकं स्यात् पूर्वपदार्थबाहुल्ये । इक्षूणां छाया, इक्षुच्छायम् । **सभाराजाऽमनुष्यपूर्वा ।२।४।२३।** राजपर्यायपूर्वाऽमनुष्यपूर्वश्च समान्तस्तत्पुरुषो नपुंसकं स्यात् । इनसभम् । ईश्वरसभम् । अमनुष्यशब्दो रूढ्या रक्षःपिशाचादीनाह । रक्षःसभम् । पिशाचसभम् । **विभाषा सेनासुराच्छायाशालानिशानाम् ।२।४।२५।** एतदन्तस्तत्पुरुषः क्लीबं वा । ब्राह्मणसेनम् ।

स (समाहार द्विगु और द्वन्द्व) नपुंसक हो । तत्पद से द्विगु और द्वन्द्व समाहार इष्ट है, परपदके लिङ् को बाँधकर पञ्चानां गवां समाहारः पञ्चगवं द्विगुसमासे स नपुंसकलिंगे, परलिंग पु० को बाधकर । (अकारान्तम् उत्तर पदं यस्य), अकार अन्तमें ऐसा उत्तरपदवाला द्विगुसमास स्त्रीलिंगमें इष्ट है, नपुंसकको बाधकर । पञ्चानां मूलानां समाहारः द्विगुसमास, स नपुंसक को बाधकर वार्तिक से स्त्री० । द्विगो से ङीप् । पञ्चमूली । पञ्चानां पूलानां समाहारः । पञ्चमूली, पञ्चमिष्टा, आबन्त = आकारान्त ही विकल्प से स्त्री । पञ्चानां खट्वानां समाहारः, द्विगुसमास नपुंसक ह्रस्व, पञ्चखट्वं, यदा स्त्री तदा पञ्चखट्वी । पञ्चानां पात्राणां समाहारः पञ्चपात्रम् । त्रयाणां भुवनानां समाहारः चतुर्णां समाहारः । इनके समाहार द्विगुके पश्चात् अकारान्त उत्तरपद मानकर स्त्री० प्राप्त था, उसका पात्राद्यन्तस्य न से निषेध । किन्तु स नपुंसके ।

छाया अन्तमें हो, ऐसा तत्पुरुष नपुंसक हो । यदि पूर्वपदका अर्थ बहुल ढेर अधिक हो । बाहुल्य क्यों ? कहा कुडचस्य छाया दीवालकी परछाई अधिक नहीं है नपुंसक न हो । ईखकी धनी छाया इच्क्षुच्छाया षष्ठी तत्पुरुषमें बहुत ईखकी अधिकतासे छायाबाहुल्ये इति नपुंसकम् ।

सभा—राजा च अमनुष्यश्च तौ पूर्वौ यस्याः सा । राजा और मनुष्येत्तर पूर्वमे हो, सभा अन्तमें हो ऐसा तत्पुरुष नपुंसक हो । राजशब्द नहीं पर्याय इष्ट है । अतः वार्तिक पढे । पर्यायका ही ग्रहण इष्ट है । यथा (इनसभम्) इनस्य राज्ञः सभा (राजदरबार) इन-का सभाके साथ समास, सूत्रसे नपुंसक । ईश्वरस्य सभा ईश्वरसभं, ब्रह्मलोकः । अमनुष्यपूर्वक सभाका विधान है, देवसभा अमनुष्यकी है । नपुंसक का निवारण कैसे ? तब बोले—रूढ़ि शक्तिसे, अमनुष्यशब्द राक्षसपिशाच देवता दैत्य असुर आदि को भी कहेगा । अतः रक्षसां सभा (रक्षःसभं) पिशाचानां सभा नपुंसक हुए । अशाला—सभाशब्द शाला और समुदाय अर्थमें है । किन्तु संघात अर्थमें सभा अन्त हो, ऐसा तत्पुरुष नपुंसक हो, शालाको छोड़कर । यथा स्त्रीणां

ब्राह्मणसेना, इत्यादि । अशाला च ।२।४।२४। संघातार्था या सभा तदन्तस्तत्पुरुषः क्लीबं स्यात् । स्त्रीसभम्, स्त्रीसंघात इत्यर्थः । अशाला किम् । **अर्धर्चाः पुंसि च** ।२।४।३१। अर्धर्चादयः पुंसि क्लीबे च स्युः । अर्धर्चः, अर्धर्चम् । एवं ध्वजतीर्थ-शरीरमण्डपीयूषदेहाङ्कुशकलशसूत्रपात्रादयः सामान्ये नपुंसकम् । मृदु पचति । प्रातः कमनीयम् ॥ इति तत्पुरुषसमासप्रकरणम् ।

सभा स्त्रीसभं, समूह अर्थमें सभा अन्तमें है । नपुंसक हुआ स्त्रीसंघात समुदाय अर्थ । अशाला क्यों ? धर्मसभा या धर्मशालामें नपुंसक न हो, सूत्रमें षष्ठी प्रथमा अर्थे । तत्पुरुष आया, तदन्तविधि । एतदन्त-सेना सुरा छाया शाला निशा ये अन्तमें हो ऐसा तत्पुरुष नपु० हो, विकल्प से । एक-एकको । ब्राह्मणानां सेना देशरक्षक लिंग, सत्ता इति प्रादिसमासः ३ । अर्धर्च आदि शब्द पुलिंग नपुंसक दोनों ही । ऋचाम् अर्धचः । मन्त्रका आधा । (ऋच् आम् अर्ध सु) अर्ध नपुंसकसे समास ऋक्पूरब्धूः से समासान्त [अ] प्रत्यये अर्धर्च इति । यहाँ ऋच्-स्त्रीलिंग परलिंग मानकर प्राप्त है । [अर्धर्चाः पुंसि च] पुंलिंगे, विभक्ति कार्य, अर्धर्चः, पक्षे नपुंसक अर्धर्चम् । इसी प्रकार अर्ध शब्द का, ध्वज, तीर्थ, मण्डप, शरीर, यूप, देह, अंकुश, पात्र, सूत्र इत्यादि के साथ समास आदि । यहाँ सामान्य में नपुंसक है । जहाँ लिंगविशेष का स्पष्ट ज्ञान न हो वह सामान्य नपुंसक है । अथवा लिंगविशेष की अविवक्षा में नपुंसक हो । यथा—मृदुपचति । हल्की आंचसे पकाता है । प्रातः कमनीयम् सबेरा रमणीय है । यहां सामान्य में नपुंसक ।

इति प्रभाकरमिश्रकृतायां प्रभाकरीटीकायां तत्पुरुषः सम्पूर्णः ।

अथ अन्यपदार्थप्रधानोबहुव्रीहिः—अथ=तत्पुरुषसमास उत्तरपदार्थ प्रधान साधनिका समाप्तिके पश्चात् बहुव्रीहिः (अधिकधान्य) शुद्धकाव्य–अनेक विशेषण-व्रीहिः सम्पत्तिः यस्य स । अनेक विशेषण हो विशेष्य [प्रधान] की सम्पत्ति है । बहवः अनेकानि व्रीहयः (लक्षणासे) विशेषणानि यस्य स बहुव्रीहिः । अन्य पदार्थ-प्रधान समास को बहुव्रीहि संज्ञा हो । किस विभक्तिके साथ हो, तब बोले । ४ । शेषः प्रथमान्तः उक्तादन्यः । द्वितीयाश्रितातीत सूत्र से लेकर सप्तमी पर्यन्त समास-विधायक सूत्र बोले गये । किन्तु प्रथमान्त का प्रथमान्तके साथ समास विधायकसूत्र तत्पुरुष में नहीं है । अतः प्रथमान्तों का समास शेष है उसी को बहुव्रीहिसंज्ञाका अधिकारः—इस सूत्रका अधिकार द्वन्द्वात्—चार्थे द्वन्द्वः के प्राक् पहले तक है ।

। ९६५ । **अनेकम्** (अनेक शब्दमें लिंग स्पष्ठ न होने से नपुंसक दिया) सामान्ये नपुंसकम् । अनेक प्रथमान्त शब्द अन्यस्य पदस्य उच्चारितपदसे अन्य किसी पद के अर्थमें वर्तमान हों वहाँ विकल्प से बहुव्रीहि समास हो । अन्य प्रधानपदार्थ होने से प्रथमान्तार्थका महत्व नहीं रहता । यथा पीतम् अम्बरं यस्य (पीला है

अथ बहुव्रीहिसमासप्रकरणम्

शेषो बहुव्रीहिः ।२।२।२३। अधिकारोऽयं प्राग्द्वन्द्वात् ।। अनेकमन्यपदार्थे ।२।२।५४। अनेक प्रथमान्तमन्यपदार्थे वर्तमानं वा समस्यते स बहुव्रीहिः । सप्तमी-विशेषणे बहुव्रीहौ ।२।२।३५। सप्तम्यन्तं विशेषणं च बहुव्रीहौ पूर्वं स्यात् ।। हलदन्तात्सप्तम्याः संज्ञायम् ।६।३।९। हलन्तादन्ताच्च सप्तम्या अलुक् ।

वस्त्र जिसका) स पीताम्बरो विष्णुः अनेक प्रथमान्त पीतं और अम्बरं है। अन्य अर्थ विष्णु हैं। पीताम्बर से विष्णु का बोध है, न पीत का न अम्बर का (६) सप्त-म्यन्त विशेषण हो उसका बहुव्रीहिसमास में प्रथम प्रयोग हो। प्रथमानिर्दिष्ट समास उपसर्जनं—समास विधायक सूत्रमें जो प्रथमा से जुड़कर उच्चारित हो उसकी उप-सर्जनसंज्ञा पूर्वप्रयोग कहा गया परन्तु बहुव्रीहिसमास में अनेक प्रथमान्त उच्चारित है किसकी उपसर्जनसंज्ञा, पूर्वप्रयोग हो। सूत्र निर्णय देता है कि जो सप्तम्यन्त हो, विशेषण हो, उसीका पूर्वप्रयोग हो। विशेषण का पूर्वप्रयोग ठीक भी है। किन्तु सप्तम्यन्तका विशेण बहुव्रीहिमें आश्चर्य है। क्योंकि अनेक प्रथमान्त अन्य पदार्थ में वर्तमान विशेषण हो यह सत्य है। सप्तम्यन्त की बहुव्रीहि में चर्चा भी नहीं। समास कैसे ? अतएव सप्तम्यन्त विशेषणका व्यर्थ होकर ज्ञापन सिद्ध है कि व्यधि-करण = भिन्नविभक्तिवाले पदोंका भी समास सत्य है। प्रथमान्तोंका ही बहुव्रीहि होगा तब सप्तम्यन्त व्यर्थ हो जायगा। पूर्वविधान करना भी व्यर्थ होकर नियम बनाता है : व्यधिकरणबहुव्रीहि का विषमविभक्तिवालों के साथ समास हो। और अनेकप्रथमान्तों का द्वितीयासे सप्तम्यंतपर्यन्त विभक्ति के साथ बहुव्रीहि हो। कर्ताकर्मकरणादि का सुबन्तेन सह समास हो। 'कण्ठेकालो यस्य' स। गले में कालालक्षण, मृत्युकारकतीक्ष्ण विष हो जिसके नीलकण्ठ महादेव। कण्ठे कालसु अलौकिक विग्रह (सप्तमीविशेषणे बहुव्रीहौ) सूत्र प्रमाण (ज्ञापन) से व्यधिकरण= भिन्न-भिन्न विभक्तिक पदों का समास एकार्थीभाव सप्तम्यन्तस्य 'कण्ठे' का पूर्व-प्रयोग प्रा०, संज्ञा भीतरीविभक्ति का लोप प्राप्त।

७। हलदन्तात्—हलन्त या अदन्त से पर सप्तमीका लुक्न हो। इससे ए का अलुक्। अदन्त प्रातिपादिकं है। प्रथमा एकवचन कण्ठेकालः। नीलकण्ठनामकः पक्षी। एवं पद्मनाभः पद्मं कमलं नाभौ यस्य स विष्णुः (नाभि में कमल हो जिसके) शरेभ्यो जन्म यस्य स=शरजन्मा। कार्तिकेयः। ये व्यधिकरण-विषमविभक्ति के उदाहरण है। हलन्त का दृष्टान्त—शरसि जातं शरसिजम्। सप्तमीका अलुक्।

प्राप्तोदको ग्रामः प्राप्तं (पहुँच गया है) उदकं जल यं=जिस गाँव तक, वह अनेक प्रथमान्त, प्राप्त सु, उदकसु। अन्य पदार्थ द्वितीयाविभक्ति (यं) का अर्थ 'ग्राम'। कर्तृवाचक सुबन्त (अनेक प्रथमान्त) के साथ बहुव्रीहिसमास होने से

कण्ठेकालः । अत एव ज्ञापकाद् व्यधिकरणपदो बहुव्रीहिः । प्राप्तमुदकं यं स प्राप्तोदको ग्रामः । ऊढरथोऽनड्वान् । उपहृतपशू रुद्रः । उद्धृतौदना स्थाली । पीताम्बरो हरिः । बीरपुरुषको ग्रामः ॥ (प्रादिभ्यो धातुजस्य वाच्यो वा चोत्तरपदलोपः) । प्रपतितपर्णः । (नञोऽस्त्यर्थानां वाच्यो वा चोत्तरपदलोपः) ।

कृत्तद्धित समासाश्च सूत्रसे प्रातिपदिकसंज्ञा भीतरीविभक्ति का लुक् । कर्म अर्थमें समास होनेसे कर्मणि द्वितीया प्राप्त, किन्तु उक्त (समास) प्रथमा । विशेष्य (प्रधान) अन्यपदार्थ के अनुकूल लिंगवचन होते हैं । ऊढः खींचा गया रथः बैलगाड़ी येन (जिससे वह) ऊढरथः अनड्वान् (बैल) करण अर्थमें बहुव्रीहि समास उसका सूचक येनपद है, अनेक प्रथमान्त उढसु रथसु का (अन्यपदार्थ) तृतीयाविभक्ति का अर्थ (गाड़ी खींचने का साधन विद्यमान) समास, अन्यपदार्थ तृतीयार्थं का साधन पुत्र है । करण अर्थ में बहुव्रीहिः कर्मं अर्थ में बहुब्रीहिः आदि हो । किन्तु कर्मकरण आदि का समास अभिधान उक्त होनेसे उक्ते प्रथमैव न द्वितीयादिः । यहाँ समासके उक्त होने से समासपद में प्रथमा होगी । प्रत्येक समास में प्रथमा विभक्ति हुई है । उपहृतः (समीप में लाया गया) पशुः यस्मै (जिसके लिए) उपहृतपशुः रुद्रः । उन्हीं के लिए पशु लाया गया । अनेक प्रथमान्त (उपहृतसु पशुसु) का अन्यपदार्थ (चतुर्थीका अर्थ रुद्र) आदि अर्थ में विद्यमान का समासादि, यस्मै चतुर्थी के उक्त होनेसे प्रथमा । उद्धृतं निष्कासितं (निकाला गया) ओदनं, (भात) यस्याः (जिस बर्तन से स्थाली, पात्र) उद्धृतसु, ओदनसु । अन्यपदार्थ पञ्चमी का अर्थ भात काढ़नेका अवधिभूत, ध्रुव पात्र है । उद्धृतौदना स्थाली । अनेकमन्यपदार्थे समासादिः । पीतम् अम्बरं (यस्य पीले वस्त्र हैं जिसके), यस्य शब्द षष्ठीसमासार्थ का सूचक पीताम्बरो विष्णुः (पीत सु, अम्बर सु) अन्यपदार्थ षष्ठी का अर्थ विष्णुः है । उक्ते प्रथमा । वीराः पुरुषा यस्मिन् ग्रामे (पहलवान् पुरुष जिस गांव में हों) बीरसु पुरुषसु अन्यपदार्थ में समासादिकार्य अधिकरणकारक (ग्रामे) अत्र सप्तमीप्राप्तः किन्तु उक्ते अधिकरणे प्रथमा । शेषाद्विभाषा स्वार्थे कप् बीरपुरुषको देशः (वा०) ।

प्रादिभ्यः=प्रपरा इत्यादि से परे धातुज वाक्यमें (धातु से) पैदा हुआ शब्द (पतित) आदि । तदन्त=वह (धातुजशब्द) हो अन्त में उसका दूसरे पद के साथ समास हो, और पूर्वपद के उत्तर पदका लोप हो । प्रकर्षेण अल्पकालेन (बेगेन) पतितानि भूमौ सम्पृक्तानि प्रपतितानि तादृशानि पर्णानि यस्य [यस्मात्] स । ऊपर से गिरे हुए, पत्तों के समान पत्ते हैं जिसके प्रपतित जस् पर्ण जस् । यहाँ वार्तिक समासादिकार्यं पूर्वपद प्रपतितके अन्तर्गत पत धातुज पतितशब्द का विकल्पसे लोप, स्वादिः (प्रपर्णः) लोपके अभाव में प्रपतितपर्णः पतझड़ के [बसंत]

अविद्यमानः पुत्रोऽपुत्रः। स्त्रियाः पुंवद्भाषितपुंस्कादनूङ् समानाधिकरणे स्त्रिया-मपूरणीप्रियादिषु।६।३।३४। उक्तपुंस्कात्पर ऊङभावो यत्र तथाभूतस्य स्त्रीवाचक-शब्दस्य पुंवाचकशब्दस्येव रूपं स्यात् समानाधिकरणे स्त्रीलिङ्गे उत्तरपदे, नतुपूरण्यां

वृक्षा। (वा०) नञ् से परे जो अस्त्यर्थ उपस्थित, अर्थवाचक पद [विद्यमान आदि] वह हो, अन्त में जिसके, अविद्यमान आदिके उसका अन्यपदके साथ समास हो। और पूर्वपदके अन्तर्गत, अस्ति अर्थवाचकशब्दका लोपविकल्प हो। न विद्य-मानो अविद्यमानः [जो वर्तमान न हो] तादृशः पुत्रो यस्य स। ऐसा पुत्र हो जिसके। नञ्से परे अस्ति अर्थका वाचक विद्यमान तदन्तपद अविद्यमान का पुत्रके साथ अन्यपदार्थ बोधकसमास हुआ। पूर्वपद के विद्यमानपद का लोप स्वादिः अपुत्रः। पक्षे अविद्यमानपुत्रः। रूपद्वयं। यद्यपि अनेकमन्य पदार्थ से भी समास सिद्ध है। तथापि उत्तरपदलोपविकल्प के लिए वार्तिकम्। समुदाय, सेनान्त तत्पुरुष है सूत्रसे नपु०। (ब्राह्मणसेनं) पक्षे न। प्रकृष्टं पतितं प्रपतितं तेजीसे गिरा हुआ। गतादि अर्थ प्रादिका समास। प्रपतितं पर्णं यस्मात् (गिरगयीं पत्ती जिससे) प्रपर्णः वृक्षः प्रपतितं सु पर्णं सु, समासादिः। प्रादिभ्यः वार्तिकसे पूर्वपद के धातुज उत्तर भाग 'पतित' का लोप। नञो–नञ् से परे अस्ति अस्यवाची सुबन्तोंका बहुव्रीहि (अन्यार्थ) एकार्थीभाव हो, अस्ति अर्थवाले उत्तरपद (विद्यमान) का लोप हो, यथा न विद्यमानः (नास्ति) नञ्समासे, नलोप अविद्य-मानः पुत्रो यस्य सोऽपुत्रः (सन्तानहीनः) अस्तिअर्थ में विद्यमान शब्द है। अविद्यमान सु पुत्रसु वार्तिकन समासादिः उत्तरपद विद्यमान का लोप। पुंवद्भाव का निषेध और अप्प्रत्यय, दोनों पूरणी अर्थ की प्रधानता में ही हो, अतः दोनों सूत्रों में (प्रधान पूरणी ग्रहणं कर्तव्यम्)। कल्याणीपञ्चमा- रात्रयः प्रयोग में पञ्चमी शब्द पाँचवीं रात अर्थ में है। पञ्चमी शब्द समासमें घुसा है। किन्तु उसका वाच्य अर्थ रात्रि अन्यपदार्थ ही मुख्य है प्रधानाप्रधानयोः प्रधाने कार्यसम्प्रत्ययः।

। ८। **स्त्रियाः** =स्त्रीलिंगके स्थानमें पुंवद पुल्लिग, हो परन्तु भाषित पुंसकात् भाषितः ज्ञानविषयीभूतः पुंस्कः पुमान् पुंस्त्वं यस्मिन् उस स्त्रीलिंगकपदमें पुल्लिगभी भाषित प्रतीत दोनों लिंगो में हो, अथवा भाषितः पुमान् यस्मिन्नर्थे स भाषितपुंस्कः तस्मात् अनूङ्, ऊङ् प्रत्यान्त न हो। उङोअभावो यस्याः इति बहुव्रीहिः। भाषित-पुंस्कमें पञ्चमीका श्रवण, (षष्ठीका श्रवण न होता) इसका कारण निपातनात्= निपातन (सूत्रमें स्वीकृति) से पञ्चमी का लुक् नहीं हुआ, और षष्ठी का लुक् हो गया। भाषितपुस्क का अर्थ देते हैं कि तुल्ये समाने प्रवृत्तिमें निमित्त कारण, विशेषण, पुंलिंग, स्त्रीलिंग दोनों दशा में एकजाति को तुल्य प्रवृत्तिनिमित्त कहते हैं। जो भाषितपुंस्क हो। ऊङ प्रत्यय का अभाव हो ऐसे स्त्रीवाचक शब्दका पुंल्लिग की तरह रूप हो। समानाधिकरण=समानविभक्तिवाला स्त्रीलिंग उत्तर

प्रियादौ च परतः। गोस्त्रियोरिति ह्रस्वः। चित्रगुः। रूपवद्भार्यः। अनूङ् किं? वामोरूभार्यः। पूरण्यां-तु। अप्पूरणी माण्योः ।५।४।११६। पूरणार्थप्रत्ययान्तं यत्स्त्रीलिङ्गं तदन्तात्प्रमाण्यन्ताच्च बहुव्रीहेरप् स्यात्। कल्याणी पञ्चमी यासां रात्रीणां ताः-कल्याणीपञ्चमा रात्रयः। स्त्री प्रमाणी यस्य स-स्त्रीप्रमाणः पुंवद्भाव-प्रतिषेधोऽप्प्रत्ययश्च प्रधानपूरण्यामेव। रात्रिः पूरणीवाच्या। अन्यत्र तु नद्यृतश्च

पद ही पूरणी संख्या और प्रिया आदिशब्दपरे न हो तो। पूरणी संख्याबोधक प्रत्यय तद्धित में है। चित्रगुः चित्रा विचित्रा, विविधरङ्गवती गौः यस्य। चित्रासुगोसु अलौकिक दशामें। अनेक प्रथमान्तानां समासः इति (षष्ठीविभक्त्यर्थे) अनेक मन्यपदार्थे सूत्रसे समास, एक अर्थ एकपदशक्ति सुलोप सम्बन्धिकार्य, 'चित्रागो' दशामे स्त्रियाः पुंवद्भाषित—सूत्रसे चित्रा शब्दका (भाषितपुंस्कत्वात्) पुंवद्भाव पुंलिंग, समानविभक्तिक उत्तरपद (गो) इति गोस्त्रियोरुपसर्जनस्य से ह्रस्व, तत्र [एक विभक्ति चापूर्वनिपाते से उपसर्जनसंज्ञा उपसर्जन मानकर स्वादिः। **चित्रगुः** [विचित्र गाय वाला पुरुष] रूपवती सुन्दरी भार्या (पत्नी) यस्य। रूपवती सु भार्या सु। अनेकमन्यपदार्थे सूत्रसे षष्ठी विभक्तिके अर्थमें समास सुलोपादिः। भाषितपुंस्कम् ऊङ्रहितं, पूर्वपदं रूपवती है समानविभक्ति वाला उत्तरपदं भार्या है। पुंवद्भावते स्त्रीलिंगबोधक ङीप निवृत्तिः। नियतविभक्तिकभार्या की उपसर्जन संज्ञा ह्रस्व स्वादिः। रूपवद्भार्यः (सुन्दरी पत्नीवाला) सूत्रे अनङ् क्यों पढ़ा जहाँ ऊङ् के ह्रस्व न हो, यथा वामोरुभार्या यस्य (वामोरुभार्यः) सुन्दर जघनवाली स्त्रीभाव (यहाँ पुंलिंगभाव न होना) ऊङ् प्रत्यायान्त को पुंवद् न हो 'इसलिए निषेधवचन [अनूङ्] शब्द दिया। पूरण्यान्तु=पूरणी अर्थमें पुंलिंग निषेध का अन्यः तु—जहाँ पूरणी पञ्चमी आदिका वाच्य रात्रि आदि अर्थसे शून्य पदार्थ में प्रवेश न हो वहाँ 'अप्' नहीं होगा, तब क्या होगा? कप्सूत्र—

उदाहरण-नदीच ऋच्च समाहारद्वन्द्वः। सूत्रमें बहुव्रीहौ औकार पञ्चमीमें बदला। उरः प्रभृतिभ्यः से कप् आया। नदी और ऋदन्त उत्तरपद हों ऐसे बहुव्रीहिसे कप् हो, समासान्त मान्य। यथा कल्याणी पञ्चमी यस्य पक्षस्य कल्याणी सु, पञ्चमी सु, पक्षप्रधान अर्थमें बहुव्रीहि समास। व्यवहारभाव से पञ्चमी उत्तरपद नदीसंज्ञकः है अतः 'नद्यृतश्च' सूत्रेंण कप् कल्याण, पु०भाव पूरणी पंचमीका वाच्य अर्थ रात्रि नहीं है। पक्षमें लीन है, निषेध न होने से। (के=)ककार परे पूर्व अण् को ह्रस्व हो, जो दृग्प्रां से आया। ह्रस्व प्राप्त, न कपि—केऽणः सूत्रसे प्राप्त ह्रस्व न हो, इति निषेधे स्वादि, कल्याणपञ्चमीकः पक्षः। अंत्रशङ्का १५ दिन और रातका पक्ष अन्य पदार्थ पंचमी, रात्रिका प्राधान्य रुकेगा नहीं, तब बोले—अत्र **तिरोहित**—इस समासमें रात्रिका प्रवेश न होने से प्राधान्य नहीं, क्योंकि तिरोहित = छिपा हुआ

।५।३।१५३। नद्युत्तरपदादृदन्तोत्तरपदाच्च बहुव्रीहेः कप्। पुंवद्भावः। केऽणः ।७।४।१३। ह्रस्वः। इति प्राप्ते ॥ न कपि ।७।४।१२। अणो ह्रस्वो न। कल्याणपञ्चमीकः पक्षः। अत्र तिरोहितावयभेदस्य पक्षस्यान्यपदार्थतया रात्रिरप्रधानम्। बहुकर्तृकः अप्रियादिषु किम्? कल्याणप्रियः। प्रिया। मनोज्ञा कल्याणी। सुभगा दुर्भगा। भक्तिः। सचिवा स्वसा कान्ता क्षान्ता सभा चपला। दुहिता। वाला वामा। अबला तनया। (सामन्ये नपुंसकम्)। दृढंभक्तियस्य सा दृढभक्तिः। स्त्रीत्वविक्षायां तु-दृढाभक्तिः॥ तसिलादिष्वाकृत्वसुचः ।६।३।३५। तसिलादिषु कृत्वसुजन्ते स्त्रियाः पुंवत्। परिगणनं कर्तव्यम्। त्रतसौ। तरप्तमपौ। चरट्जातीयरौ। कल्पब्देशीयरौ। रुपप्पाशपौ। थाल्। तिल्-

---

अवयवका अभेद अन्यपदार्थ है, उसका अवयव रात्रि के छिप जानेसे मुख्य नहीं होगा ऋदन्त उत्तरपद कप्का प्रयोग–बहवः कर्तारो यस्य बहुतसे कार्यकर्ता वाला नेता बहुकर्तृकः बहुअस् कर्तृअस् समा०। नद्यृतश्च कप् सु, रुवि०। प्रियादिपरे पुलिङ्गके निषेधका प्रयोजन पूछते हैं–अप्रियादिषु क्यों पढ़ा? कल्याणी प्रिया यस्य शुभ लक्षण प्रेमिका हैं जिसका, (कल्याणीप्रियः) पुलि० निषेध के लिए प्रियादिगण गिनाते हैं। उनके परे पुम्वत् नहीं होता। मंगली-मनोज्ञा मनोहारिणी यस्य मंगलीमनोज्ञः। शोभनः भगः भाग्यं तेज यस्याः सा सुभगा। दुःखदं भगं नक्षत्रं यस्याः सा दुर्भगा। भज्यते सेव्यते भगवान् यया सा भक्तिः इत्यादि। कान्तामनोज्ञः स्वसाकान्तः, कान्ताक्षान्तः, क्षान्तासभः सभाचपलः, चपलादुहितः, दुहितावामः चपलाबलः। प्रियतनाया यस्य प्रियतनयः अत्र शङ्का–भक्तिको प्रियादिमें पढ़ा। दृढ़ा भक्तिर्यस्य दृढ़भक्तिः में पुलिंग निषेध क्यों नहीं, तब बोले-सामान्ये नपुंसकं, जहां लिङ्ग स्पष्ट न हो, वहां नपुंसक मान लें। सामान्यपरक दृढ़ शब्द है दृढ़ भक्तिर्यस्य अटलसेवा हो जिसकी, भक्तिशब्दके साथ नपुंसक ठहरता नहीं, लिङ्गकी अविवक्षा से वेदाः प्रमाणं की तरह। इस विषयके भाष्यमें शक्यं चानेन श्वमांसादिभिरपि क्षुत्प्रतिहन्तुं भूख कुत्ताके मांससे भी मिट सकती है। तत्र धर्मनियमः क्रियते। अतः नपुंसकम्। यदि ऐसा प्रियादिमें भक्ति का पाठ व्यर्थः, तब बोले स्त्रीत्वकी इच्छा होनेपर पु० का निषेध। दृढ़ाभक्तिः भी सिद्ध, प्रियादिमें भक्ति सफल।

तसिलादिषु=पंचम्यास्तसिल् से लेकर संख्यायाः–गणने कृत्वसुच सूत्र तक जितने प्रत्यय हैं वे अन्तमें हों, तब स्त्री० को पु० हो। उत्तरपद परे न होनेसे पुलिङ्ग प्राप्त नहीं था। स्त्रियाः पुम्वत् आया, कृत्वसुच् के पहले आङ्का अभिविधि अर्थ है आरम्भसे अन्त तक तमभिव्याप्य। सूत्रोंके अर्थसे बाहर तिल्थ्यन् शस् है। बृकतिः अजय्या बहुशः पु० नहीं होगा इष्टस्थले अप्रवृत्तिः अव्याप्तिः दोषः। देश्य और रूप्य प्रत्यय तसिलादिमें आते है, उनके परे पट्वीदेश्यः शुभ्रारूप्यःमें पु० होगा, जो नहीं होना चाहिए। अनिष्टस्थले प्रवृत्ति अतिव्याप्ति। दोनो परिहार परिगणनसे करते

ष्यनौ। एषु परेषु स्त्रियाः पुंवत्। बह्वीषु इति बहुत्र। बहुत इत्यादि। (त्वतलोर्गुणवचनस्य) शुक्लत्वम्। शुक्लता॥ (भस्याऽढे तद्धिते)। हस्तिनीनां समूहो हास्तिकम्। अढे किम्? रौहिणेयः। (कुक्कुटयादीनामण्डादिषु)। तद्धिते कुक्कुटाण्डम्। मृगपदम्। मृगक्षीरम्। काकशावः। क्यङ्मानिनोश्च ।६।३।३६।

है। त्र, तस्, तरप्, तमप् चरट् जातीयपर, कल्पप् देशीयर, रूपप्, थाल् थ्यन्। बह्वीषु बहुत स्त्रियोंमें, सप्तमी अर्थमें त्रल्। बह्वीको तसिलादिषु से पु० हुआ, ङीप हटा। (बहुत्र) यदि बह्वीसे पंचमी अर्थमे तसिल्–तस्, करें। तब पुम्‌से ङीप् हटा बहुतः बह्वीभ्यः बहुत नारियों से न्यारी दर्शनीयतरा। दो में एक की विशेषता अर्थमें तरप्। अनयोः इयं अतिशयेन दर्शनीया।

त्वतलौ-त्व और तलप्रत्यय गुणोपसर्जनद्रव्यवाची को पुलिङ्ग हो। गुण होते हुए किसी द्रव्य आधारके साथ रहे तब। शुक्लाया (सफेद वस्तु का) भावः–गुण, प्रकार विशेषता जातिधर्म अर्थमें त्व प्रत्यय। शुक्लात्वम्। त्वतलोः गुणवचनस्य-सूत्रेण गुणवचन-प्रसिद्ध गुण मानकर ह्रस्व (शुक्लत्वम्), तल होनेपर ह्रस्व शुक्लता प्राचीन ने जाति संज्ञाको छोड़कर धर्म मात्रको गुण कहा।

भस्य। ढसे भिन्न तद्धितप्रत्ययपरे हो तब स्त्रियाः पु० बोलें। परिगणितमें होनेसे एकवचन। हथिनियोंके झुण्डको हास्तिकम् हस्तिनीसे अचित्तहस्तिधेनोः से समूह अर्थमें ठक् ठको इक (ढभिन्न तद्धित परे इक के पूर्व पुंभाव। नान्तमानकर आया ङीप् हटा। नस्तद्धिते टि (इन्) लोपे स्वादिः वार्तिकमें अढे=ढ परे न हो, ऐसा क्यों पढ़ा? जहाँ स्त्रीभ्यो ढक् हुआ हो, उसीके परे पुलिङ्ग न हो, जैसे रोहितसे ङीप् तको न। रोहितस्य अपत्यं रोहिणी की सन्तान।

स्त्रीभ्यो ढक्=एय यहाँ पुं० नहीं होता है यदि होता, तब ङीप् हट जाता तको न भी होता, रोहिनेयः बनता, अतः अढे, पढ़ा।

कुक्कुटी (मुर्गी) आदिका असमान अधार की विभक्ति रहते अण्डादिके साथ समास हुआ हो, तब पु० हो। यथा कुक्कुटस्य जातेः स्त्री कुक्कुटी तस्याः अण्डं, मुर्गीका अण्डा कुक्कुटाण्डं, पुं० भावसे जातिसूचक ङीष् निवृत्त। मृगस्य जाति विशिष्टा स्त्री मृगी तस्याः पदं (मृगपद) यहाँ भी पुलिङ्गसे मृगीका ई हटा। हरिणींका पांव। मृग्याः क्षीरं सिंहनीका दूध। पुं० भाव। काक्या शावः कौवीका बच्चा। पोतः पाकोऽर्भकोऽडिम्भः पृथुकः शावकः शिशुः।

क्यङ् और मानिन्परे रहते उत्तरपदे पुं० भाव हो, एनी इव आचरित हरिणी या रङ्गवालीकी तरह श्वेतवर्णवत् आचरण०। एता—चित्रवर्णा। चित्रं किर्मीर कल्माषं शबलैताश्च कर्बुरे इत्यमरः। स्त्रीकी इच्छा में वर्णादनुदात्तोपधात्तो ङीप्। त को न, एनी से आचार अर्थमें क्यङ् 'एनीय' पुं० भावसे ङीप् और न दो हटे। एतय अकृत्सार्व० से दीर्घ लङादिः। एतायते श्येनी इव–बाझ स्त्रीकी तरह आचरण

पुंवत् । एनीवाचरति-एतायते । श्येनीवाचरति-श्येतायते । दर्शनीयां स्त्रियं मन्यते-दर्शनीयमानिनी । न कोपधायाः ।६।३।३७। स्त्रियाः पुंवत् । पाचिकाभार्यः । रसिकाभार्यः । मद्रिकायते । मद्रिकामानिनी । (कोपधप्रतिषेधे तद्धितवुग्रहणम्) ।

करे । शुक्ल शुभ्र शुचि श्वेत विशद श्वेत पाण्डुराः इत्यमरः । सफेद अर्थ श्वेता ङीप् त को न, आचारेऽर्थे क्यङ् । सूत्रसे पुम्वत् ङीप, न निवृत्त । ननु स्त्रियाः पुंवत्से उत्तरपद परे पुं० होगा मानिनी क्यों पढ़ा ? वह प्रमाण बनेगा कि—समान अधार न हों, स्त्री० अर्थ न हो, तभी स्त्रियाः पुम्वत् हो । इसी अभिप्रायसे बोले—स्वभिन्नां-अपनेसे अलग किसी स्त्रीको दर्शनीयां मनमोहिनी माननेवाली दर्शनीयमानिनी है । दर्शनीयां पूर्व रहते मन् धातुसे णिनि, उपपदसमास, लुक् । यहाँ मानिन्शब्दपरे पु० से टाप लौटा । दर्शनीय मानिन् ऋन्नेभ्यः ङीप । जो स्त्री अपनेको दर्शनीया मानती है, उसे स्त्रीयाः से पुम्वत् होता है अतः स्वभिन्नां कहा । एक ही दर्शनीयाके मनधातुके प्रति कर्मत्व कर्तृत्व सम्भव । वस्तुतः अभेदसे मानिनीके साथ समानाधिकरण हैं । मन स्त्रीभिन्न उत्तरपदपरेका उदाहरण–आत्मानं दर्शनीयां स्त्रियं मन्यते अपनेको स्त्रियोंमे दर्शनीय माननेवाला चैत्र, दर्शनीयमानी पुं० से टाप हटा । आरोपित अभेद मानकर समानता । पुं० उत्तरपद, होनेसे यहाँ हुआ जो पहलेसे प्राप्त नहीं था ।

न कोपधायाः क उपधा=अन्त्य अल्का पूर्ववर्ण 'क' हो ऐसे स्त्री० को पुलिङ्ग न हो । पचति पाचयति बा इति पाचिका सा भार्या भरणीया यस्य (भण्डारिन) पाचिकाभार्यः पकानेवालीस्त्रीवाला । पु० प्राप्त था, 'क' उपधामें होनेसे नपुं०का निषेध । पु० होता, टाप इत्व लौट जाते । रसः आह्लादसुखं अस्याः अस्ति रसिका भार्या मोहिनी, पत्नीवाला पुम् न । पुम् होता टाप चला जाता । मद्रिकायते मद्रे मद्रासे भवा यौवना कन् टाप इत्व, मद्रिका इव आचरति मद्रासिनि की तरह चाल । क्यङ् परे पुम् प्राप्ते न कोपधायाः निषेधे । मद्रिकामानिनी आत्मानं मद्रिकां मन्यते स्वयंको मद्रदेशविशेषकी मानती हैं । 'मनश्च' णिनिः कर्ता अर्थं, उपपदसमासे मानिनी परे पुम् प्राप्त तस्य निषेधः । यदि दोनों भागमें पुम् होता, टाप इत्व हटते । कोपध=क उपधाको पुम् का प्रतिषेध रोक हों, तो तद्धित ग्रहण और वुग्रहण करें । यदि ऐसा, तब सूत्र वार्तिक मिलकर नतद्धितवुकोपधायाः पढ़ देते तद्धितसम्बन्धी वुसम्बन्धी जो 'क' वह उपधामें हो ऐसी स्त्री० को न हो । यथा मद्रिकायते पाचिपुंकाभार्यः वु सम्बन्धी क । तद्धित वुक क्यों पढ़ा ? नेह यहाँ न हो पाका भार्या यस्य स, अल्प अवस्थाकी पत्नीवाला । अर्भक पृथुक् पाका वयसिसे क—अन्त निपातित । यह 'क' न तद्धितका न वु, का है । वयसि प्रथमे के ङीपको बांधकर । अजादि टाप् ।

नेह-पाकभार्यः । संज्ञापूरण्योश्च ।६।३।३८। न पुंवत् दत्ताभार्य । पञ्चमीभार्यः । वृद्धिनिमित्तस्य च तद्धितस्यारक्तविकारे ।६।३।३९। वृद्धिशब्देन विहिता या वृद्धिस्तद्धेतुर्यस्तद्धितोऽरक्तविकारार्थस्तदन्ता स्त्री न पुंवत् । स्त्रौघ्नीभार्यः । रक्ते तु-काषायकन्थः । विकारे तु-हैममुद्रिकः । स्वाङ्गाच्चेतः ।६।३।४०। स्वाङ्गाद्य ईकारस्तदन्तात्स्त्री न पुंवत् । सुकेशीभार्यः स्वाङ्गतिकम् पटुभार्यः ईतः किम्? अकेश-

संज्ञा और पूरणी=पूरा करनेवाली प्रत्ययान्तके साथ समासमें स्त्रियाः पुम् न लगे । दत्ता भार्या यस्य ए दत्ताभार्यः दी हुई पत्नीवाला । अत्र न निषेधः पञ्चमी भार्या यस्य, पञ्चमी पूरणी पञ्चनां पांचवीं स्त्री पत्नी है जिसकी, प्राप्त पुम्का निषेध, पञ्चमीपाशा निन्दिता अशिष्टा याप्ये निन्दा अर्थे पाशप । पांचवीं फूहर है जिसकी । तसिलादिषु से प्राप्त पुम् का निषेध ।

वृद्धेर्निनित्तं—हेतुः । रक्तञ्च विकारश्च, समाहारद्वन्द्वः । नञ् समास । वृद्धि शब्द का उच्चारण-सूत्रसे हुई वृद्धि (आ ए औ) तद्धेतु=उसका कारण (ञित् णित् कित्) तद्धित, श अन्तमें हो, रक्त, विकार अर्थ को छोड़कर तद्धिता= तद्धितप्रत्यय अन्तवाली स्त्री० को पुम् न हो । वृद्धि शब्दसे वृद्धि होना इष्ट । स्रुघ्नो देशः, तत्र भवा स्त्री, अण् अलोप आदिवृद्धि ङीप्, स्रौघ्नी भार्या यस्य स स्रौघ्नीभार्यः स्त्री० को पुम् प्राप्तिका निषेध । रक्त-रंग अर्थमें विराजमान तद्धित हो, तब पुं० का न निषेध । काषायः गैरिक धातुः गेरुआ रंगसे रंगी हुई । तेन रक्तं रागात् । अण् यस्येति अलोप, आदिवृद्धि, अणन्तङीप् । काषायी कन्था यस्य, गेरुसे रंगी कथरी जिसकी काषायकन्था-पुम्भावसे ।

विकारे तु, विकार अर्थमें विराजमान तद्धित हो, तब पुं न हो । हैमी सोनेकी अँगूठी हो जिसकी, हेम्नो विकारः हेमन्‌से अनुदात्तादेश्च अञ् टिलोप, वृद्धिः ङीप् । हैमी मुद्रिका यस्य हैममुद्रकः । स्वङ्गात् शरीरके अंगसे ई—अन्तमें हो, ऐसा स्त्री पुलिंग न हो, यथा--सु=शोभनाः केशाः यस्याः सा, स्वङ्गाच्च ङीष् । सुकेशी भार्या यस्य स सुन्दर बाल वाली पत्नी जिसकी । सुकेशीभार्यः स्त्रियाः पुं० का निषेध । सूत्रमें स्वांग क्यों कहा ? पट्वी भार्या यस्य पटुभार्यः । चतुर स्त्रीवाला, पटुता अंग नहीं, पुं० का निषेध नहीं । उसका फल वोतोगुणवचनात् का ङीष् हटना । ईतः किम् ईकारान्त क्यों ? अविद्यमानाः केशाः यस्याः सा (अंकेशा) भार्या यस्य (चण्डुली औरत वाला) नञ्समास विद्यमान का लोप, स्वांग होने पर भी सह नञ्विद्यमान-के निषेधसे न ङीष् । ईकारान्त नहीं न निषेध किन्तु पुंवत्से टाप् निवृत्त । अमानिनी=मानिन्परे स्वांगसे पुं-का निषेध न हो । सुकेशी मन्यते सुन्दर केशवाली मानती है । मनश्च णिनिः वृद्धि, समास, सुकेश स्वांग है पुंके निषेध का निषेध वार्तिकसे । पु-हुआ ङीष् हटा ।

भार्यः। (अमानिनीति वक्तव्यम्)। सुकेशमानिनी। जातेश्च ।६।३।४१। न पुंवत्। ब्राह्मणीभार्यः। शूद्राभार्यः। संख्ययाऽव्ययासन्नादूराधिकसंख्याः संख्येये।।२।२।२५। संख्येयार्थया संख्ययाऽव्ययादयः समस्यन्ते स बहुव्रीहिः॥ बहुव्रीहौ संख्येये डजबहुगणात् ।५।४।७३। संख्येये बहुव्रीहिस्तस्माड्डच् समासान्तः॥ दशानां समीपे ये सन्ति ते-उपदशाः। अबहुगणात् किम्? उपबहवः। उपगणाः। ति विंशतेर्डिति ।६।४।१४२। विंशतेर्भस्य टेर्लोपो डिति। आसन्नविंशाः, विंशतेरासन्न इत्यर्थः। अदूरत्रिंशाः। अधिकचत्वारिंशाः। द्वौ वा त्रयो वा-द्वित्राः। दिङ्नामान्यन्तराले २।२।२६। दिशो नामान्यन्तराले वाच्ये प्राग्वत्। दक्षिण

जातेश्च जातिवाचक शब्दसेपरे जो स्त्रीप्रत्यय टाप् ङीप् तदन्तको नहो पुं, शूद्रत्वजातिविशिष्टा स्त्री, जातिलक्षण ङीप्को बाधकर टाप्। शूद्रा भार्या यस्य, शूद्राभार्यः जातिः शूद्र-उससे परे स्त्री टाप् तदन्त शूद्रा को पु० का निषेध। ब्राह्मणत्वजातिसहिता स्त्री शार्ङ्गरवादि ङीन्--ब्राह्मणी भार्या यस्य निषेधसे ङीन् सुरक्षित। सङ्ख्यया=इस सूत्रमें केवल बहुब्रीहि आया, सुप्सुपाभी। सङ्ख्या और सङ्ख्येय गणना की वस्तु अर्थमें विराजमान एकादिका सूबन्तके साथ अव्यय आसन्न अदूर, अधिक, संख्याका एकार्थ अन्यपदार्थ हो। यहाँ संख्या स्वरूप नहीं किन्तु एक द्वि त्रि परक है जो पदार्थमान्य।

तिविंशतेः=भसंज्ञक ति का लोप हो डित्परे। तिका लोप हुआ। भ का अधिकार। अलोन्त्यस्य नहीं लगेगा, अनर्थक में निषिद्ध होने से। तिलोप सवर्णदीर्घ वाधित अतो गुणे पररुपे बहुबचने (आसन्नविंशाः) बीस के आस पास अदूरका उदाहरण त्रिंशतो अदूराः अदूरत्रिंशाः। तीसके आस-पास २९-३१ डच् टिलोप। अधिकका-चत्वारिंशतो अधिकाः, अधिकचत्वारिंशाः चालिसपास डच् टिलोप। संख्या का संख्याके साथ समास-द्वित्रा दो या तीन। वाऽर्थे बहुब्रीहिः। द्वि औ त्रिजस् समासे, डच् टिलोप, बहुबचन द्वित्राः। दोनोंमें एक अन्यपदार्थ। द्वित्राः आनीयन्तां जब दो लायेगा, तब बहुबचन कैसे? भाष्यमें, अनिश्चये बहुवचनं प्रयोक्तव्यं, कहा तथा कार्यान्वये विकल्पः शब्दात्तु नियमेन कोटिद्वयोपस्थितः तदुपस्थित्यनन्तरं अन्यतरानयनमिच्छा। पञ्चानामुपस्थितिः इत्यपि समाहितम्। अनेकमन्यपदार्थ से समास नहीं: शेषाद्विभाषासे कप्के भयसे। संख्याका सख्याके साथ अन्य उदाहरण-दो बार आवृत्त उच्चारित दस द्विदशा बीस अर्थ दो दश। सुच्का अर्थ आवृत्ति है। शब्दशक्ति स्वभावसे उस अर्थको समास बोल रहा है। अतः सुच् सुनायी नहीं देता। संख्या क्यों पढ़ा? संख्येय क्यों? अधिका विंशतिर्गवां, यहां संख्या संख्येयार्था है क्योंकि आदशतः संख्या संख्येये वर्तन्ते, न तु संख्यायाम्। विंशत्याद्याः संख्यास्तु संख्या-संख्येयोः वर्तन्ते। संख्येयमें समास, संख्यामें नहीं।

दिङ्--दिशावाची तथा नाम, संज्ञा सुवन्त हो, परस्परमें बहुव्रीहि (अन्य

स्याः पुर्वस्याश्च दिशो यदन्तरालं-दक्षिणपूर्वा ॥ तत्र तेनेदमिति सरूपे ।२।२।२७। सप्तम्यन्ते ग्रहणविषये सरूपे पदे तृतीयान्ते च प्रहणविषये इदं युद्धं प्रवृत्तमित्यर्थे समस्येते कर्मव्यतिहारे । इच् कर्मव्यतहारे ।५।४।१२७। अन्येषा मपि दृश्यते । ६।३।१३७। दीर्घः । केशेषु केशेषु गृहीत्वा इदं युद्धं प्रवृत्तं-केशाकेशि । दण्डैर्दण्डैश्च प्रहृत्येदं युद्धं प्रवृत्तं-दण्डादण्डि । मुष्टीमुष्टि ॥ तेन सहेति तुल्ययोगे ।२।२।८२। तुल्ययोगे वर्तमानं सहेत्यन्तं तृतीयान्तेन प्राग्वत् ॥ वोपसर्जनस्य ।६।३।८२।

पदार्थ, अन्तराल=दो दिशाओंका मध्य वाच्य अर्थमें) समास हो नामानि का बहुत्व अविवक्षित है। उदाहरण-दक्षिणपूर्वा (दक्षिणदिशा पूर्वदिशा का अन्तराल मध्य अग्निकोण दिशाओं का बीच होनेसे) समासादिकार्य, स्त्रीत्वं लोकात्। अन्तराल दिशाओंका ही मान्य। सर्वनामका वृत्तिमात्रमें पुंलिगहोना प्रमाणित। यद्यपि उपसर्जन में सर्वनाम धर्म नहीं रहता, तथापि भूतपूर्वगतिसे सर्वनामसे पुंसभाव स्वीकार। तत्र तेन इस सूत्रमें समास, बहुव्रीहि अधिकारसे आये। तत्रसे सप्तम्यन्तपद इष्ट है। तेन-से तृतीयान्तपद इष्ट, ग्रहणविषये, प्रहरणविषये द्विवचनान्त विशेषण मानकर अध्याहार। सरूपे समानरूप पदविशेषण। ग्रहणविषय और प्रहरण विषय में सप्तम्यन्त, तृतीयान्तका गणनाक्रम मान्य।

सूत्रमें केवल क्यों पढ़ा ? इसलिए कि मध्यमपद रहने पर अनिच् न हो। धर्मके पूर्वमें पूर्वपद होना चाहिए। इसका (परमः स्वोधर्मों यस्य) उत्तम है अपना कर्तव्य जिसका। त्रिपदबहुव्रीहि समास में अनिच् न हो। अतः केवल पढ़ा।

इच्कर्मव्यतिहारे = क्रिया की अदलाबदली में बहुब्रीहि, से इच् हो, समासान्त तद्धित मान्य। यथा केशैश्च केशैश्च परस्परं गृहीत्वा इदं युद्धं प्रवृत्तं (केशाकेशि) बहुब्रीहि समासे, उक्तसूत्रेण इच् पूर्वपदस्य दीर्घे। मुसलेन मुसलेन गृहीत्वा परस्परं प्रहृत्य इदं युद्धं प्रवृतम् इच् दीर्घे। **प्र सम** से परे जानुशब्दों को ज्ञु आदेश हो, बहुब्रीहि में। पूर्वपदवत् उत्तरपद का द्वित्व। जानुनः पञ्चमी होता, तब प्रत्ययः परश्चके अधिकारमें पञ्चमीसे ज्ञुः प्रत्यय माना जाता। आदेश होनेके तेन। सह तुल्ययोगे युगपत्कालिक क्रियासम्बन्धे=एकसाथमें क्रियावर्त्तमान हो तब सहअव्ययका तृतीयान्तके साथ अन्यार्थ समास हो। तुल्ययोग क्यों कहा ? सहैव दशभिः पुत्रैः भारं बहति गर्धभिः। यहां सहका तुल्य अर्थ नहीं क्योंकि भार-कर्मकवहनक्रिया गर्दभीमें है, पुत्रोंमें नहीं, अन्यथा वहन्ति होता। दशपुत्रोंके रहते ढोती है। पुत्र नहीं ढ़ो रहे है। सहका विद्यमान अर्थ है तुल्यक्रिया योग नहीं।

वा उपसर्जनस्य उत्तरपदके अधिकारमें सहस्य स आया। उपसर्जनम् अस्ति अस्य उपसर्जनः बहुव्रीहिः। अन्यपदार्थ समासका अवयव सहको स हो विकल्पसे। सभी समासोंका अवयव उपसर्जन ही है। तथापि सर्वावयव उपसर्जन बहुव्रीहि है। अवयव षष्ठी। बहुव्रीहि क्यों, सह योधितवान् सहयुद्ध्वा, सहकृतवान् सहकृत्वा

बहुव्रीहेरवयवस्य सहस्य सः स्याद्वा । पुत्रेण सह-सपुत्रः, सहपुत्रो वाऽऽगतः ॥ **प्रकृत्याशिषि** ।६।३।८३। सहशब्दः । स्वस्ति राज्ञे सहपुत्राय, सहामात्याय ॥ (**अगोवत्सहलेष्विति वक्तव्यम्**) । सवत्साय । सहलाय । **बहुव्रीहौ सक्थ्यक्ष्णोः स्वाङ्गात्षच्** ।५।४।११३। स्वाङ्गवाचि सक्थ्यन्ताद्बहुव्रीहेः षच् । दीर्घसक्थ । जलजाक्षी । स्वांगात्किम् ? दीर्घसक्थि शकटम् । स्थूलाक्षा वेणुयष्टिः । अक्षणोऽदर्श-

---

यहां सह को स न हो । मुख्य उदाहरण पुत्रेण सह युगपत् आगतः (सपुत्रः) गुरुः । आगमन क्रियामें दोनोंका तुल्ययोग, तेन सहेति-समासे, वोपसर्जनस्य सह स्थाने स । तुल्ययोग प्रायः लिया जाता है, कहीं नहीं भी, विभाषा सपूर्वस्य उच्चारण से । यथा सकर्मकः विधीयमानंकर्म । सलोमकः, रोमवाला, रोमसहित सहका तुल्ययोग अर्थ नहीं, स हुआ ।

प्रकृत्या आशीर्वाद अर्थमें सह शब्दको प्रकृतिभाव=यथा स्थिति हो, स न । (स्वस्ति ह तवराज्ञे भूयात्) राजाका कल्याण हो, सहपुत्राय–पुत्रोंके सहित, अमात्याय–मन्त्रियोंके सहित, तेन सहेति तुल्योगे क्रियासम्बन्धे समासे आशीर्वाद अर्थ हैं, सहको स भाव न हो । प्रकृतिभाव हो गया, किन्तु जायमानस्य सपुत्रस्य सभ्रातृकस्य सपरिवारस्य आयुः आरोग्यता ऐश्वर्यम् अभिवृद्धिवस्तु इस वाक्यमें सहको स भाव कैसे ? भवन्तो अनुगृह्णन्तु, से प्रार्थना वाक्य है आशीर्वचन नहीं । वार्तिककार सूत्रकी अपूर्णताको पूर्ण करते हैं । अगो–गो, वत्स, हलसे परे हो तब सहका अभाव न हो । सगवे गोसहिताय राज्ञे स्वस्ति, सवत्साय बछड़े के सहित, सहलाय हल कृषि कार्य प्रजाके साथ, राजाका कल्याण हो स को प्रकृतिभाव का वार्तिक से निषेध ।

॥ ९७० ॥ **बहुव्रीहौ स्वाङ्गात्**=अपने ही अंगका वाचक सक्थि (हड्डी) अक्षि (आँख) शब्द जिसके अन्तमें हो ऐसे बहुव्रीहि से षच् (अ) हो । षित् का फल षिद्गौरादिभ्यश्चेति ङीष् । दीर्घसक्थः । दीर्घे लम्बायमाने सक्थिनी जघने यस्य (जिस पुरुषके जङ्घें लम्बे हों) दीर्घ औ (स्वांगवाचिनी (शक्थिनी औ षष्ठचर्थे बहुव्रीहिः । समासमें स्वांगवाची सक्थि शब्दसे बहुव्रीहि समास से षच्, अनुबन्धलोप, इकारलोप, स्वादिकार्य जलजाक्षी (कमलके समान आंखवाली) जलजे कमले 'इव अक्षिणी (नेत्रे) यस्याः । जलज शब्दका स्वांगवाचक अक्षिशब्द के साथ समास, षच्प्रत्यय ईलोप, षित्वात् ङीष ई । प्राणी के अंगको हो स्वांग कहेंगे । मूर्तिके अंगको नहीं । स्वङ्गात् किम् ? अक्षि, आदि स्वांगवाची क्यों कहे गये ? इसलिए कि दीर्घसक्थिः शकटी (लम्बी पहियावाली गाड़ी शकट) चेतन-प्राणी नहीं है । उसका अंग न लिये जाने से षच् नहीं हुआ । एवं स्थूलाक्षा—स्थूले अक्षिणी यस्याः मोठी आँख वाली (बाँसकी छड़ी) चेतन न होने से स्वाङ्गवाची नहीं हैं षच् नहीं हुआ । अक्षणोऽदर्शनात् से अच् प्रत्यय, टाप् । अच् षच् में टाप् ङीप् का अन्तर है । १ । द्वि और त्रिशब्द से परे मूर्धन्य मूर्धन् शब्दको समासान्त ष (अ) हो बहुव्रीहिमें । ष और षच् में चित्स्वर का अन्तर ।

नादिति वक्ष्यमाणोऽच्। द्वित्रिभ्यां ष मूर्ध्नः ।५।४।११५। आभ्यां मूर्ध्नः षः स्याद्बहुव्रीहौ। द्विमूर्धः। त्रिमूर्धः॥ अन्तर्बहिर्भ्यां च लोम्नः।५।४।११७। अप् स्यात्। अन्तर्लोमः। बहिर्लोमः। पादस्य लोपोऽहस्त्यादिभ्य ।५।४।१३८। हस्त्यादिवर्जितादुपमानात्परस्य पादस्य लोपः। व्याघ्रस्येव पादावस्य व्याघ्रपात्। अहस्त्यादिभ्यः किम्? हस्तिन इव पादौ यस्य हस्तिपादः। कुसूलपादः। संख्यासु-

---

अन्तर। द्वौ मूर्धानौ यस्य (दो सिर हो जिसके) अनेकप्रथमान्तों का षष्ठीविभक्ति-के अर्थमें समास, नस्तद्धिते टि (अद्) लोप विभक्तिकार्य। द्विमूर्धः त्रयो मूर्धानो यस्य (तीन सिर हों जिसके) समासे षः, टिलोपे त्रिमूर्धः (त्रिशिरा)। २। अन्तर वहिर्भ्यां अन्तर और वहिष् शब्दसे परे लोमन् शब्द से 'अप्' प्रत्यय हो, बहुव्रीहि समासमें। अन्तः (गुप्तेन्द्रियपर) लोमानि (रोयें) यस्य सो अन्तर्लोमः अन्तर्लोमन्+जस्के बीच समास, 'अन्तर्बहिर्भ्याम्' अप्, (नस्तद्धिते) टिलोपे, विभक्तिकार्ये, अन्र्लोमः अन्तरङ्ग-रोमवाला। वहिः लोमानि (बाहर रोम, मूंछवाला) बहिर्लोम। समासे अप् टिलोप आदि। ३। हस्ती हाथी आदि (ऊँट वगैरह) वर्जितात् त्यागकर उपमानात् उप-मानवाची शब्दसे परे पादशब्दका लोप हो; बहुव्रीहिसमासमें। अलोन्त्यपरिभाषासे अन्त्य अल् पाद के अ का लोप हो। इस लोपको (अभावरूप होते हुए भी समासान्त मानें ताकि कप् प्रत्यय न हो। व्याघ्रः पादौ यस्य (यद्यपि बाघ किसीका पैर नहीं होता, इसलिए व्याघ्र शब्दका व्याघ्रपाद में लक्षणा) अतः व्याघ्रपादौ इव पादौ यस्य स व्याघ्रपात्। यद्यपि बाघके पैरके समान अर्थ लक्षणा से है। तथापि जैसे—बाघ चलते हैं, पैर चुट-चुट बोलते हैं। जिसका पाद चलते समय वैसा बोले वह व्याघ्र-पाद। यहाँ उपमानवाची व्याघ्रका पादके साथ समास होने पर पादशब्दान्त अकार-का लोप उक्त सूत्रसे हुआ। जश्त्व, चर्त्वं। अहस्त्यदिभ्यः किम्? हाँथी ऊँट घोड़ा आदिसे वर्जित उपमान, ऐसा अर्थ क्यों? इसलिए कि हस्तिनः पादौ इव पादौ यस्य स हस्तिपादः (हाथीके पाँवके समान पाँव है पीलपांव वाला) यहां पादके अ का लोप न हो। कुशूलपादौ इव पादौ यस्य, कुठिला की तरह पैर है जिसका यहाँ अकार लोप न हो अतः अहस्त्यादि पढ़ा। हाँथी आदिका वर्जन हुआ। (३) संख्या और सु पूर्व में हो, ऐसे पदका लोप हो, बहुव्रीहिमें, वह समासान्त समझा जाय। द्वौ पादौ यस्य (दो पैरवाला) द्विपाद मनुष्यः द्वि औ पाद औ। अनेक प्रथमान्तों का षष्ठीके अर्थमें बहुव्रीहि समास, संख्यापूर्वक पादशब्द का अन्त्य अल् अ का लोप हुआ। चर्त्व। शोभनौ सुन्दरौ पादौ–चरणौ यस्य, सुपाद औ षष्ठीविभक्त्यर्थमें बहुव्रीहिसमास संख्या सु-पूर्वस्य। सूत्रसे पादशब्दान्त अकारलोप। चत्वारः पादाः यस्य चतुष्पात्। (४) उत् और वि से परे काकुदशब्दका समासान्त लोप हो। उत्—उद्गतं काकुदं (तालु या डील) यस्य स उत्काकुत्। उन्नत डील या जीभ

पूर्वस्य ।५।४।१४०। पादशब्दस्य लोपः। द्विपात्। सुपात्। उद्विभ्यां काकुदस्य ।५।४।१४८। लोपः। उत्काकुत्। विकाकुत्। पूर्णाद्विभाषा ।५।४।१४९। पूर्णकाकुत्, पूर्णकाकुदः॥ सुहृद्दुर्हृदौ मित्रामित्रयो ।८।४।१५०। सुहृन्मित्रम्। दुर्हृदमित्रः। (नेतुर्नक्षत्रे अब्वक्तव्यः)। मृगो नेता यासां रात्रीणां ता मृगनेत्रा रात्रयः॥ अज् नासिकायाः संज्ञायां नसं चास्थूलात् ।५।४।११८। नासिकान्ता-

---

लोढ़ने वाला बहुव्रीहि समास, काकुदके अन्त्यअका लोप। वि=विशिष्टं विनष्टं वा काकुदं यस्य। तालु, डील बड़ा हो या नष्ट हो, वह विकाकुत् है। यहाँ भी समास अलोपादिः।

।९७५। विभाषा—पूर्ण शब्दसे परे काकुदका लोप हो; विभाषा—विकल्प से। पूर्ण काकुदं यस्य (पूर्ण है तालु जिसका) पूर्ण सु तालु सु। अलौकिक विग्रह अनेक-मन्यपदार्थ से षष्ठ्यर्थं बहुव्रीहि समास। पूर्णाद्विभाषा से काकुदके अ का लोप चर्त्वं, पूर्णकाकुत् यदा न लोपः, तदा पूर्णकाकुदः (७) सुहृच्च सुहृद्दुर्हृदौ मित्रञ्च मित्रा-मित्रे तयोः। सु और दुर् से परे हृदयशब्द को हृद् आदेश निपातन से हो। क्रमशः मित्र और शत्रु अर्थ में। सुष्ठु=शोभनं हृदयं यस्य सुहृत् मित्रम्। बहुव्रीहि-समास, हृदयको हृद् आदेश (कृतज्ञ परोपकारी मित्र) दुष्ठु दूषितं क्रोधलोभादिना पूरितं हृदयं यस्य। समासे हृद् आदेशे, दुर्हृद (अमित्रः, शत्रुः)।

बहुव्रीहौ समासमें संख्येय (गणना की वस्तु) अर्थमें बहुव्रीहिसे डच्-अ हो। यह असाधारण समासान्त है, पञ्चमी अर्थ सप्तमी। अबहुगणात्=बहु और गणके साथ समास हो तब डच् न हो। ये=दशानां समीपे सन्ति ते उपदशाः छात्राः। दशन् आम् उत् संख्ययाव्यासन्न–सूत्रेण बहुव्रीहि समासे, सुपो लुक्। उपदशन्शब्दात् डच्। नस्तद्धिते टिलोपे स्वादि सूत्रमें बहुगणको डच् नहीं, ऐसा क्यों? बहूनां समीपे ये छात्राः सन्ति ते उपबहवः, गणस्य समीपे ये सन्ति ते उपगणाः। प्रश्नः बहुतोंके पासमें रहे समुदायके समीपमें रहे थे। बहुगणवतुडतिसे संख्यासंज्ञा, संख्ययाव्यया-सन्नसे समास, डच् निषेधके लिए। ननु उपगणाः डच् भवतु, न भवतु वा। एक-रूपता मिलति निषेधस्य किं फलं, स्वरमें अन्तर पड़ेगा। डच् से चितः, अन्तोदात्त होगा, (नेतुः) नक्षत्र=अर्थमें विराजमान नेतृ–तदन्त=वह अन्तमें हो ऐसे बहुव्रीहि अन्यार्थप्रधानसे अप् कहे। मृगो नेता = मृगशिरा नक्षत्र नायक हो, जिन रात्रियोंका (मृगनेत्राः)। चन्द्रः रातका नायक चन्द्रमाकी रातें। चन्द्रके सम्बन्धसे नक्षत्र भी। मृगनेतृशब्दात् वार्तिकसे अप। ऋ-यण् रेफ, टाप् मृगनेत्राः। (नासिका) अन्त बहुव्रीहि से अच् हो, नासिकाको नसः आदेश भी। संज्ञा–नाम होने पर स्थूलपूर्वमें हो तब नस् आदेश न हो।

पूर्वपदमें स्थित निमित्त = णत्वका कारण र ष, उससे परे न को ण हो, संज्ञा-नाम अर्थ रहने पर। अगः=ग के व्यवधानमें णत्व न हो। रषाभ्यां आया

बहुव्रीहेरच् नासिकाशब्दश्च नसं प्राप्नोति, न तु स्थूलापूर्वात् । **पूर्वपदात्संज्ञायामगः ।३।४।३।** पूर्वंवदस्थान्निमित्तात्परस्य नस्य णः न तु गकारव्यवधाने । द्रुरिव नासिका यस्य द्रुणसः॥ **(खुरखराभ्यां वा नस्)** । खुरणाः खरणाः । पक्षे–अजपीष्यते । खुरणसः । खरणसः ॥ **उपसर्गाच्च ।५।४।११९।** उन्नसः । **(वेर्ग्रो वक्तव्यः)** । विगता नासिकाऽस्य विग्रः ॥ **(ख्यश्च)** विख्यः । **नञ्दुःसुभ्यो हलिसक्थ्योरन्यतरस्याम् ।५।४।१२१।** अहलः,अहलिः असक्थः असक्थिः एवं दुःसुभ्याम् शक्त्योरिति पाठान्तरम् । अशक्ताः, अशक्तिः ॥ **नित्यमसिच् प्रजामेधयोः ।५।४।१२२।** नञ्दुःसुभ्य

पूर्वपदस्य लक्षणासे, अट्कुप्वाङ्नुम् आया । तभी अगः सफल । खण्डपदमें णत्व नहीं होता, उसके लिए सूत्र । द्रुरिव वृक्षकी तरह ऊँची नाक है वह द्रुणसः । बहुव्रीहि समासे अच् नासिकायाः से अच्, नासिकाको नस् आदेश । द्रुनस् पूर्वपदात् से णत्व, द्रुणसः । (खुर और खर) से परे नासिकाको नस् हो विकल्पसे बहुव्रीहि और संज्ञामें । सूत्रसे ही नस् आदेश सिद्ध था, अच् की निवृत्तिवास्ते वार्तिक पढ़ा । खुरौ इव नासिके यस्य (खुरकी तरह फटी नाकवाला) समासे । वार्तिकेन नस् आदेशे । पूर्वपदात् णत्वं खुरणस् दशायां जस् अन्वसन्तस्य दीर्घ, सुलोपे, रुवि । खुरणाः । खररूपा नासिका यस्य (चिपटी नाकवाला) समास, नस्, णत्व, आदि पूर्ववत् । पक्षमें खुरनासिकः खरनासिकः होता, किन्तु अच् भी इष्ट है । अच्सहित नस् आदेशसे खुरणसः भी बना । भाष्ये इदं न । उपसर्गात् प्रादेः=प्र, परा अप आदिसे नासिका हो, ऐसे बहुव्रीहि समाससे अच् हो । नासिका-नस् आदेश भी । यह कार्य अञ्नासिकायाः सूत्रसे सिद्ध था, यह सूत्र क्यों ? असंज्ञाके लिए सूत्र है, वह तो संज्ञामें करता है । उपसर्ग आदि का बोधक है । क्योंकि क्रिया योग न होनेसे उपसर्गसंज्ञा नहीं होती । (वेः=वि) से परे नासिका को ग्र आदेश हो । विगता=नष्ट हुई नाक वाला विग्रः । वि उपसर्ग, नासिका को ग्र आदेश । ख्यश्च नासिका को ख्य भी हो । विगता नासिका विख्यः=नाककटा नञ्दुःसु से हलि या सक्थिसे समास हुआ हो तब विकल्पसे अच् हो । अविद्यमानो हलिः यस्य । नहीं है हल जोतने का साधन अहलः । इकारान्त, हलका पर्याय हलि । नञ्समास तदन्तसे अ च, यस्येति इलोप, यदा न अच् तदा अहलिः । अनुक्त समासान्तो नास्ति, नलोप । अविद्यमानं यस्य नञ् समासे, अच इलोप । असक्थः । पक्षे असक्थिः । यही अनुशासन दुरके साथ । कोई आचार्य सक्थि न पढ़कर शक्तिः, केचित्पाणिनीयाः पठन्ति, पाणिनिशिष्या वदन्ति । तन्मते न शक्तिर्यस्य अशक्तः निर्बलः । नञ् समास अच् इलोप । यदा न अच तदा अशक्तिः, सामर्थ्यहीनः ।

नित्य-प्रजा और मेधा शब्दसे नित्य असिच् हो, समासान्त तद्धितमान्य । नञ् दुः और सु के साथ समास होने पर । च इत् । इ उच्चारणार्थ ।

इत्येव । अप्रजाः । अमेधाः । दुर्मेधाः । सुमेधाः । धर्मादनिच् केवलात् ।५।४।१२४ केवलपूर्वपदाद्यो धर्मशब्दस्तदन्ताद् बहुव्रीहेरनिच् कल्याणधर्मा । केवलात् किम् ? परमः स्वो धर्मो यस्येति त्रिपदे बहुव्रीहौ मा भूत् । परमस्वधर्मः ॥ (इच्कर्मव्यतिहारे) । केशाकेशि । मुसलामुसलि ॥ असंभ्यां जानुनोर्ज्ञुः ।५।४।१२९। प्रज्ञुः । संज्ञुः ॥ ऊर्ध्वाद्विभाषा ।५।४।१३०। ऊर्ध्वज्ञुः । ऊर्ध्वजानुः । ऊधसोऽनङ् ।५।४।१३१। कुण्डोध्नी । धनुषश्च ।५।४।१३२। धनुरन्ताद्बहुव्रीहेरनङादेशः । शार्ङ्गधन्वा ।

अस् सत्य । अन्यतरस्यां नहीं आया, नित्य पढ़ने से, अस्वरितसे भी न आता नित्य अन्यत्रके लिए । (अप्रजाः) अविद्यमानाः प्रजा यस्य निःसन्तान । नञोऽस्त्यर्थानामिति समासः प्रजासे असिच् = अस् । यस्येति अकार लोपे । अप्रजस् शब्दात्सु अत्वसन्तस्य – सान्त उपधाको दीर्घ, हल्ङ्याप्सुलोपे रुवि० । यद्यपि असिच् का अकार न रहता तब भी प्रयोग बनता, तथापि भसंज्ञा न होती, अजादि न मिलने से । आलोप न होता । सुमें अप्रजाः बनता, अप्रजसौ न बनता, किन्तु अप्रजासौ होता । अतः अकार भसंज्ञार्थ पढ़ा । दुर्गता प्रजा यस्य दुष्प्रजा, दुर्दशा प्राप्त हुई प्रजावाला । प्रादिभ्यो: धातुजस्य समासे असिच् आदिः पूर्ववत् । 'इदुदुपधस्य' षत्व । शोभनाः प्रजा यस्य सुप्रजाः अच्छीप्रजावाला । असिजादिः पूर्ववत् । अविद्यमाना मेधा बुद्धिः प्रतिभा यस्य अमेधाः बुद्धिहीन । समासे असिजादिः पूर्ववत् । दुर्गता मेधा यस्य । शोभना मेधा यस्य सुमेधाः । केचित् नित्य का फल अन्यत्र=असिचिके लिए । अल्पमेधसः सिद्ध्यति ।

धर्मात् । पूर्वपद आया । केवल पूर्वपदसे परे जो धर्म तदन्तात्=वह अन्तमें हो ऐसी बहुव्रीहसे अनिच् हो । च इत् । इकार उच्चा० । मध्यमपद न होना, केवल पूर्वपद है । कल्याणः धर्मो यस्य (परोपकार करना कर्म है जिसका) कल्याणधर्मा बहुव्रीहिसमास । धर्मात् अनिच् । अन् यस्येति अलोप । नान्त उपधादीर्घ' आदिः । षष्ठी द्विवचन । प्रगते जानुनी यस्य सुदृढ़ घुटनेवाला । द्विवचनसे दो जानुशब्द दोनोंके स्थानमें ज्ञु आदेश । प्रज्ञु तगड़ा घुठनावाला । संगते जानुनी यस्य, सटे घुटनेवाला, संज्ञुः जानुनी-ज्ञुः । ऊर्ध्व से परे जानुशब्द स्थाने ज्ञु आदेश विकल्पसे बहुव्रीहि में हो । उर्ध्वे जानुनी यस्य ऊँचे है जंघे जिसके, उर्ध्वः जानुनी स्थाने यदा न ज्ञु तदा उर्ध्वजानुः, धनुषश्च इसमें (ऊधसो) अनङ् आया । धनुः शब्दान्त बहुव्रीहिसे अनङ् आदेश हो । ङित् से अन्तादेश द्वौ धनुष् यस्य, दो चाप । समासे द्विधनुष्के ष को अनङ् । ङ इत् अकार उच्चारणार्थ द्विधनुष । उ–यण् द्विजन्मा) शृंगस्य इदं शाङ्गं, तस्येदम् अण् । तद्धनुर्यस्य समासे धनुषकी सींग । अनङ् आदि पूर्ववत । यदि ऐसा तब स्वलावण्याशंसा घृतधनुषमल्लाय तृणवत् इसमें समासान्तविधि अनित्य है । आर्षः ।

वा संज्ञायाम् ।५।४।१३३। शतधन्वा । शतधनुः । जायाया निङ् ५।४।१३४। जायान्तस्य बहुव्रीहेर्निङादेशः । लोपो व्योर्वलि ।६।१।६६। युवतिर्जाया यस्य युवजानिः, गन्धस्येदुत्पूतिसुसुरभिभ्यः ।५।४।१३५ उद्गन्धिः । पूतिगन्धिः । सुगन्धिः । उपमानाच्च ।५।४।१३७। पद्मस्येव गन्धोऽस्य पद्मगन्धिः । वयसि दन्तस्य दतृ ।५।४।१४१। संख्यासुपूर्वस्येत्येव । द्विदन् । चतुर्दन् । अग्रान्तशुद्धशुभ्रवृषवराहेभ्यश्च ।५।४।१४५। एभ्यो दन्तस्य दतृ वा । कुड्मलाग्रदन्तः । कुड्मालाग्रदन् ।

वा-संज्ञा अर्थमें विकल्पसे अनङ् हो ! शतं धनुर्यस्य शतधन्वा (राजा का नाम स्वयन्तक कथा में) संज्ञायां वा अनङ् । शतधन्वन् स्वादिकार्यें पक्षे शतधन्वा । जाया अन्तबहुव्रीहिसे निङ् हो अन्त्य अल्के स्थनमें । लोपो=व् य् अनयो: द्वन्द्व, द्विवचने ओस् व्यो=व य का लोप हो वलि परे । युवतिः नवयौवना जाया-पत्नी वाला, वह पुरुष युवजानिः । बहुव्रीहिसमासे जायाके आको निङ् इत् । लोपो व्योः यलोपे, स्त्रियाः पुंवत्, ति हटा, नलोप । गन्धस्य-इत्=उत् पूति, सु, सुरभि इनसे परे गन्ध को इ अन्त आदेश हो, पूर्वोत्तारदृष्टि से इकार आदेश । समासान्तके अधिकार में आदेः परस्य नहीं लगता । उद्गतो गन्धो यस्य उठ रहा गन्धवाला । गन्धस्येत्सूत्रेण इ अन्तादेशे उद्गन्धि मृगः । महक न होना पूति है । पूतिर्गन्धस्य इव गन्धो यस्य पूतिगन्धिः किंशुकाः निर्गन्धाः । शोभनः गन्धो यस्य सुगन्धिः वायुः ।

उपमान शब्दके अन्त में इकार हो, बहुव्रीहि में । फलितार्थं कथन है । पद्मस्य इव — कमलके गन्ध की तरह गन्ध हो जिसका पद्मगन्धिः मिष्टः । उपमानकर्मसे गन्धके साथ समास होने पर अन्तमें इकार, पद्मसम्बन्धित गन्धसदृशे लक्षणा । सप्तम्युपमानपूर्वपदस्य समासः, वयसि — अवस्था बोध होने पर संख्या और सु पूर्वमें हो दन्तस्थाने दतृ आदेश हो । द्वौ दन्तौ यस्य द्विदन्तः दो दाँत का शिशु अवस्था बालकः । दन्तको दतृ ऋ इत् । उगित्से नुम् सु-लोप' संयोगान्तलोप उसकी असिद्धिसे उपधादीर्घ नहीं । द्विदन् । चत्वारो दन्ता यस्य (चतुर्दन्) चार दाँतका वत्स बच्चा बछड़ा । अवस्थाज्ञानके लिए दन्तस्थाने दतृ आदि, कार्यं पूर्ववत् । छः दाँतकी अवस्थाका बालक षोडन् । षड् दन्ताः यस्य दतृ आदेशादिः षष् दत् षष उत्वसे दूसरे ष को ष्टुत्व, द को टवर्ग ड, स्वादि कार्यें । अग्रान्त=अग्र शब्द अन्तमें हो, शुद्ध शुभ्र वृष वराह इनसे परे दन्तस्थाने दतृ हो । च से अनुक्तसंग्रह तभी मूषिकदन् । कुड्मलानां मुकुलानां अग्राणि (खिले कमलके अग्रभागकी तरह) तानि इव दन्ताः यस्य खिल रहे हैं कमलके अग्रभाग की तरह दाँत जिनके । अग्र अन्तमें अतः दतृ आदि पक्षे न । शुद्धा=स्वच्छाः दन्ताः यस्य शुद्ध दन्, शुद्धदन्तः । शुभ्राः श्वेताः शुभदन्-दन्तः । वृषा वर्धनशीलाः दन्ताऽ यस्य वृषदन्-दन्तः । वराहः शूकर इव दन्ताः यस्य वराहदन्=दाँत । नञ्से परे अर्धशब्द हो तदन्तबहुव्रीहिसे कप् । अविद्यामानो अर्थो यस्य (समास कप्) अनर्थकं विद्यमानका लोप । अपगतो अर्थो

उर:प्रभृतिभ्य: कप् ।५।४।१५१। व्यूढोरस्क: । प्रियसर्पिष्क: । (अर्थान्नञ:) । अनर्थकम् । नञ: किम् ? अपार्थम् । इन: स्त्रियाम् :५।४।१५२। इन्नन्ताद्बहुव्रीहे: कप् । बहुदण्डिका नगरी ।। (अनिनस्मन्ग्रहणान्यर्थवता चानर्थकेन च तदन्तविधिं प्रयोजयन्ति) । बहुवाग्मिका । शेषाद्विभाषा ।५।४।१५४। अनुक्तसमासान्ताद् बहुव्रीहे: कब्वा । महायशा:, महायशस्क: । अनुक्तेत्यादि किम् ? व्याघ्रपाद् । आपोऽन्यतरस्याम् ।७।४।१५। कपि ह्रस्व: । बहुमालाक:, बहुमालक:, बहुमाल: ।

अस्मात् नष्ट है अर्थ जिससे विकल्प कप् । नञ्पूर्वक है, नित्य कप् नहीं । अपार्थकं निरर्थकम् ।

उरस् प्रभृति इत्यादि से समासान्त कप् हो बहुव्रीहि में 'क' शिष्यते (सोऽपदादौ) पास, कल्प, काम्य, परे रहते विसर्ग को स हो । कस्क आदि गणपठित शब्दोंमें इण् से परे विसर्ग को 'ष' हो अन्यसे परे 'स:' । यथा व्यूढोरस्क: । व्यूढं विशालम् उरो वक्षस्थलं यस्य । अनेकप्रथमान्त व्यूढ् सु उरस् सु का षष्ठी अर्थमें बहु० समास । उर: प्रभृतिभ्य: से कप्-कप्रत्यय उरस् के सरकार को रु:) रेफको विसर्ग: । कस्कादिषु च इण् से परे विसर्ग को ष यथा-प्रियसर्पिष्क: प्रिय: सर्पि: घृतं यस्य (प्रिय हो घी जिसे) प्रियसु सर्पि:सु समास, कप् प्रत्यये, सकारको रुत्व विसर्ग, इण=इकार से परे विसर्गको मूर्धन्य ष हुआ ।

इन:-इन् अन्तमें हो बहुव्रीहिसे कप् । स्त्रीलिङ्गमें, दण्ड: अस्या अस्ति दण्डी अत इन्ठिनौ, इन् अन्त है । बहव: दण्डिनो यस्यां नगर्यां बहुतसे दण्डधारी हो जिसमें बहुदण्डिका । समासके बाद इन: कप् नलोप, टाप । बहुवाग्मिका नगरी । वाक् अस्ति अस्या: वाग्मी, वक्ता, वाचोग्मिनि: । समासे बहुवाग्मिन् । इन: स्त्रियां कप्, नकारलोप, ग इत् इन् अतद्धिता-पाठसे । च को कुत्व क, जश् ग । बहव वाग्मिन: अस्यां बहुतसे नेता वक्ता । यहाँ का इन् अनर्थक है कप् कैसे ? तब परिभाषा बोले (अन्, इन्, अस्, मन्) इनका ग्रहण अर्थवान्, अनर्थकके साथ अदन्त विधि का प्रेरक है । परिभाषा बलसे कप् होगा । तब सुपथीनगरीमें कप् क्यों नहीं, समासान्तविधिकी अनित्यता से । भाष्यमें सुपथी पढ़नेसे शेषात्—इस सूत्रसे जो समासान्त कहे गये, उनसे बचा हुआ शेष, अनुक्त समासान्तसे और शेषाद्विभाषाके अधिकारमें स्थित बहुव्रीहिसे कप् विकल्प हो । महत् यशो यस्य विग्रहे समासे । आन्महत: तकारस्य 'आ' शेषाद्विभाषा कप् 'सोऽपदादौ' विसर्ग को स महायशस्क: । यदा न कप् तदा अत्वसन्तस्य दीर्घे । अनुक्तसमासान्त क्यों पढ़ा ? व्याघ्र इव पादौ यस्य व्याघ्रपात्, पादस्य लोपो-सूत्रसे स्थानिद्वारा लोप भी समासान्त है कप् न हो । शोभन: गन्धो यस्य सुगन्धि: वायु: । न संज्ञा-में शेषाद्विभाषासे प्राप्त कप् न हो । नाम अर्थमें व्यवधानके कप् का निषेध नहीं) जैसे नद्युतश्चसे कप् । विश्वदेव: कप् का निषेध । संज्ञामें नित्यसमास है, लौकिकविग्रह चिन्त्य ।

न संज्ञायाम् ।५।४।१५५। शेषादिति प्राप्तः कब् न । विश्वे देवा अस्य-विश्वेदेवः । ईयसश्च ।५।४।१५६। ईयसन्तोत्तरपदान्न कप् । बहवः श्रेयांसोऽस्य बहुश्रेयान् । गोस्त्रियोरिति ह्रस्वे प्राप्ते । (ईयसो बहुव्रीहेर्न) । बहुश्रेयसी । बहुव्रीहेः किम् ? अतिश्रेयसिः । बन्दिते भ्रातुः ।५।४।१५७। पूजार्थभ्रात्रन्तान्न कप् । प्रशस्तो भ्राताऽस्य प्रशस्तभ्राता । सुभ्राता । वन्दिते किम् ? मूर्खभ्रातृकः । नद्यृतश्चेति कप् । (सर्वनामसंख्येययोर्बहुव्रीहौ पूर्वनिपातः) । सर्वश्वेतः । द्विशुल्कः (संख्याया

(१) शेषात्=अनुक्तसमासान्तात् जिस बहुव्रीहि में समासान्त प्रत्यय अनुक्तः-न कहा गया हो उससे कप् हो । उक्तादन्यः शेषः । शेषे भवः शौषिकः कप् । महद् यशो यस्य स महायशस्कः महायशाः, व्यापक यशवाला । षष्ठचर्थे बहुव्रीहिसमास यहाँ कोई समासान्त प्रत्यय न होने से शेष अर्थमें शेषाद्विभाषा सूत्रसे कप् विकल्प हुआ । ईयसश्च=ईयसुन्प्रत्यय अन्तमें हो ऐसे उत्तरपदसे कप् न हो । नित्य, विकल्व सभी कप् का निषेधक । बहुश्रेयान् बहुत कल्याणवाला । शैषिक कप का (ईयसन्त देखकर) निषेध । बहुतसी कल्याणीवाला बहुश्रेयसी पुरुषः । अन्यपदार्थप्रधानमें उपसर्जन स्त्रीप्रत्ययान्त श्रेयसी को गोस्त्रयोरुपसर्जनस्यसे ह्रस्व प्राप्त, तब ईयसः= ह्रस्वो न-ईयस्प्रत्ययान्त बहुव्रीहिसे परे स्त्रीप्रत्यय ह्रस्व न हो, इति निषेधे । नद्यृतश्च नित्यकप् का भी, लिङ्गविशिष्टपरिभाषासे निषेध । सूत्रमें बहुव्रीहि क्यों पढ़ा ? तत्पुरुषमें निषेध न हो । यथा श्रेयसीमतिक्रान्त अतिश्रेयसिः ह्रस्व हुआ, भगवतीसे भी भाग्यवान् ।

। ८५६ । वन्दिते (वदि अभिवादनस्तुत्योः) । प्रणाम स्तुतिके योग्य पूजित अर्थमें भ्रातृ अन्तसे कप् न हो । प्रशस्तो भ्राता यस्य अभिनन्दनीय भाई-समासे, ऋदन्त कप् का निषेध । शोभनः भ्राता यस्य सुभ्राता रामः । नद्यृतश्चसे कप् का निषेध, न पूजनात् न करपाता, तब यह सूत्र । वन्दिते-पूजित भाई अर्थं क्यों ? मूर्खः भ्राता यस्य मूर्खभ्रातृकः लण्ठ भाईवाला । कपः निषेधो न । सर्वनाम या संख्या का ही पूर्व निपात हो बहुव्रीहिमें । सर्वः श्वेतो यस्य स सर्वश्वेतो धावति । दोनों गुण-वचन हैं । विशेषण कौन विशेष्य कौन किसका पूर्व निक्षेप, तब वार्तिकसे सर्वनाम का पूर्व निवास । उपसर्जन भूतपूर्वगतिसे सर्वनाम (द्वौ शुक्लौ) तस्य दो अंग सफेद, हों । त्रयः शुक्लाः यस्य तीन अंग सफेद, किसको पूर्वप्रयोग प्राप्त था, संख्या ही पूर्वपद हो, द्वि दोनोंमें संख्यायां=संख्यावाचकोंके समासमें अल्पीयस्याः कम संख्यकका पूर्व प्रयोग । यथा द्वौ या त्रयो वा समासे द्वि (कम संख्या)का पूर्णप्रयोग, द्वन्द्वे समासमें भी कमसंख्या पूर्वमें हो । इसका बहुव्रीहि में प्रयोग कैसे ? अपि से द्वन्द्व अद्वन्द्व दोनों मान्य । द्वौ च दश च द्वादश तत्पुरुषमें शतानां विंशतिः विंशतिशतं सहस्राणां शतं, शतसहस्रं, भाष्यकैयट प्रयोग भी अल्पसंख्याके पूर्व प्रयोगमें प्रमाण । (वा) प्रियस्य बहुव्रीहिमें प्रिय का पूर्व प्रयोग गडुः प्रियो यस्य या गडूनां प्रियः दोनों का

अल्पीयस्याः)। द्वित्राः। (द्वन्द्वेऽपि)। द्वादश। (वा प्रियस्य)। गुडप्रियः। प्रियगुडः। गड्वादेः परा सप्तमी)। गडुकण्ठः। क्वचिन्न-वहेगडुः। निष्ठा ।२।२।२६। निष्ठान्तं बहुव्रीहौ पूर्वं स्यात्। कृतकृत्यः। (जातिकालसुखादिभ्यः परा निष्ठा वाच्या)। सारङ्गजग्धी। मासजाता। सुखजाता। वाऽऽहिताग्न्यादिषु ।२।२।३७। आहिताग्निः, अग्न्याहितः। आकृतिगणोऽयम्।

इति बहुव्रीहिसमासप्रकरणम्।

पक्षमें पूर्व० गड्वादयः मौंसकी गांठ दुर्मासग्रन्थिः का नाम, गडु कण्ठे यस्य गलगण्ड। किस का संज्ञा नहीं, सप्तमी का अलुक् न हो, किन्तु लुक् से। सप्तमी का पर प्रयोग कहीं नहीं। वहे गडुः कन्धे पर दुर्मांसग्रन्थिः। सप्तमीका पर प्रयोग नहीं। पद्मम् नाभौ यस्य पद्मनाभः, पूर्णो नाभौ यस्य पूर्णनाभः।

। १९० । निष्ठा प्रत्यय अन्तमें हो, उसका पूर्वप्रयोग बहुव्रीहिमें हो। युक्तः= सफलीभूतः योगः एकाग्रता ध्यानं यस्य स युक्तयोगः सिद्धयोगी। युक्तसु योगसु। षष्ठी अर्थमें समास निष्ठाप्रत्ययान्तयुक्तशब्दका पूर्वप्रयोग। यद्यपि (योगयुक्तो विशुद्धात्मा) यहाँ युक्तका पूर्वप्रयोग नहीं है। योगेन युक्तः तत्पुरुषः होने से।

। ६९ । निष्ठा प्रत्यय अन्तमें हो उसका पूर्वनिवास। अन्यपदार्थमें हो। क्त क्तवतुकी निष्ठासंज्ञा। कृत्यं कृतं येन, कार्यपूर्ण किया जिससे कृतकृत्यः। दोनों क्रिया रूप, इच्छानुसार पूर्वप्रयोग प्राप्त, निष्ठान्त का ही पूर्णप्रयोग। कृत=कृसे क्त निष्ठा है। जातिकालसुख आदि निष्ठा (क्त क्तवतु) वाले शब्द पर-पश्चात्प्रयोग हो। अनाच्छादनात्से ज्ञापित। सारङ्गः हरिणः जग्धः खादितः यया सा सारङ्गजग्धी। सिंहिनी हरिण खा गयी। अस्वाङ्गसे ङीष। हनसे क्त, निष्ठासंज्ञकः जग्धीका पर प्रयोग। यह जाति का उदाहरण। कालपूर्वका-मासो जातो यस्या मासजाता वाला, एक महीनाकाल अर्थ, निष्ठान्त जातका परप्रयोग। सुखं जातं यस्या सुखसे बीता जिसका। जातका पर प्र०। प्रायिकं-यह पर प्रयोग प्रायः होता है कही नहीं भी। कृतः कटो येन कृतकटः। चटाई जाति है, पर निष्ठाका पर प्रयोग नहीं देखा जाता। पीतमुदकं येन पीतोदकः पीया है जिसने, उदक जाति है तब भी पीत का पर निवास नहीं हुआ। ९००। वाऽऽहि=आहिताग्नि आदिमें निष्ठाका पूर्वप्रयोग हो। आहिताः आधानेन संस्कृताः अग्नयो येन आहिताग्निः। निष्ठा आहित का पूर्वनिवास विकल्पसे, पक्षमें परप्रयोग, यह गुण-आकृति देखकर मान्य। जाया च पतिश्च दम्पती। विवाहितास्त्री पुरुष। जायाशब्दको दम्भाव। जम हुआ तब जम्पति। विकल्पपक्षमें जायापती।

इति प्रभाकरमिश्रकृतायां प्रभाकरीटीकायां बहुव्रीहिः।

अथ द्वन्द्वसमासप्रकरणम्

चार्थे द्वन्द्वः ।२।२।२९। अनेकं सुबन्तं चार्थे वर्तमानं वा समस्यते, स द्वन्द्वः ।।
समुच्चयान्वाचयेतरेतरयोगसमाहाराश्चार्थाः तत्रेश्वरं गुरुं च भजस्वेति परस्परनिर-

अथद्वन्द्वः—द्वौ द्वौ मिलित्वा सहविवक्षावशात् एकक्रियान्वयीभवनं द्वन्द्व-समासः। दो या अनेकपद एकसाथ अन्वित होकर अपनी प्रधानता बनाये रहे। ।९८२। चार्थे=अनेकसुबन्त (च) के अर्थमें वर्तमान हो, उनका समास विकल्प से हो, वह द्वन्द्व कहलाये। च के कौन अर्थ हैं जिनमें वर्तमान सुबन्तोंका समास होता है। चार्थाः=च के चार अर्थ हैं समुच्चय, अन्वाचय, इतरेतरयोग, समाहार इन चारों के अर्थ और उदाहरण दिये जा रहे हैं। समुच्चय का उदाहरणः हे भक्त ईश्वरं गुरुं च भजस्व भजनकरो। (भज, सेवायां) सेवासे ईश्वर और गुरुको प्रसन्न करो। दोनों के साथ भक्तका सेव्यसेवक सम्बन्ध सापेक्ष है। परन्तु ईश्वर का गुरुके साथ परस्पर कोई सम्बन्ध या क्रियामें सहविवक्षा नहीं है। अतः परस्पर निरपेक्षस्य आपस में एक दूसरे की कोई अपेक्षा न करके अनेकका एक में (ईश्वर गुरुका एक भजस्व क्रिया में) अन्वय समुच्चय है। बिना गुरुका भजनक्रियामें उसी क्रिया की आवृत्ति करके ईश्वर का अन्य होना निरपेक्ष है। अर्थात् ईश्वर भजस्व, गुरुञ्च भजस्व। दोनों की भजन क्रिया में भक्त स्वतन्त्र हैं। एक साथ नहीं। च का समुच्चय अर्थ है। एकस्यां क्रियायां परस्परनिरपेक्षसम्बन्ध समुच्चयः। १—अन्वाचय–दो क्रियाओं के मध्य में जहां एक की प्रधानता हो दूसरेकी प्रासंगिकता गौणत्व, अप्रधानरूप, अन्वय हो उसे अन्वाचय कहते हैं जैसे–भिक्षाम् अट् (जाकर भिक्षा मांगो) हां आते समय गाम् आनय (गायको भी लाओ)। यहाँ भिक्षाटन मुख्यकर्म है। किन्तु गायका लाना अन्यतरस्य=दूसरे क्रिया का आनुषंगिकत्वेन प्रसंगवशात्=अन्वय होना अन्वाचय है। अनयोः=समुच्चय और अन्वाचय इन दोनों अर्थोंमें असामर्थ्यात् परस्पर में एकार्थीभावरूपसामर्थ्य परस्परशक्ति न होने से समास नहीं होता। क्योंकि समसनं पृथक्-पृथक् अर्थात् पदानां मिलित्वा एकार्थीभवनं समास है। उन दोनों में वृत्ति का अभाव है। (यत्र यत्र परिनिष्ठतपदेषु वृत्तिः) तत्र समासः समुच्चयः परस्पर निरपेक्ष है। अन्वाचय प्रधान गौणभाव है।

१ - इतरेतरयोगः=एक पदार्थका इतरस्मिन्=दूसरे पदार्थके साथ यो- सम्बन्धः मिलकर सहविवक्षा साथ बोलनेकी इच्छा हो मिलितानां परस्य सापेक्षताया- मन्वयः। पदार्थोंका (आपसमें मिलकर एकधर्मावच्छिन्न=एक ही क्रियामें अन्वय इतरेतरयोग है। यथा धवश्च खदिरश्च धवखदिरौ छिन्धिः। धव और खैर को एक साथ काटो। यहाँ धव और खदिर एक दूसरेके साथ मिलकर (किन्तु यह ध

पेक्षस्यानेकस्यैकस्मिन्नन्वयः समुच्चयः। भिक्षामट गां चानयेति अन्यतरस्यानुषङ्गिकत्वेनान्वयोऽन्वाचयः। अनयोरसामर्थ्यान्न समासो। धवखदिरौ छिन्धीति मिलिता नामन्वय इतरेतरयोगः। संज्ञापरिभाषमिति। समूहः समाहारः॥ राजदन्तादिषु परम् ।२।२।३१। एषु पूर्वप्रयोगार्हं परं स्यात् दन्तानां राजा-राजदन्तः। (धर्मादिष्वनियमः)। अर्थधर्मौ-धर्मार्थौ। दम्पती-जम्पती-जायापती। जायाशब्दस्य दम्भावो जम्भावश्च वा निपात्यते। आकृतिगणोऽयम्। द्वन्द्वे घि ।२।२।३२। द्वन्द्वे

है, यह खदिर है) ऐसा भेद होते हुए छेदन क्रिया में एक साथ अन्वित है। यहाँ एकार्थीभाव वृत्ति है। ४--समाहारः-समाहरणं (तिरोहितावयवगतसंख्यः समूहः) समाहारः। जहाँ सभी पदार्थकी अवयवगतसंख्या क्षिप जाय या समाप्त हो किन्तु समुदाय की संख्या बनी रहे उस समूहको समाहार कहते हैं। यथा संज्ञा च परिभाषा च अनयोः समाहारः संज्ञापरिभाषम् यहां पर अवयव की संख्या छिप गयी। समुदाय संख्या उद्बुद्ध हो गयी। इतरेतर योगमें समास किये गये पदार्थ की संख्या समुदाय में आरोपित होकर द्विवचन बहुबचनका प्रयोग संभव है। परन्तु समाहारद्वन्द्व में समस्यमानपदार्थकी संख्या समुदायके संख्यामें अन्तर्भूत हुई। समाहार और द्विगुका द्वन्द्व में क्या अन्तर है यत्र विग्रहे षष्ठ्यन्त पदे (पंचानां गवां समाहार इति) तत्र समाहारः द्विगुः। यत्र विग्रहे प्रथमान्तानां पदानां संज्ञा च परिभाषा च इति प्रयोगः तत्र समाहारो द्वन्द्वः। चकारके चारो अर्थ सोदाहरण सम्पन्न हुए। यह (संख्या) लौकिक विग्रहमें श्रुत, समासमें अश्रुत हैं। अनेक पदोंका भी द्वन्द्व होता है। इसमें पूर्वप्रयोग का नियम अनियत है। पूर्वप्रयोग का नियत नियम आगे प्रस्तुत कर रहे हैं। ३। राजदन्त—आदि शब्दोंमें पूर्वप्रयोगार्ह पहले प्रयोगके योग्य शब्दका परं बादमें प्रवेश हो। यथा=दन्तानां राजा (दाँतोंका राजा) राजदन्तास्तु चत्वारो दन्तानाम् उपरि स्थिता। चौड़े चारदाँत दांतो के राजा है। दन्त आंम् राजन् सु। षष्ठी सूत्रसे समास, नलोपादिः, समासविधायकषष्ठीसूत्रमें षष्ठीपद प्रथमान्त है अतः षष्ठ्यन्त दन्तशब्द को उपसर्जनसंज्ञा पूर्व प्रयोग प्राप्त, राजदन्तादिषु सूत्रसे पूर्वप्रयोगके योग्य दन्त शब्द का परे आगे प्रयोग हुआ। इसी तरह गुरुणां राजा राजगुरुः। वैद्यानां राजा, मन्त्रीणां राजा राजमन्त्रिः अध्यापकानां श्रेष्ठः श्रेष्ठाध्यापकः। यहाँ राजा के दांत या राजाके गुरु, अर्थ का भ्रम न हो। विशेष स्मरण से द्वन्द्वसमास में ऐसा ही नियम है।

(वा०) धर्मादिषु=धर्म अर्थ काम मोक्ष और उसके सदृश शब्दोंमें किसका प्रथम प्रयोग हो, इस विषयमें अनियम=नियम नहीं है। कोई भी पूर्व में रहे। अर्थश्च धर्मश्च, अर्थ सु धर्म सु। चार्थे द्वन्द्वः। इतरेतरयोग अर्थमें वर्तमान धर्मका अर्थके साथ समास प्रा० संज्ञा, सुलोप आदि कार्य। पूर्वप्रयोगः यस्य कस्य अपि अर्थधर्मौ धर्मार्थौ एतौ द्वावपि भवतः। ४। द्वन्द्व समास में जिसको घि संज्ञा

घिसंज्ञं पूर्वं स्यात् । हरिहरौ ॥ अजाद्यदन्तम् ।२।२।३३। ईशकृष्णौ । अल्पाच्तरम् ।२।२।३४। शिवकेशवौ ॥ पिता मात्रा १।२।७०। मात्रा सहोक्तौ पिता वा माता च पिता च पितरौ मातापितरौ (ऋतुनक्षत्राणां समाक्षराणामानुपूर्व्येण) ।

हुई हो उसका प्रथम प्रयोग हो । यथा-हरिश्च हरश्च हरि सु हर सु । द्वन्द्व समास (शिषो ध्यसखि) घिसंज्ञक हरिशब्द का पूर्वप्रयोग हरिहरौ उपकुरुतः । विष्णुशिव उपकार करते हैं । क्रियाकारक सम्बन्ध, इतरेतरयोगसम्बन्ध ।

। ६८५ । अजादिश्च आदन्तश्च अनयोः समाहारः (अजाद्यादन्तम्) अच् आदि में हो, अकार अन्तमें हो, ऐसे शब्दका द्वन्द्वमें पहले प्रयोग हो । ईश्वरश्च कृष्णश्च, ईश सु कृष्ण सु इत्यलौकिक विग्रह, द्वन्द्वसमास (ईश शब्द अजादि है अदन्त भी) सभीका पूर्वप्रयोग । द्विवचन ईशकृष्णौ युद्धचतः । शिव कृष्ण वाणासुर प्रसंग में युद्ध करते हैं । ६ । अल्पाच् समासपदों में अल्प अच् पूर्वमें रहे । शिवश्च केशवश्च (शिव सु केशव सु) द्वन्द्वसमास, अल्प अच् वाले शिवपद का पूर्वप्रयोग अल्पाच्तरं से हुआ । प्रासंज्ञा (औ) शिवकेशवौ परस्परं नमतः । शिवकेशव एक दूसरे को नमस्कार करते हैं ।

(७) पिता–माता के साथ उक्तौ=कथन होने पर पितापदका एकशेष विकल्पसे हो । माता च पिता च द्वन्द्वसमास, माताके साथ पिताका उच्चारण है । पितृपद का एकशेष । माताशब्द लुप्त यः शिष्यते (जो शेष रहता है) स लुप्यसमासार्थाभिधायी भवति । वह लुप्त हुए के अर्थ को बोलता है । पितृपद माताको भी कहेगा । अतः द्विवचने पितरौ धर्मं पालयतः । यदा नैकशेषः तदा मातापितरौ । पितुर्दशगुणा माता, गौरवेणातिरिच्यते, माता पिता से दशगुना अभ्यर्हित (पूज्य) हैं । मातृ-पितृऔ आनङ् ऋते द्वन्द्वे इतिमातृ ऋकारस्त आनङ् (आ) मातापितरौ इति एकशेषद्वन्द्वः ।

ऋतुनक्षत्रोंका समाक्षराणां = समानं सदृशमक्षरं येषां, समान अक्षर ही द्वन्द्वसमासमें अनुपूर्वेण=जिस क्रमसे उच्चारण हो उसी क्रमसे प्रयोग मान्य । हेमन्तश्च शिशिरश्च तीनों ऋतुओंका क्रमिक लोकप्रसिद्ध समान अक्षरसे तथा पूर्वविराम । कृत्तिका च रोहिणी च । सम अक्षर । नक्षत्रका तथा निवास जैसा था वैसा रहे, वार्तिकमें समान अक्षर क्यों पढ़ा, विषम अक्षरमें यथा उच्चरित न रहे, किन्तु अल्प अच्का पूर्वप्रयोग हो ग्रीष्मश्च वसन्तश्च ग्रीष्मवसन्तौ गतौ । विषम अक्षर में अल्प अच् ग्रीष्मका पूर्वनिपात । लघु अक्षर का भी पूर्वनिवास हो द्वन्द्वमें । कुशाश्च काशाश्च एतेषां समाहारः (कुशकाशं), लघु एकमात्र अच्वाला कुशका पूर्वप्रयोग । अभ्यर्हित श्रेष्ठ पूजितका पूर्वनिवास । तापसश्च पर्वतश्च तापसपर्वतौ स्तः । पर्वत जड़ है तापस चैतन्य, अपेक्षासे पूज्य । तापसका पूर्वनिवास । भाष्ये मातापितरौ पढ़ा । गर्भधारणपोषाभ्यां (पितुर्माता गरीयसी

हेमन्तशिशिरवसन्ताः। कृत्तिकारोहिण्यौ। समाक्षराणां किम्? ग्रीष्मवसन्तौ। लघ्वक्षरं पूर्वम्। कुशकाशम्। (अभ्यर्हितं च) तापसपर्वतौ। (वर्णानामानुपूर्व्येण)। ब्राह्मण क्षत्रिय-विट्-शूद्राः। (भ्रातुर्ज्यायसः)। युधिष्ठिरार्जुनौ। द्वन्द्वश्च प्राणितूर्यसेनाङ्गानाम् ।२।४।२। एषां द्वन्द्व एकवत्। पाणिपादम्। मार्दङ्गिकपाणविकम्। रथिकाश्वारोहम्। अध्ययनतोऽविप्रकृष्टाख्यानाम् ।२।४।५। अध्ययनेन प्रत्यासन्ना आख्या येषां तेषां द्वन्द्व एकवत्। पदकमकम्। जातिरप्राणिनाम्

'स्मृतिसे माता श्रेष्ठ) वर्णानां (ब्राह्मणक्षत्रियविट्शूद्राः वर्णाः, इत्यमरः) इनका आनुपूर्व्येण=जैसे क्रमसे पढ़े हैं, उत्पन्न है उसी क्रमसे रहे। प्रजापतिः अकामयत स मुखतस्त्रिवृत्तं निरमिमीत, तैत्तिरीये। भ्रातुः भाइयोंमें ज्यायसः जेठ भाईका पूर्वनिवास हो। युधिष्ठिरश्च अर्जुनश्च कृष्णं नमतः जेष्ठ भाईका पूर्वनिवास है।

।८। द्वन्द्वश्च प्राणी चेतन तुर्य वाद्य, सेना-देशरक्षक, अङ्गवाचकका द्वन्द्व समास में एकवचनान्त समुदायवाचक हो। पाणि (हाथ) अंग वाचक पाणी च पादौ च पाणिऔ पादऔ, अनयोः समाहारः द्वन्द्व समासे, पाणि अंगवाचक (हाथ पैर का) द्वन्द्वश्च प्राणितुर्य आदि से एकवद्भाव, स नपुंसकं समाहारे नपुंसक हो। पाणिपादं बध्नाति। मृदङ्गवादनं शिल्पं एषां (मृदंग बजाना स्वाभाविक कला हो जिनके) वेणुर्वादनं शिल्पमेषान्ते (वंशी बजाना कला हो जिनको) मार्दङ्गिकाश्च वैणविकाश्च एषां समाहारे अर्थे द्वन्द्वसमासे तूर्य-वाद्य का अंग मृदंगः, वंशी है मार्दङ्गिकवैणविकम्। रथिकाश्च अश्वारोहाश्च (रथवाले और घुड़सवार ये सेना के अंग हैं) अतः द्वन्द्वसमास एकवद्भाव रथिकाश्वारोहं पश्यामि। एक क्रिया में अनन्य का नियम पूरे द्वन्द्व में माननीय है।

अध्ययनतो (तृतीया अर्थमें तस्) अध्ययन के अविप्रकृष्टप्रत्यासन्न=समीपमें आख्या कथन हो उनका द्वन्द्वमें एकवचन हो। पदानि अधीयते पदकाः। क्रमानधीयते क्रमकाः क्रमादिभ्योः वुन्। पदकानां क्रमकाणां समाहारः। वेदके पद ओर क्रम उच्चारयिताका समुदाय। पदके वाद क्रमका अध्ययन। अध्ययन के समीपमें अध्येता का आरोप (पद पढ़कर क्रम पढ़ें) यह प्रत्यासत्ति है। अध्ययनतः क्यों? पितापुत्रौ, एकवत् न हो। प्रत्यासन्न समीप क्यों? याज्ञिकनैयायिकौ। दूर है, न एकवत्।

जातिः। जातिवाचिनां=षष्ठीका व्यत्ययसे प्रथमा अप्राणि=चेतनको छोड़कर जातिवाचकोंका द्वन्द्वमें एकवचन हो। धानाश्च शष्कुल्यश्च तासां समाहारः (धान, पूड़ीका ढेर) जाति अर्थमें एकवचन, नपुंसक ह्रस्व। चतनोंका समाहार हो तब एकवत् नहीं। विट् च शूद्राश्च समासे। यह सूत्र प्राणिभिन्न प्राणिसदृश द्रव्यजातिवालोंका एकवत् गुणगतजाति, क्रियागतजातिका एकवचन नहीं। विशिष्टलिङ्ग= विपूर्वकशिष धातु का भेद डालना अर्थ। इसी धातुसे ल्युट करके बना विशेषण और ण्यत् करके बना विशेष्यको भेदकभेद्य कहते हैं। अतः भिन्नलिंग वाले नदी-

।२।४।६। प्राणिवर्ज्यजातिवाचिनां द्वन्द्व एकवत् । धानाशष्कुलि । प्राणिनां तु-विट्-शूद्राः । विशिष्टलिङ्गो नदीदेशोऽग्रामाः ।२।४।७। ग्रामवर्जनदीदेशवाचिनां भिन्नलिंगानां द्वन्द्व एकवत् ।उद्धयश्च इरावती च उद्धयेरावति । गङ्गाशोणम् । कुरवश्च कुरुक्षेत्रं च कुरुकुरुक्षेत्रम् । क्षुद्रजन्तवः ।२।४।८। एषां द्वन्द्व एकवत् । यूकालिक्षम् । आ नकुलात्क्षुद्रजन्तवः ॥ येषां च विरोधः शाश्वतिकः ।२।४।९। एषां प्राग्वत् । अहिनकुलम् गोव्याघ्रम् । काकोलूकमित्यादौ परत्वात् विभाषा वृक्षेऽति प्राप्तं चकारेण बाध्यते । शूद्राणामनिरवसितानाम् ।२।४।१०। अवहिष्कृतानां

वाचकोंका द्वन्द्व हो, या देशवाचकोंका द्वन्द्व समास हो, उनके समाहार समासमें एकवचन हो। देशसे प्रसिद्ध जनपद, मान्य ग्राम)नहीं, ग्रामभिन्न ग्रामसदृश समुदायका शहर नगर। विशिष्टं लिंग येषां समाहारमें ही एकवत् उक्त है। यथा उद्ध्यो नद। नदी भी अर्थ, नदी, इरावती दोनों नदी वाचक है। समासे, नदी नदसे भिन्नलिंग। अतः एकवचन, नपुंसक ह्रस्व। गंगानदी और शोण नद है भिन्नालिंग समासमें एकवत् गङ्गाशोणं कुरवश्च पुलिंग है, कुरुक्षेत्रम् नपुंसक। शमासे एकवचन। क्षुद्राश्च जन्तवश्च ऐतेषां समाहारः छोटे जीवों का समुदाय समासमें एकवचन हो जाय। क्षुद्रजन्तु का निर्णय आ–नकुलात् = नेवलेसे लेकर कीटाणु तक क्षुद्र जन्तुः अत्र स्मर्यते क्षुद्रजन्तुरनवस्थिः स्यादथवा क्षुद्र एव यः। शतं वा प्रवृतौ येषां केचिदानकुलादपि। जो एक जगह स्थिर न हो, छोटा ही, सौ स्थलमें दौड़ता रहे। सर्व साधारण उदाहरण यूकाश्च लिक्षाश्च (घने केश बाल जटाके शिर भागमें श्वेदज पसीनेसे पैदा ढील लीख जूं प्रसिद्ध है) एकवचन, नपुंसक-ह्रस्व (१३) येषां जिन प्राणियों का विरोध और शत्रुता हो, कभी भी एक साथ न रहे, ऐसा शाश्वतिक शश्वतः भावः निरन्तर पर स्वाभाविक हो, उनके परस्पर समाहार द्वन्द्वमें एकवचन हो। छाया धूप अंधेरा प्रकाश, विरोधसे एकसाथ नहीं रहते। शाश्वतिक क्यों पढ़ा ? देवासुरैरमृतमम्बुनिधिर्ममन्थे। देवता दानवं अमृतके लिए समुद्र मन्थन करनेमें एकसाथ रहे, नित्य विरोध नहीं है। सांप नेवलेका नित्य स्वाभाविक विरोध। अहयश्च अकुलाश्च एतेषां समाहारः इनका समुदाय अहिन-कुलम्। सहज विरोधके अर्थ का सूचक एकवचन। गावश्च व्याघाश्च इनका समुदाय, नित्यबैर का सूचक एकवचन। काकाश्च उलूकाश्च काकोलूकं सहज विरोधका सूचक एकवचन। यद्यपि यहाँ विभाषावृक्षमृग आदि सूत्र गोमहिषं गोम-हिषाःमें चरितार्थं। येषाञ्च विराधः सूत्र अहिनकुलमें सफल। गोव्याघ्र में दोनों प्राप्त तब परत्वात् विभाषावृक्षमृग सूत्र प्राप्त होता है उसे बांधने के लिए येषां च सूत्रमें च पढ़ा ।१४। शूद्राणां=३ जातिसे भिन्न वर्णशङ्कर शूद्रत्व जाति नहीं। क्योंकि अनिरवसितानाम्=अवहिष्कृतानां सत्पात्र (छूनेपर अशुद्ध न हो) ऐसे शूद्रोंका समाहार द्वन्द्व समासमें एकवचन हो। यैर्भुक्तं पात्रं क्षारोदक-

शूद्राणां द्वन्द्वः प्राग्वत्। तक्षायस्कारम्। पात्राद् बहिष्कृतानां तु—चण्डालमृतपाः। **गवाश्वप्रभृतीनि च ।२।४।११।** यथोच्चारितानि तथैव साधूनि। दासीदास-मित्यादि। **विभाषा बृक्षमृगतृणधान्यव्यञ्जनपशुशकुन्यश्ववडवपूर्वापराध-रोत्तराणाम् ।२।४।१२।** वृक्षादीनां सप्तानां द्वन्द्वः, अश्ववडवेत्यादि द्वन्द्वत्रयं च प्राग्वद्वा। बृक्षादौ विशेषाणामेव ग्रहणम्। प्लक्षन्यग्रोधम्-प्लक्षन्यग्रोधाः। रुरुपृषतम्-रुरुपृषताः। कुशकाशम्-कुशकाशाः। व्रीहियवम्-व्रीहियवाः। दधिघृतम्-दधिघृते। गोमहिषम्, गोमहिषाः। शुकबकम्—शुकबकाः। अश्ववडवम्—अश्ववडवौ।

प्रक्षालेन संस्कारेणापि न शुद्ध्यति ते निरवसिताः चाण्डालादयः। जिनके भोजन किये पात्र भस्म जलसे धोनेपर न शुद्ध हों। यैर्यस्तु भुक्त पात्रं क्षारोदक प्रक्षालनेन शुद्धयति से अनिरवसिता सत्शूद्र। यथा तक्षाणश्च अयश्काराश्च (बढ़ई और लोहार का समुदाय) समासे सत्शूद्र अर्थप्रकाश एकवचन (तक्षायस्कारम्)। जो पात्रात्=शुद्धतासे जलग्रहणसे बहिष्कृत हैं। वहाँ एकवत् नहीं होता। चण्डालाश्च मृतपाश्च एतेषां समाहारः। जीवजीवी जंगली चर्मकार, कसाइयों का समुदाय। धर्मशास्त्र में ये निषिद्ध है।

(६१५) गावश्व इत्यादि यथोच्चारितानि जैसे पढ़े गये वैसे साधु, निपातनसे। गावश्च अश्वाश्च इनका समुदाय गवाश्वं विभाषा वृक्षमृगसे विकल्प एकवत् प्राप्त था नित्यएकवचन, अवङ्। यदा न अवङ् सर्वत्रविभाषा गोः प्रकृतिभावे गोऽश्वः। दास्यश्च दासाश्च इनका समुदाय एकवचन। पुमान् स्त्रियाःसे एकशेष नहीं, निपातन से। आदि=गावश्च अविकाश्च गाय भेड़ों का समुदाय गवाविकं गवैडकम्।

(१६) विभाषा वृक्ष, द्वन्द्व आया। एक षष्ठी विषयभेदसे भिन्न है। अवयव-षष्टी वृक्ष मृग तृण धान्य व्यञ्जन पशु शकुनि उनका अवयवके साथ द्वन्द्व। अश्व-वडव पूर्वापर अधरोत्तर तीनका द्वन्द्वमें एकवत् हो। वृक्षादौ=वृक्ष तृण धान्य पशुके विषयमें विशेष (श्रेष्ठ, मान्य) का ग्रहण। वृक्ष द्वन्द्वका उदाहरण-प्लक्षाश्च न्यग्रोधाश्च (पलाश बरगदका समुदाय) समासे एकवत्, विकल्पसे, पक्षे प्लक्षन्य-ग्रोधाः। जातिरप्राणिनां से नित्य एकवचन प्राप्त था। मृगका द्वन्द्व—रुरवश्च पृषताश्च समाहारः एतेषां रुरुपृषतम् मृगविशेषका झुण्ड। तृणका द्वन्द्व—कुशाश्च काशाश्च एकवचन। धान्यद्वन्द्व व्रीहयश्च यवाश्च व्रीहियवं, धान जौ की ढेर। व्यञ्जनका द्वन्द्व—दधि च घृतं च अनयोः समाहारः दही घी का ढेर। विकल्प एक-वचन, पक्षमें दधिघृते, दोवचन। पशुका—गावश्च महिषाश्च गायों भैंसोंका झुण्ड, सूत्रसे एकवचन, पक्षे गोमहिषाः। पक्षीका शुकाश्च वकाश्च एतेषां समाहारः। एकबचन, पक्षे बहुवचन। अश्वाश्च पक्षे वडवाश्च घोड़ाघोड़ीका झुण्ड। एक-वद्भाव पक्षे द्विवचन। अश्ववडवौ पूर्वपदवत्पुलिंग। पूर्वश्च अवरश्च अनयोः, समा-हारः पश्चात्का समुदाय। अधरश्च अनयो, समाहारः पश्चात्का समुदाय। अधरश्च

पूर्वापरम्—पूर्वापरे। अधरोत्तरम्, अधरोत्तरे। (फलसेनावनस्पतिमृगशकुनिक्षुद्रजन्तुधान्यतृणानां बहुप्रकृतिरेव द्वन्द्व एकवदिति वाच्यम्) बदराणि चामलकानि च-बदरामलकम्। नेह—बदरामलके। रथिकाश्वारोहावित्यादि। न दधिपय आदीनि ।२।४।१४। नैकवत्स्युः। दधिपयसी। इध्माबर्हिषी। निपातनाद्दीर्घः—ऋक्सामे। वाङ्मनसे। आनङ् ऋतो द्वन्द्वे ।६।३।२५। विद्यायोनिसम्बन्धवाचिनामृदन्तानां द्वन्द्व आनङ् स्यादुत्तरपदे। होतापोतारौ। माता-

---

उत्तरश्च अनयोः समाहारः। इन सभीमें सूत्रसे एकवचन, पक्षमें यथायोग्यवचन। फल सेना एकवद्भाव, प्रकरणका अन्तिम नियम वार्तिक है। (फलसेनासे लेकर तृण तक। द्वन्द्वश्च प्राणितुर्य-जितने एकवचन करनेवाले हैं उनकी बहुबचनकी प्रकृति द्वन्द्वसे एकवचन हो। बहवः बहुवचनान्ताः प्रकृतिः=कारणं यस्य बहुप्रकृतिः एक वचन द्विवनकी प्रकृति हो तब वार्तिक नहीं लगता। फलका द्वन्द्व-बदरीफलानि आमलकीफलानि विकार प्रत्ययका 'फले लुक्' परे ङीप्का लुक्। तब बदराणि च आमलकानि च इनका ढेर (बदरामलकम्) बहुबचनान्तके नाते एकवचन हुआ, जातिरप्राणिनां सूत्रके एकवचनको बाधकर। बहुप्रकृतिका फल बोले नेह-यहाँ नहीं, बदरञ्च आमलकञ्च है एकवत् नहीं। यदि बहुबचनान्तका द्वन्द्व नहीं तब नित्य एकवत् भी नहीं। रथिकश्च अश्वारोहश्च सेनाके अंग है। किन्तु जातिका प्राधान्य न होनेसे न एकवत्। प्लक्षश्च न्यग्रोधश्च बहुबचनान्त नहीं, एकवत् नहीं। इत्यादि। न दधि इत्यादिकोंका समाहार द्वन्द्व नहीं होता। दधि च पयश्च अनयोः समाहारः। दूध दहीका ढेर, नपुंसक, द्विवचन दधिपयसी, जातिसे नित्य, व्यञ्जनसे प्राप्त विकल्पको बांधकर निषेध। मधुसर्पिषी सर्पिर्मधुनी न एकवत् इध्मञ्च बर्हिश्च न एकवत्, किन्तु द्विवचने इध्मामें दीर्घनिपातन। ऋक्च साम च ऋक्सामे, दोनों वेद हैं उनका समुदाय एकवचन नहीं हुआ। अचतुरविचतुर-से अच्। वाक्च मनश्च वणीमनके निमित्त एकवचनका निषेध, समासान्त अच्। इस गणमें प्रजापती शिववैष्णवी इत्यादिमें समाहार का निषेध करके इतरेतरकी व्यवस्था मान्य।

आनङ्ऋतः विद्या=गुरुपरम्परा सम्बन्धवालोंका, योनि=जन्मसे सम्बन्ध वाले ऋदन्तोंके द्वन्द्वमें ऋको आनङ् हो उत्तरपदपरे। ऋतो=विद्यायोनीसम्बन्धेभ्यः की अनुवृत्ति, ऋतकी अनुवृत्ति होती ही पुनः ऋ पढ़ना, विद्या और योनि सम्बन्धी ऋको आनङ्। (अलुक्) उत्तरपदे आया। होता च पोता च होतापोतारौ हवन कर्ता, पवनकर्ताका विद्या द्वारा यज्ञसे सम्बन्ध, समास होनेपर सूत्रेण होतृ-ऋस्थाने आनङ् ङ् इत्। अ उच्चारणाय। ङिच्च अन्त आदेश, नलोप। नकार क्यों पढ़ा रपर न हो, उत्तरपद परे पोतृ है। एवं होता च पोता नेष्टा च उद्गाता च (हवन-

पित्तरौ। पुत्रे इत्यनुवृत्तेः-पितापुत्रौ ॥ देवताद्वन्द्वे च ।६।३।२६। इहोत्तरपदे पूर्वपदस्यानङ्। मित्रावरुणौ। (वायुशब्दप्रयोगे प्रतिषेधः) अग्निवायू वाटवग्नी। ईदग्नेः सोमवरुणयोः ।६।३।२७। देवताद्वन्द्व ईत्येव। अग्नेः स्तुत्स्तोमसोमाः ।८।३।८२। अग्नेः परेषामेषां सस्य षः समासे। अग्निष्टुत्। अग्निष्टोमः। अग्नीषोमौ। अग्नीवरुणौ। इद् वृद्धौ ६।३।२८। वृद्धिमत्युत्तरपदे अग्नेरिदादेशो देवताद्वन्द्वे। अग्नामरुतौ देवते अस्य आग्निमारुतं कर्म। अग्नीवरुणौ देवते अस्य—आग्निवारुणम्। 'देवताद्वन्द्वे चे'त्युभयपदवृद्धिः। (विष्णौ न)। अग्ना-

---

कर्ता पवनकर्ता गानकर्ता) समासे उत्तरपद उद्गाता परे नेष्टके ऋको आनङ्, अन्य को आनङ् नहीं मध्यमपद परे होने से। योनि सम्बन्धका उदाहरण माता च माता च मातापितरौ उत्तरपद पितरौ परे मातृके ऋको आनङ्। पितृपितामहौ में आनङ् नहीं, ऋदन्तके सबका अवयव न होने से। यदि ऐसा पितापुत्रौ में आनङ् कैसे ? तब बोले पुत्रेऽन्यतरस्यां सूत्रसे मेढ़क उछालन्यायसे पुत्र आया। पुत्रपरे आनङ् अर्थ निकला, आनङ् हुआ पितापुत्रौ बना। देवता का द्वन्द्वसमास हो उत्तरपद परे आनङ् हो। मित्रञ्च वरुणश्च मित्रावरुणौ देवता दोनों है समासमें आनङ् हुआ मित्रा बना। वायुशब्द पूर्वपद या उत्तरपदमें हो तब आनङ् नहीं होता। अग्निश्च वायुश्च अग्निवायू दोनों देवता हैं। वायु के सम्बन्ध में आनङ् का निषेध। ईत् — देवताओं का द्वन्द्व समास हो तब सोम और वरुण उत्तरपद परे अग्निको ईत् आदेश हो आनङ् को बांधकर। अग्नेःस्तुत्स्तोम सोमाः। षष्ठी अर्थे प्रथमा। अग्नि से परे इनके सको स हो, एकार्थीभाव में। समासेऽङ्गुलेः से समास आया। अपदान्तस्य मूर्धन्य आया। सात्पदाद्योः षत्व निषेधका बाधक। अग्निः स्तूयते यस्मिन् अग्निष्टुत्। यज्ञविशेष जिसमें अग्निकी स्तुति। समास होनेपर अग्निसे परे स को ष हुआ। अग्नीनां स्तोमः स्तुतिः संस्थाविशेषः अग्निष्टोमः। समासमें अग्निसे परे स्टोमके सको ष। अग्निश्च सोमश्च अग्नि से भी पूज्य देवताओंका द्वद्वसमास अग्निको ईत्। अग्निश्च वरुणश्च अग्नीवरुणौ ईत्वे। सूत्रमें देवताद्वन्द्व क्यों ? अग्नि न सोम किसीका नाम हो, देवता न हो, तब ईत्व न हो। अग्निसोमौ। न दीर्घ अग्निसे न षत्व है।

।६२५। इद् बृद्धिमान् उत्तरपद हो अग्निको ईत् आदेश हो। देवता द्वन्द्व अर्थमें। उच्चरणार्थ विधीयमान सवर्णको स्वीकार नहीं करता। अग्निश्च मरुतश्च अग्नामरुतौ। देवताद्वन्द्वे आनङ्, तौ देवते यस्य, सास्य देवता अण् आदिवृद्धि। आग्निमारुतं वृद्धिमान् उत्तरपद मारुत है अग्निको इत्। एवं अग्निश्च ईत्वे अग्नीवरुणौ देवके यस्य अग्नीवारुणम्। यहां देवता द्वन्द्वे का सूत्रसे दोनों पदकी वृद्धि है। अग्निश्च विष्णुश्च अग्नाविष्णू (आनङ्) तौ देवते अस्य, देवता अर्थ अण देवता द्वन्द्वे च उभयपदवृद्धिः (आग्नावैष्णवं) हविः विष्णुपरे इत्वका निषेध कर आनङ ही हुआ।

वैष्णवम्। दिवो द्यावा ।६।३।२९। देवताद्वन्द्वे उत्तरपदे। द्यावाभूमी। मातरपितरावुदीचाम् ।६।३।३२। उदीचां किम् ? मातापितरौ। द्वन्द्वाच्चुदषहान्तात्समाहारे ।५।४।१०६। चवर्गान्तद्षहान्ताच्च द्वन्द्वाट्टच् समाहारे। वाक्त्वचम्। त्वक्स्रजम्। शमीदृषदम्। वाक्त्विषम्। छत्रोपानहम्। समाहारे किम् ? प्रावृट्शरदौ। इति द्वन्द्वसमासप्रकरणम्।

देवताद्वन्द्वमें दिवसे परे आनङ् हो, उत्तरपदपरे। द्यौश्च भूमिश्च द्यावाभूमी समासे द्यौ को द्यावा आदेश। द्यौश्च क्षामा च विग्रह (क्षामा भूमि पर्यायः)। वेदे दिवको द्यावा आदेश। षष्ठ्यास्तु सुपां सुलुक् आदेशा देवता द्वन्द्वे च पूर्वोत्तर पदयोः प्रकृतिस्वरः। मातरपितरौ उत्तरदिशा वालोंके मतमें समासमें मातृशब्दको अरङ् हो, तब वह मातरपितरौ बना। जब उत्तर दिशावालों का मत नहीं रहा तब ऋत आनङ् माताच पिताच मातापितरौ।

।९। द्वन्द्वाचुदषहान्तात्—चवर्ग (च, छ, ज, झ, ञ) और दषह ये अन्त में हो, ऐसे द्वन्द्व से टच् (अ) हो सामहार अर्थ में। वाक्च त्वक्च वाणी और त्वचा (स्पर्शग्राहक इन्द्रिय चर्म) वाचसु समाहार अर्थमें द्वन्द्वसमास। चवर्गान्त द्वन्द्वसे टच्। अकारान्त शब्द। चोः कुः से कुत्व, नपुंसकैकवचनं (वाक्त्वचं) जीर्यते वाणी स्पर्शेन्द्रिय शिथिल हो रहे हैं। त्वक् च स्रक्च तयोः समाहारः चर्म इन्द्रिय और माला पदों का समाहार द्वन्द्व, कुत्व, टच्, त्वक्स्रजं सहैव पश्यामि। शमीदृषदम्। समीच् दृषद् च समाहारः शमी लकड़ी और पत्थर इनके मिलजाने अर्थमें द्वन्द्वः। दकारान्त से टच् 'अ' समाहारे नपुं० इत्यादिः। वाक् च त्विट् च वाक्त्विषम् वाणी और चमक दोनोंका (वाच् सु त्विष् सु) समाहारे—मेल अर्थमें द्वन्द्वसमासः, षान्त होने से टच् आदिः। छत्रञ्च उपाहनौ च एषां समाहारः, द्वन्द्वसमासे टच् नपुं० एक छात्रोपाहनम् आपणे क्रीणामि। सूत्रमें एक समाहार क्यों पढ़ा ? इसलिए कि प्रावृट्शरदौ। प्रावृट् च शरच्च—वर्षा और शरद ऋतु, इस इतरेतरयोगद्वन्द्व में टच न हो। अतः नपुंसक एकवचन नहीं हुआ।

इति प्रभाकरमिश्रकृतयां प्रभाकरीटीकायां द्वन्द्वसमाप्तः।

विरुपाणामपि

समान अर्थवालोंका एकशेष कहा गया। अर्थ भेद में भी, शब्द एकरूप हो एकशेष कहा। यदि एक अर्थहो शब्द भिन्नहो। उसका भी एकशेष बोलें वक्रदण्ड और कुटिलदण्ड दोनों का एक अर्थ टेढ़ीं लकड़ी लाठी। शब्द भेद है अन्यतरः शिष्यते=कोइ एक शेष रहे अतः, या वक्रदण्डौ दोनों सत्य। अतः रूप्यते बोध्यते रूपमर्थ एकः विरूपः।

वृद्धोः। रूपतोअर्थतश्च भेदेऽपि=शब्द भेद, अर्थ भेद रहने पर भी कहां-कहां एक शेष होता हैं। यूना=युवप्रत्यान्त फक् फिञ् अन्त हो सहोक्तौ साथ बोलनेकी

अथैकशेषसमासप्रकरणम्

(विरूपाणामपि समानार्थानाम्)। वक्रदण्डश्च कुटिलदण्डश्च–वक्रदण्डौ-कुटिलदण्डौ। वृद्धो यूना तल्लक्षणश्चेदेव विशेषः ।१।२।६५। यूना सहोक्तो गोत्रं शिष्यते गोत्रयुवप्रत्ययमात्रकृतं चेत्तयोः कृत्स्नं वैरूप्यं स्यात्। गार्ग्यश्च गार्ग्यायणश्च–गार्ग्यौ। वृद्धः किम्? गर्गगार्ग्यायणौ। यूना किम? गर्गगार्ग्यौ। कृत्स्नं किम्? गार्ग्यवात्स्यायनौ। स्त्रीपुंवच्च ।१।२।६६। यूना सहोक्तो वृद्धा

इच्छा हो, तो गोत्रसंज्ञक शेष रहें, युवप्रत्ययान्तका लोप हो। वृद्धका अर्थ अपत्यं पौत्रप्रभृतिगोत्रं से गोत्रसंज्ञा है। प्राचीनों ने उसी गोत्रको वृद्धकहा। अपत्यमन्तर्हितं वृद्धं, न पतन्ति पितरो येन तदपत्यं, पुत्रपौत्र प्रपौत्रादि अपत्य संतान परंपरा है। जिससे पितर प्रसन्न होते हैं उसी अपत्य के अन्तरित=भीतर प्रविष्ट पौत्रको गोत्रसंज्ञा हो। वृद्ध पूर्वाचार्य सम्मत गोत्र का पर्याय है युवा=युवसंज्ञाके साथ सहयुक्त अप्रधाने च तृतीया। जीवति सु वंश्ये युवा। वंशे भवः वंश्यः प्रपौत्र, तीसरी पीढ़ीसे परम्परा, पितामह प्रपितामहं वृद्धप्रपितामह जीवित हों, तब युवसंज्ञा। उसका फल फक् फिञ आदि गोत्र हों। यूना नहीं पढ़ा, अपत्याधिकारसे अलग अन्यत्र लौकिकगोत्र लेनेके लिये। विशेषः=वैरूप्यं शब्दभेदः तल्लक्षण=होना चाहिये। स गोत्रप्रत्ययः युवप्रत्ययश्च लक्षणं निमित्तं भेदकारणं यस्य, यदि भेदका कारण दोनों प्रत्यय ही हों यञ् फिञ् आदि, या अन्य कोई। इसलिये कहा कि गोत्रप्रत्यय युवप्रत्ययसे ही किया हुआ वैरूप्य हो। एव का अर्थ कृत्स्नं पूर्णभेद है यथा गर्गस्य गोत्रापत्यं गार्ग्यः गोत्र अगली पीढ़ी की परम्परा अर्थमें गर्गादिभ्यो यञ् गार्ग्यः। गर्ग वंश का पौत्र आदिगोत्रसे रूप बना। इसके विरुद्ध अर्थशब्द भेदसहित रूप गार्ग्यस्यापत्यं युवा चौथी पीढ़ीकी युवसंज्ञा होती है। यदि प्रपितामह वृद्धिप्रपितामह जीवित हो। तब उस अर्थमें यञ् से फक–आयन गार्ग्यायणः। गर्गगोत्रमें चौथी पीढ़ीसे अर्थभेद शब्दभेद प्रत्ययसे हुआ। इन दोनोंके बीच गोत्रं शिष्यते गार्ग्यौ। उसका अर्थ गर्गकुलका पौत्रप्रपौत्रौ स्तः। सूत्रसे वृद्ध क्यों पढ़ा, गोत्रके साथ सह विवक्षा हो, एक शेष रहे ऐसा क्यों? गर्गश्च गार्ग्यायणश्च यहां एक शेष न हो। दोनों में भेद, युवप्रत्यय से ही फिञ् है। यदि वृद्धको गोत्र नहीं कहेंगे, यहाँ भी एकशेष होगा। न गोत्रं, नैकशेषः। यूना किं? ठक् फिञ् प्रत्ययके भेद से वहाँ वैरूप्य क्यों कहा? गर्गश्च गार्ग्यश्च तहाँ एकशेष न हो। क्योंकि गोत्रप्रत्यय यञसे ही विरूप है। युवके साथ न होंनेसे एकशेष नहीं हुआ। कृत्स्नं=सम्पूर्णवैरूप्य ऐसा क्यों? गर्गस्य गोत्रापत्यं गार्ग्यः। वत्सस्य-वात्स्यः गर्गादि–यञ्। वत्सस्यापत्यं युवा वात्स्यायनः, फक्। गार्ग्यश्च वात्स्यायनश्च यहाँ गोत्र युव प्रत्ययसे ही भेद नहीं, क्योंकि प्रकृतिके विरूपमें गोत्र युवमात्र कारण नहीं अतो न शेषः।

स्त्री। वृद्धो यूना आया वृद्ध स्त्री बना। यूना=युवसंज्ञक (फक् फिञ्) प्रत्य-

स्त्री शिष्यते तदर्थश्च पुंवत् । गार्ग्यी च गार्ग्यायणी च—गर्गाः ॥ **पुमान् स्त्रिया** ।१।२।६७। स्त्रिया सहोक्तौ पुमान् शिष्यते, तल्लक्षण एव विशेषश्चेत् । हंसा च हंसश्च—हंसौ ॥ **भ्रातृपुत्रौ स्वसृदुहितृभ्याम्** ।१।२।६८। भ्राता च स्वसा च भ्रातरौ । पुत्रश्च दुहिता च-पुत्रौ ॥ **नपुंसकमनपुंसकेनैकवच्चास्यान्यतरस्याम्** ।१।२।६९। अक्लीबेन सहोक्तौ क्लीबं शिष्यते, तच्च वा एकवत् स्यात्तल्लक्षण एव विशेषश्चेत । शुक्लः पटः, शुक्ला शाटी, शुक्लं वस्त्रम्, तदिदं शुक्लम्–तानीमानि शुक्लानि ॥ **पिता मात्रा** ।१।२।७०। मात्रा सहोक्तौ पिता वा शिष्यते । माता च पिता च–पितरौ–मातापितरौ । **श्वसुरः श्वश्र्वा** ।१।२।७१। श्वश्र्वा सहोक्तौ श्वशुरौ

यान्तके साथ बोलनेकी इच्छा हो, तब वृद्धा=गोत्रसंज्ञक स्त्रीलिंग शेष रहता है । स्त्री धर्मसे अधिक विरूप है । पूर्वसे शेष प्राप्त नहीं अतः यह सूत्र । तदर्थः=तस्य शिष्यमाणस्य-शेष बचे स्त्री गोत्रप्रत्ययान्त का पुंवत्=पुलिंग की तरह हो । उसका स्फोरक द्विवचानान्त विग्रह, गर्गस्यापत्यं गार्गी, लुक् यञश्च ङीप् । तथा गार्ग्यायणी गर्गसे यञ् उससे युवापत्य अर्थमें फक् । दोनों में वृद्धा=गोत्रवाली स्त्री शेष रही, पुलिंग हुआ । स्त्री अ अधिक होने पर भी शेष गर्गाः ।

पुमान् वृद्धो युना हटा । सरूपाणां आया, अतः स्त्रलिङ्गके साथ कहा गया पुरुष धर्म शेष रहता है । तल्लक्षण एव विशेषः=स्त्री पुरुष धर्म मात्रसे विरूप भेद हों तब पुम्का शेष । हंसी और हंसकी साथमें अन्वय हो हंस शेष रहे । स्त्री-पुरुषकृत्विरूपसे सरूपाणां नहीं लगा । माता—पालनेवाली; माता—तौलने वाला दोनोंमें एकशेष नहीं, इक्कीस विभक्तिमें सामान रूप न होने से । हंसश्च वरटाच यहां भी न एकशेषः । अन्यथा अतिप्रसङ्ग होता ।

भातृ=स्वसृ बहन, दुहतृ लड़कीके साथ कहे हुए भ्राता पुत्र शेष रहे । यहाँ न सरूप, न विरूप है पूर्वसे प्राप्त न था । अतः यह सूत्र । भ्राता और स्वसा–भाई और बहन है भ्रातरौ स्तः । स्वसाका लोप हुआ । भ्रातरौ दोनों अर्थको कहेगा । पुत्रश्च दुहिताच बेटा बेटी की इच्छामें पुत्र शेष रहा ।

नपुंसकका अनपुंसकके साथ सह इच्छामें नपुंसक शेष रहे, तत्व=वह एक-वचन विकल्पसे हो, तल्लक्षण=नपुंसक भेद विरूपमें कारण हो । शुक्लः शुक्ला शुक्लं विग्रह पटः, शाटी वस्त्रं, तीनों लिङ्गोंका सूचक (गुणेशुक्लादयः पुंसि गुण-लिङ्गास्तु तद्वति) तीनोंमें नपुंसक शेष रहा, लिङ्गके कारण विरूप भी है । तदिदं शुक्लं या जो तीनो लिङ्गके गुणका सूचक विशेष । बहुवचनमें शुक्लाः शुक्लाः शुक्लानि च बहुबचन । एवं स च सा च तच्च तत्=अयञ्च इयञ्च इमानि । तीनों लिंगके साथ इच्छामें नपुंसकका शेष । समाहार में एकशेष नहीं होता । अनपुंसक क्यों ? शुक्लञ्च २ शुक्ले एकवत् न हो । जातिपक्षे भाष्ये प्रत्याख्यातः एकशेषः । पिता माताके साथमें पिताका विकल्प एकशेष । माता और पिताके

वा शिष्यते। श्वश्रूश्च श्वशुरश्च–श्वशुरौ-श्वश्रूश्वशुरौ। त्यदादीनि सर्वैर्नित्यम् ।१।२।७२। सर्वैः सहोक्तौ त्यदादीनि शिष्यन्ते। स च देवदत्तश्च–तौ॥ त्यदादीनां मिथः सहोक्तौ यत्परं तच्छिष्यते)। स च यश्च—यौ॥ (पूर्वशेषोऽपि दृश्यते)। इति भाष्यम्। स च यश्च—तौ॥ (त्यदादितः शेषे पुंनपुंसकतो लिङ्गवचनानि)। सा च देवदत्तश्च–तौ। तच्च देवदत्ता च यज्ञदत्तश्च–तानि॥ ग्राम्यपशुसंघेष्वतरुणेषु स्त्री ।१।२।७३। एषु सहविवक्षायां स्त्री शिष्यते। गाव इमाः। ग्राम्येति किम्? रुरव इमे। पशुग्रहणं किम्? ब्रह्मणा इमे। संघेषु किम्?

सहभावमें पिता रह गये। द्विवचने पितरौ। यदा न एकशेषः तदा मातापितरौ। पितुर्दशगुणामाता गौरवेण अतिरिच्यते। माता पूजित है पूर्वनिपात, आनङ् भी।

श्वसुर=सासके साथ ससुरका विकल्पसे शेष हो। दोनो विरूप जान पड़े तब, जब एक शेष, रहा तब श्वसुरौ। पक्षमें दूसरा रूप श्वश्रूः पूर्वज पत्नीच मातृतुल्या प्रकीर्तिता। अभ्यर्हितं च पूर्वनिपात। त्यदादीनि सर्वैः=सभीके साथ कहे गये (साथ विवक्षा में) त्यत् तद् यद् इत्यादि नित्य एक शेष होते हैं। जैसे स च देवदत्तश्च तौ पठतः। त्यदादि=तत्का शेष, देवदत्त लुप्त। तौ पठतः। तद्देवदत्तौ नहीं बना। सर्वैः क्यों? केवल त्यदादिमें ही सहभाव न समझा जाय। त्यादादी-नाम्=त्यद् तद् यद् इत्यादि गणपठितके बीच सह भाव हो, तब यत्परं=जो परमें पढ़ा हो वही शेष रहे परं कार्यम्। सच यश्च वह और जो भी। सहभावमें परमें यत् शेष रहा। सा च या च विग्रहमें भी पर होनेसे यत् शेष रहा। परं कार्यका इष्टं कार्यम् अर्थ है। पूर्वके एकशेषसे अनुकूल अर्थ तो तब पूर्वशेषोऽपि=पूर्वका भी एकशेष होता है। स च यश्च पूर्वमें तद् ही शेष रहा, यत् लुप्त हुआ। इसमे प्रमाण-अहं च भवाश्च आवाम् अस्मद ही शेष रहा; भवत् लुप्त हुआ। त्यदादितः षष्ठी अर्थ तस् त्यदादिगणमें स्त्रीके शेषमें भी सहभाव शेष हो, उनमें जो पुरुष, जो नपुंसक उनके अनुकूल लिंग और प्रातिपदिक होते हैं। सा और देवदत्तके साथमें सा का मूल तद् शेष, देवदत्तका लोप। उसका पुलिंग तौ। एवं उच्च च देवदत्ता यज्ञदत्ताके साथ समास। नपुंसकलिंग। जो शेष रहा तानि।

ग्राम्यपशुसंघ–अतरुणेषु युवा तगड़े न हों, तब ग्रामे भवः ग्राम्यः देहाती और पशु समुदायके साथ स्त्री शेष होती है। पुमान् स्त्रियाः को बांधकर। गौश्च–२ पुं० स्त्री गाय साथमें इष्ट है। पुमान् स्त्रियाः को बांधकर स्त्रीगौः शेष। लोप हुए को भी कहनेके लिए जस् गावः। स्त्री शेष हो, या पुरुष, कोई भेद नहीं। बोले इमाः त्यदादितः शेष नहीं होता। गावः इमा इमे च इमाश्च इमाः, भाष्य-प्रयोगसे रुरव इमे। रुरुः कृष्णः मृगः गाँवका पशु नहीं है स्त्री शेष नहीं किन्तु पुमान्का शेष उसका अनुप्रयोग इमे। पशु क्यों पढ़ा? ब्राह्मणी च ब्राह्मणाश्च ब्राह्मणाः इमे। पशु नहीं, न स्त्रीकेष किन्तु स्त्रीके साथ पुरुषका शेष। अन्यथा

एतौ गावौ। अतरुणेषु किम्? वत्सा इमे॥ (अनेकशफेष्विति वाच्यम्)। अश्वा इमे॥

इत्येकशेषसमासप्रकरणम्।

अथ समासान्तप्रकरणम्

ऋक्पूरब्धूःपथामानक्षे ।५।४।७४। ऋगाद्यन्तस्य समासस्य अप्रत्ययोऽन्तावयवः, अक्षे या धूस्तदन्तस्य न। अर्धर्चः अनृचबह्वृचावध्येतर्येव। नेह—अनृक् साम। अह्वृक् सूक्तम्। विष्णुपुरम्। विमलापं सरः॥ द्व्यन्तरुपसर्गेभ्योऽप

ब्राह्मण्यः इमाः। संघ समुदाय क्यों, एतौ गावौ स्त्री० पु० के साथ पढ़ी है। संघ नहीं स्त्रीशेष भी नहीं। बहूनां समुदायों संघः। स्त्रीशेष होता, एते अनुप्रयोग बनता। अतरुण क्यों? वत्साः इमे। वत्साश्च २ इति विग्रहे तरुण युवा है स्त्री होता इमाः अनुप्रयोग होता। शफेषु=अनेक खुर हों, तभी स्त्रीशेष कहें। एकशफ खुर घोड़ेका है वहाँ ग्राम पशु सूत्र नहीं लगता अश्वाश्च २ अश्वाः इमे। एकशफ स्त्रीशेष नहीं। इमे पुलिंग अनुप्रयोग। इति एकशेषसमासप्रकरणम्॥

अथसमासान्ताः समासस्य अन्तः समासान्तः प्रत्ययः प्रारभ्यते।

।९९०। **ऋक्च** आनक्षे अ अनक्षे। अ-अप्रत्यय हो, अनक्षे अक्ष (चक्र, धुरा) को छोड़कर। इतिक्षेदः ऐसा विभाग है। ऋगाद्यन्तस्य ऋच् (मन्त्र) विरूपाणामपि। पुरः ग्राम। अप्—जल, धुर, चक्का और पथिन् ये शब्द जिस समास के अन्तमें हों उनसे (अ) हो, वह समासका अन्त अवयव माना जाय। परन्तु अक्ष (रथ का चक्र) उसका मुख्य धुर शब्द अन्तमें न हो। क्रमशः उदाहरण–ऋचाम् अर्धः अर्धर्चः मंत्र का आधा। षष्ठी समास, अप्रत्यये, अथवा अर्धं नपुंसकमिति समास, सुलोप, गुण ऋक्पूब्ध्-सूत्रमे अप्रत्यय अर्धर्चादयः पुंसि इति नियमेन पुलिङ्ग अर्धर्च विष्णोः पूः (विष्णु भगवान् की नगरी) अत्र षष्ठी तत्पुरुषः समासादि कार्यं ऋक्पूइति 'अ' प्रत्यये। परवल्लिंगमिति नपुंसकासंभवात्। कर्णपुरम्—कानपुर। लक्ष्मणपुरम् -लखनऊ। नागपुरम्। विमलाः आपो जालानि यत्र तत् विमलापं सरः तड़ागः। निर्मलजल वाला तालाब। विमलयशः अपयशः समास समासान्त अप्रत्यये। सरः विशेषणानुसारी लिंगवचन राज्ञोधू राजधुरा (राजाओं का भार कर्तव्य पृथ्वीपालन) षष्ठीसमास, अप्रत्यय टाप्, राजधुरा। धूः स्त्री क्लीवे यानमुखम् इत्यमरः। सूत्र मे अ अनक्षे इस निषेध, अंशसे अक्षधूः में समासान्त अप्रत्यय नहीं हुआ। अक्षश्चक्रं तस्य धूः अग्रभागः। (रथ पहिए का अगलाभाग) अक्षधूः दृढधूः दृढ़ा धूः यस्य (मजबूत धुरा है जिसका रथ नाभिछिद्रम्। बहुव्रीहिसमास अप्रत्यय प्राप्त अनक्षे सेति निषेध। सख्युः पन्था इति सखिपथः मित्र का मार्ग। सामान्य सम्बन्ध। मित्रसंबंधी रास्ता। सखि ङसि पथिम् सु। षष्ठी समास, समासान्त अप्रत्ययः! भस्य टेर्लोपे विभक्तिकार्यं सखिपथः प्रशंसनीयोऽस्ति। रम्याः पन्थानो यस्य (रमणीय रास्ते वाला देश)

ईत् ।६।३।९७। द्वीपम् । अन्तरीपम् । प्रतीपम् । समीपम् । (अवर्णान्ताद्वा) । प्रेपम् प्रापम् ॥ ऊदनोर्देशे ।६।४।९८। अनूपो देशः । राजधुरा । अक्षे तु--अक्षधूः । दृढधूरक्षः । सखिपथः । रम्यपथो देशः ॥ अच् प्रत्यन्ववपूर्वात्सामलोम्नः ।५।४। ७५। प्रतिसामम् । अनुसामम् । अवसामम् । प्रतिलोमम् । अनुलोमम् । अवलोमम् । (कृष्णोदक्पाण्डुसंख्यापूर्वाया भूमेरजिष्यते) कृष्णभूमः । उदग्भुमः । पाण्डु-

---

अनृचः=अविद्यमानाः ऋचो यस्य बह्वृचः ऋच यस्य बह्वृचः । ऋग्वेदकी शाखाका अध्ययनकर्ता अर्थ में ही, 'अ' प्रत्यय हो। इस नियमका फल नेह=यहाँ नहीं हुआ, अविद्यमानाः ऋचो यस्मिन् अनृक्साम । यहाँ ऋग्वेद अध्ययनकर्त्ता अर्थ नहीं है । ऋचि-अध्यूढं प्रजापतेर्हृदयं साम । मंत्र प्रजापतिका हृदय न हो, वह साम गायन यदि समासान्त अप्रत्यय नहीं रहेगा तब शेषद्विभाषासे कप् अनृचकः भी होगा । बह्वृचःऋचो यस्मिन् बहु-ऋक्सूक्तम् बहुत मन्त्रोंवाला देवस्तुति । द्व्यन्त=द्वि, अन्त और उपसर्ग इनसे परे कप्को ईत् यहाँ अप् कृत समासान्त=प्रत्यय अन्तमें अवश्य हो । अतः येनविधिः सूत्रमें आपस्तिष्ठन्ति स्वापस्तिष्ठन्ति प्रमाण, वहाँ अप अकारान्त है । आदेः परस्यसे आदि अ को ही ई होगा । द्वीपं द्वयोः पार्श्वयोः गता आपो यस्मिन्स्थले दो तरफसे पानी भरा हो जिसमें इससे व्याधिकरण-विषम-विभक्तिकी बहुब्रीहि सूत्रसे अप्रत्यय । द्व्यन्तसे ईत् सवर्णदीर्घ द्वीपम् । अन्तर्गता आपो यस्मिन् अन्तरीपं भीतर भरा जलका स्थान जलखाता समास 'अ' अप्के अ को ई । प्रतिकूला आपो यस्मिन्समीपं त्रिवेणी संगम । सर्वत्रसमास; अन्त 'अ' अप्के आदि अ को ई होगा ।

अवर्णान्तात्=अकारान्त उपसर्गसे परे अपस्य=अपके अ को ई विकल्प हो । प्रगताः आपो यस्मिन्प्रापं (बहुत बड़ा जल का बाँध) समासे समासान्त 'अ' । प्र अवर्णान्त है अपके अ को ई, गुण प्रेपम् । जब इत्व नहीं तब दीर्घ प्रापं, बाढ़का स्थान । परागता आपो यस्य लौटा हुआ जलवाला स्थान । यहाँ भी समास 'अ' विकल्प ईत्, गुण परेपं पक्षे दीर्घे परापम् । ऊदनोः अनु० से परे अप्के अको ऊत् हो देश अर्थमें । ईत्को बाँधकर । आदेः परस्य । अनुकूला आपो यस्मिन्देशे स अनूपः । सर्वप्रिय जलवाला, समास, 'अ' ईको बाधकर सूत्रसे ऊ, सवर्णदीर्घ । जलप्रायमनूपः स्यादित्मरः अतप्तो गोमान् गोभिः इति नावगृहणन्ति केचित् । सूत्रोंमें अपका प्रपञ्च पूर्ण । अच् प्रति अनु अव पूर्वमें, सामन् लोमन् अन्तमें हो, ऐसे समाससे अच् कहें । प्रतिगतं साम प्रतिसामं समासे प्रतिपूर्वक समान्से अच् तद्धित परे टिलोपे । अनुगतं साम अवसामं अच् टिलोप । प्रतिगतं लोम प्रतिलोमं विपरीत रोंगटे, अनुगतं लोम अनुलोमं अनुकुल अर्थ । अवगतं लोम अवलोमं कृष्णप्रतिकूल । अनुकूल आदि अर्थ समास होने पर अच् टिलोप सबमें । प्रामाणिक वचन कृष्ण काला, ऊदक् पाण्डु-सफेद और संख्या पूर्वमें हो, भूमि अन्तमें ऐसे समास से अच्

भूमः। द्विभूमः। त्रिभूमः प्रासादः॥ (**संख्याया नदीगोदावरीभ्यां च**)। पञ्च-नदम्। सप्तगोदावरम्। अजिति योगविभागदन्यत्रापि-पद्मनाभः। **अक्ष्णोऽदर्श-नात्** ।५।४।७६। अचक्षुःपर्यायादक्ष्णोऽच् स्यात्। गवामक्षीव--गवाक्षः। अचतुर-

---

होंना इष्ट है। कृष्णभूमिर्यस्य कृष्णभूमः प्रासादः (काली भूमि वाली महल) समासे वचनसे अच्। टिलोप स्वादिः। ऊदीची भूमिर्यस्य उत्तरदिशांकी भूमिवाला महल। अच् टिलकोप। पाण्डुः भूमिर्यस्य पाण्डु भूमः ग्रामः। द्वे भूमः समाजः तिस्रोभूमयो यस्य त्रिभूमः प्रासादः। सभीमें समास, अच् टिलोप स्वादिकार्य समझे (वा०) संख्या का नदी और गोदावरी शब्दके साथ समास होने पर अच् होना पसन्द है। पञ्चानां नदीनां समाहारः पञ्चनंदम् एवं सप्तानां गोदावरीणां समाहारः सप्तगोदावरं पाँच नदीयों, का समुदाय, सात गोदावरीका समुदाय। नदीभिश्चसे अव्ययीभाव समास। वार्तिक से अच्। यस्येति च इलोपे। सु को अम् नाव्ययीभावात्सूत्रसे। अचिके योगविभागसे अत्यन्त भी अच् इष्ट है। पद्मं नाभौ यस्य विष्णुके नाभिमें कमल है। अच् इलोपे। यह योग विभाग भाष्यमें देखा नहीं गया अतः पृषोदरादीनि यथोपदृष्टंसे सिद्ध। जैसा उपदेश वैसा मान्य। रम्यपथः बहुव्रीहिसमासे अप्रत्यये टिलोप **अक्ष्णो** अदर्शनात्—दर्शन अर्थ में प्रसिद्ध न हो अचक्षुपर्यायात् [आंख] अर्थसे भिन्न अक्षिशब्दसे अच्प्रत्यय हो। वह समासांत माना जाय। गवाम् आक्षी इव (गाय की आँख की तरह) खिड़की, झरोखा, गौंखा, गवाक्षः। षष्ठीतत्पुरुषसमास, यहाँ अक्षशब्द के नेत्र भिन्न अक्ष सदृश अर्थसे समासान्त अच् हुआ। सुपोलुक् आदिः। गवाक्षः। वातायनं हवादार

अचतुर विचतुर वादि २५ शब्दको निपातनसे (समास) अच टिलोग आदि हो। आरम्भके तीन बहुव्रीहि में ही मान्य। तत्पुरुषमें अचत्वारः द्विचत्वारः सुचत्वारः आदि होते हैं। अविद्यमानानि=अनुपस्थित है ४ जिसके वे अचतुरः समास, विद्यमानपदका लोप। 'अचतुरः—सूत्रेण अच् आदि, निपातनसे। विगतानि चत्वारि यस्य चार वस्तु खो गयी है जिसकी' विचतुरः समासे अच् आदि। शोभ-नानि चत्वारि यस्य। समासे न पूजनात् के निषेध को बाधकर अच् आदि निपातनसे। अच्छी चार वस्तु है जिसकी। वार्तिक त्र्युपा=त्रि और उप पूर्वमें हो उससे परे चतुर शब्दसे अच् हो। त्रयो वा चत्वारो वा त्रिचतुरा ३ या ४ 'संख्या-व्यय'—बहुब्रीहि समासे डच् को बाधकर निपातनसे अच्। डच् होता टिलोपहो जाता। ४ समीपमें जो है वे उपचतुराः ३ या ५ लगभग ४ पूर्वंद्व मासादिः। ततः उसके बाद ११-द्वन्द्व ही है। यह भाष्यवचन। स्त्री च पुमांश्च द्वन्द्व समासे, बड़े सूत्रसे अच् आदि निपातनसे। अच न होता, स्त्री० बनता। धेनुश्च अनड्वांश्च गया और बैल धेन्वनडुहो। अच् होने पर द्विवचन औ। नहीं तो अनड्वाहौ बनता।

विचतुरसुचतुरस्त्रीपुंसधेन्वनडुहर्क्सामवाङ्मनसाक्षिभ्रुवदारगवोर्वष्ठीवपदष्ठीवनक्तंदिवरात्रिन्दिवाहर्दिवसरजसनिःश्रेयसपुरुषायुषद्व्यायुषत्र्यायुषर्ग्यजुषजातोक्षमहोक्षवृद्धोक्षोपशुनगोष्ठश्वाः । ५ । ४ । ७७ । एते पञ्चविंशतिरजन्ता निपात्यन्ते । आद्यास्त्रयो बहुव्रीहयः । अविद्यमानानि चत्वार्यस्य—अचतुरः । विगतानि चत्वार्यस्य—विचतुरः । सुचतुरः ॥ (त्र्युपाभ्यां चतुरोऽजिष्यते) । त्रिचतुराः । चतुर्णां समीपेऽपचतुराः । तत एकादश द्वन्द्वाः—स्त्रीपुंसौ । धेन्वनडुहौ । ऋक्सामे । वाङ्मनसे । अक्षिणी च भ्रुवौ चअक्षिभ्रुवम् । दाराश्च गावश्च—दारगवम् । ऊरू च अष्ठीवन्तौ च—ऊर्वष्ठीवम् । निपातनाट्टिलोपः । पद-

---

समाहार द्वन्द्व होतो, द्वन्द्वाच्चुदषसे सिद्ध होता । ऋच्च साम च ऋक्सामे अच और टिलोप, शी गुण अच न होता ऋक्सामनी बनता । वाक्च मनश्च वाङ्मनसे अच् का फल है । नहीं तो वाङ्मनसी होता । अतिभ्रुवम् आँख और भौं, द्वन्द्व समास, अच । प्राणि का अंग एकवचनरूप । नहीं तो केक्षिभ्रु होता । दारा स्त्रियाँ और गायें हैं । दारगव, तेषां समाहारः, द्वन्द्वसे अच अव् नपुंसक । अच् न होता दारगु बनता । इतरेतर द्वन्द्वमें दारगावः सन्ति स्त्रियाँ और गायें हैं । ऊरू—सक्थिनी जंघे अष्ठीवन्तौं जानुनी घुठने । एतेषां समाहारः । सक्थि क्लीबे पुमानुरूपर्वाष्ठीवदस्त्रियां, जानु उरु पर्व अष्ठीवत् । ये सब घुठना गाँठ अर्थमें । समासे अच् टिलोपे । उर्वष्ठीवं, डित् नहीं, नान्त नहीं, टिलोप कैसे ? निपातनसे । पादौ च अष्ठीवन्ती च पाँव घुटने प्राणिके अंग एकवचन पदष्ठीवं, भसंज्ञा नहीं, पादको पद कैसे ? निपातनसे पादको पद हुआ । नक्तं मान्त अव्यय, दिवा आ अन्त अव्यय । रातका द्वन्द्व एकार्थसे अच् । यस्येति आलोप, अव्ययसंज्ञा, नपुंसक **नक्तन्दिवं** नाव्ययीभावात्से सु को अम् । **रात्रौ** च रातमें दिनमें रात और दिनका द्वन्द्व सुपो लुक् । रात्रिको मान्त निपातनसे । यस्येति आलोप अम्भाव, **रात्रिन्दिवं** कोलाहलम् । **अहन् दिवा** च प्रतिदिनम् **अहर्दिवं** कार्य, निपात से अच् आलोप । रोऽसुपि न को र, अच् आलोप अम्भाव । अहन्शब्द, और दिवा का अर्थ एक है, सह भाव नहीं है समास कैसे ? यदि एक एक दिनका भेद मानकर द्वन्द्व हो भी तब विरूपाणामपि समानार्थानाम् अर्थ एक हो रूप भेद हो, एक शेष अवश्य होगा । तब बोले **वीप्सायां = नित्याप्सयोः** से द्वित्व होने पर एक शेष को बाधकर निपातन से समास । उसका अर्थ अहन्यहनि प्रतिदिन होगा । रजोऽपि अपरित्यज्य **सरजसं** धूलि को भी न छोड़कर सम्पूर्ण शाकल्प अर्थ में रजस् के साथ अव्ययीभावे च काले सह को स, अच् अव्ययीभाव मानग । बहुव्रीहि समास में रजोभिः परागः सह सरजः कमलं तेन सहेति तुल्यं योगे समासे (वा उपसर्जनस्य सह को मह, नहीं हुआ । निश्चित है श्रेय कल्याण कर्मधारय समास से अच् निःश्रेयसम् अस्तु निश्चित कल्याण हो । तत्पुरुष से ही अचा हो, अतः बहुव्रीहि

ष्ठीवम्। निपातनात्पादशब्दस्य पद्भावः। नक्तं च दिवा च–नक्तंदिवम्। रात्रौ च दिवा च रात्रिन्दिवम्। रात्रेर्मान्तत्वं निपात्यते। अहनि च दिवा च-अहर्दिवम्। वीप्सायां द्वन्द्वो निपात्यते—अहन्यहनीत्यर्थः। सरजसमिति साकल्येऽव्ययीभावः। बहुव्रीहौ तु सरजः पङ्कजम्। निश्चितं श्रेयो—निःश्रेयसम्। तत्पुरुष एव। नेह–निःश्रेयान्पुरुषः। पुरुषस्यायुः-पुरुषायुषम्। ततो द्विगु-द्व्यायुषम्। त्र्यायुषम्। ततो द्वन्द्वः—ऋग्यजुषम्। ततस्त्रयः कर्मधारयाः–जातोक्षः॥ महोक्षः। वृद्धोक्षः॥ शुनः समीपम् उपशुनं। टिलोपाभावः सम्प्रसारणं च निपात्यते। गोष्ठे श्वा–

में निश्चितं श्रेयो यस्य निःश्रेयान्पुरुषः यहाँ अच नहीं हुआ। इयसश्च के निषेध से कप् भी नहीं। पुरुष की आयु पुरुषायुषं षष्ठी समास से अच्। ततो द्विगुः। संख्यापूर्व के समास से अच। त्रयाणां आयुषां समाहारः त्र्यायुषम् जमदग्नेः तिगुनी आयु हो तद्धितार्थोत्तर दिगुसमास अच ततो द्वन्द्वेतिमाष्यवछकम्। ऋ अज्ञयोः। समाहारः ऋग्वेद यजुर्वेदका समुदाय। अच्। ततः तीन कर्मधारय हैं। जातश्चासौ उक्षाच जातोक्षः। तगड़ा विशाल बैल। समास आन्महतः से आ, अचि, टिलोप। वृद्धोक्षः बूढ़ा बैल। वृद्धश्चासौउक्षा च, अचि टिलोप। शुनः समीपं कुत्ताके पास उपशुनं गच्छ। समीप अर्थ में अव्ययीभाव समाससे अच्, नपुंसक। शङ्कानस्तद्धिते टिलोप क्यों नहीं। श्वयुवमघोनां' सूत्र तद्धितमें सम्प्रसारण नहीं करता। तब बोले बड़ा सूत्र ही टिलोपका अभाव और सम्प्रसारण कार्य निपातन से करता है। गोष्ठेश्वा, गोशालामें कुत्ता। सप्तमीसमासमें अच्, इसी भाष्यसे सप्तमी समास टिलोप। अतद्धिते कहनेसे सम्प्रसारण नहीं। गोष्ठस्य श्वा षष्ठी-समासमें अच् नहीं होता।

ब्रह्म और हस्तिसे वचस् से अच् हो। ब्रह्मणो वर्चः ब्रह्माका तेज, अच् हुआ। हस्तिनो वर्च हाथियोंका हाथी झुण्ड। अच अन्त हुआ। पल्य और राज से परे वर्चस् से भी अच् कहे। पलं मांसं तदर्हति पल्यः मांस भोजी, तस्य वर्चः प्रभावः अजन्तः। राज्ञां वर्चः राजाओंका तेज प्रभाव। अच् अन्त।४७। **अवसम** अन्ध इनसे परे तमस् से अच् हो। अवहीनं तमः अवतमसं घोर अन्धकार। सततं तमः निरन्तर अंधेरा। सन्तमसं प्रादि समास, अच् अन्त दोनों है। अन्ध दृष्ट्युपघाते, चुरादिः। आँख ज्योति नाश के अनुकूल क्रिया अन्धयति दृष्टिं प्रतिबध्नाति अन्धं, पचादिः अच्, टिलोप अनु, अव, तप्त इनका समाहार द्वन्द्व। इनसे परे रहससे अच् हो। एकान्त अप्रकाशप्रदेशः रहः का अर्थ। अनुगतं रहः अनुरहसम् ज्ञात-शून्यस्थानाम् अवहीनं रह इति विग्रहे प्रादिसमासे अच्। अवरहसम् एकान्तका अभाव। तप्तं रहः तप्तरहसम् उष्ण एकान्त। अच्। प्रतेः सप्तमी अर्थमें स्थित द्योतक, प्रतिसे परे उरससे अच् हो उरसि इति। हृदयमें जो हो, अनेन यदुच्यते तदेव प्रत्युरसं, सप्तमी अर्थका द्योतक प्रति विभक्ति अर्थमें है। अतः अव्ययं

गोष्ठश्वः ॥ ब्रह्महस्तिभ्यां वर्चसः ।५।४।७८। अच् । ब्रह्मवर्चसम् । हस्तिवर्चसम् । (पल्यराजभ्यां च) पल्यवर्चसम् । राजवर्चसम् ॥ अवसमन्धेभ्यस्तमसः ।१।४। ७९। अवतमसम् । सन्तमसम् । अन्धतमसम् ॥ अन्ववतप्ताद्रहसः ।५।४।८१। अनुरहसम् । अवरहसम् । तप्तरहसम् । प्रतेरुरसः सप्तमीस्थात् ।५।४।८२। उरसि इति--प्रत्युरसम् ॥ अनुगवमायामे ।५।४।८३। एतन्निपात्यते दीर्घत्वे । अनुगवं यानम् । 'यस्य चायाम' इति समासः ॥ उपसर्गादध्वनः ५।४।८५। प्रगतोऽध्वानं--प्राध्वो रथः ॥ न पूजनात् ।५।४।६९। पूजनार्थात्परेभ्यः समासान्ता

विभक्ति समीप वादिसे समासे, 'प्रतेरुरस' सूत्रेण अच् ।५१। अनुगवम् यह आयाम विस्तार दीर्घ अर्थ प्रकाशक अनु पूर्वमें हो, गो से अच्प्रत्यय का निपातन हो । आयामका दीर्घ अर्थ, उसका सूचक अनुगोः गायकी दीर्घताके तुल्य दीर्घयानम् अनुभवम् । यस्य चायामः सूत्रेण अव्ययीभावसमासे, अनेन अच् अवादेशे । गायकी लम्बाई के समान यानका नाम । नेह=इह न निषेधः परमश्वासौ राजा च परमराजः यहाँ टच् हुआ निषेध नहीं ।

उपसर्गसे परे अध्वन, शब्दको समासान्त अच् हो, क्रियाके योगमें । प्रादि उपसर्ग है । प्रगतो अध्वानं (मार्ग पर चला हुआ । अत्यादयः क्रांताद्यर्थे द्वितीयया । प्रगतः—दौड़ा हुआ या तेज चला हुआ । अर्थ द्योतक प्रशब्द का अध्वन के साथ समास, टिलोपादिः । प्राध्वो रथ आनीयते । ३ । नपूजनार्थात्— प्रशंसनीय अर्थ से परे समोसान्त प्रत्यय न हो (वा०) सु और अति के प्रशंसनीय-अर्थसे परे ही समासान्त प्रत्यय का निषेध है । अर्थात् सु अति से भिन्न प्रशंसार्थक शब्दों से प्रत्यय हो । शोभना राजा सुराजा प्रशंसनीयः राजा (स) सुराजन् से कुगति प्रादयः समास । 'राजाहः सखिभ्यष्टच् इति टच् प्राप्ते नपूजनात् से निषेध । पूजनीय अर्थ में सु स्वादिकार्यं । राजानमतिक्रान्तोऽतिराजा । राज तेशोभते राजा अतिशायितः राजा, अतिराजा । अत्रापि कृते समासे टज्न भवति ।

इति प्रभाकर मिश्रकृतायां प्रामाकर्या समासान्ता- ।

किमः क्षेप निन्दा कुत्सा अर्थमें किंशब्द, उससे परे जो शब्द, उससे समासान्त अच् टच् आदि नहीं होते । निन्दित भ्रष्ट अर्थमें किंराजा । निन्दा अर्थ, किं क्षेपे सामासे राजाहः से टच् का निषेध । कुत्सितः सखा किंसखा धोखेबाज मित्र । किंका क्षेप निन्दित अर्थमें समास सखिभ्यः न टच् । कुत्सितः गौः कायर गादर बैल । क्षेप अर्थमें समास समासान्त का अभाव । क्षेपे किं, निन्दा अर्थमें निषेध क्यों, प्रश्न अर्थमें किं हो तब टच् निषेध न हो । कस्य राजकिंराजा । प्रश्न अर्थमें किम् है, निन्दा में नहीं । अतः निषेध नहीं, किन्तु टच् निषेधः । एवं कस्य सभा कः सखा किंसखा । किसका मित्र कौन । कस्य गौः कः गौः किसकी गाय कौन किंगवः । समास टच् अव् ।५६। नञ्पूर्वपद हो ऐसे तत्पुरुषसे टच् आदि नहीं होंते । न राजा

न स्युः ।। सुराजा । अतिराजा । (स्वतिभ्यामेव) । नेह–परमराजः । किमः क्षेपे ।५।४।७०। कुत्सितो राजा – किंराजा । किंसखा । किंगौः । नञस्तत्पुरुषात् ।५।४।७१। अराजा । तत्पुरुषात्किम् ? अधुरं शकटम् । पथो विभाषा ।५।४।७२। अपथम् – अपन्थाः । तत्पुरुषादित्येव–अपथो देशः । इति समासान्तप्रकरणम् ।

अथालुक्समासप्रकरणम्

अलुगुत्तरपदे ।६।३।१। इत्यधिकृत्य ।। ओजःसहोऽम्भस्तमसस्तृतीयायाः ।६।३।३। ओजसाकृतमित्यादि । (अञ्जस उपसंख्यानम्) । अञ्जसाकृतम् ।।

अराजा । सखा असखा । समासमें चच् प्राप्त था, उसका निषेध हुआ । न ञके साथ तत्पुरुष होनेसे । तत्पुरुष क्यों पढ़ा ? इसलिए कि बहुव्रीहिके निषेध न हो । अविद्यमाना धूर्यस्य । नहीं है धुरा आधार जिसका ऐसा अधुरं शकटं गाड़ी यहां निषेध नहीं किन्तु 'ऋक्पूः' से अ हुआ ।

।५७। पथोः । नञपूर्वमें हो, पथिन्से अ प्रत्यय विकल्प मान्य न पन्थाः अपथं नगरं नञ् तत्पुरुष है अप्रत्यय अपथिन् व । नस्तद्धिते टिलोपे पथः नपुंसकं, पक्षमें 'अ' नहीं हुआ तब अपन्थाः तत्पुरुषसे ही विकल्प मान्य । बहुव्रीहिमें नित्य अ । अविद्यमानः पन्था यस्य समासे ऋक्पूः से अ हुआ निषेध नहीं । देशका नाम अपथम् अर्थाऽभावे अव्यीभावः अ–प्रत्ययका निषेध नहीं । पथाम्भावो वर्तते ।

अलुगुत्तर—अपूर्वविधायक न होनेसे विधिसूत्र नहीं । राजपुरुषः में अलुक् न हो । पञ्चाम्यःस्तोकादिभ्य इत्यादिके आरम्भसे भी विधि नहीं, किन्तु अधिकरः कहाँ तक, तब बोले प्रागानङ=आनङ् ऋतो द्वन्द्वे सूत्रके पहले उत्तरपदका अधिकार पादसमाप्ति तक, छठें अध्यायके तीसरे पादका पहला सूत्र । पादपर्यन्त अधिकार, भाष्यसे प्रमाणित । ओजस् सहस् सम्भस् तमस् इनके समाहार द्वन्द्वमें, इनसे परे तृतीयाका अलुक हो, उत्तरपद परे रहते । ओजसाकृत तेज ताकतसे किया । ओजो दीप्तौ बले इत्यमरः । कृत=किया हुआ इसके साथ कर्तृकरणे का समास, प्रातिपादिकसंज्ञा से सुप् लुक् प्राप्त था, ओजः सहो—सूत्रेण निषेध आदि, सहसाकृतम् एकाएक झटिति किया । अम्भसाकृतम् अलसे पूरीपूजाकी । समसावृतम् अन्धकारसे ढका हुआ । इस सबोंमें कर्तृकरणेसे बहुत समास उत्तर पदपरे कृत है । तृतीया का सूत्रसे अलुक् । यदि ऐसा तब सततनैशः तमो वृतं (निरन्तर घोर अन्धकार से ढंका) इति असाधुएव । अंजसाकृतम् बड़ी सरलता कोमलतासे किया । अञ्जस् आर्जवे वर्तते । क्षेत्रज्ञः अञ्जसा नयति । कृपासे पहुँचता है । पुंसानुजः जिसका अग्रज बड़ा भाई पुरुष हो । आत्मन् से परे तृतीयाका लुक् न हो । च से तृतीया आती है उत्तरपदपरे । इस सूत्रपर वार्तिक पढ़ा पूरण—इति पूरण अर्थवाला प्रत्यय अन्तेमें हो ऐसा उत्तरपद प्रत्ययग्रहणे तदनन्तविधि । आत्मना पंचमः स्वयं

आत्मनश्च ।६।३।६। तृतीयाया अलुक् ॥ (**पूरणे इति वक्तव्यम्**) । पूरणप्रत्ययान्ते उत्तरपदे इत्यर्थः । आत्मनापञ्चमः । **वैयाकरणाख्यायां चतुर्थ्याः** ।६।३।२। आत्मन इत्येव । आत्मनेपदम् । आत्मनेभाषा ॥ **परस्य च** ।३।३।८। परस्मैपदम् । परस्मैभाषा । **हलदन्तात्सप्तम्याः संज्ञायाम्** ।६।३।९। हलदन्तादिति ङेरलुक् । त्वचिसारः ॥ **गवियुधिभ्यां स्थिरः** ।८।३।९५। सस्य षः । गविष्ठिरः । युधिष्ठिरः । अरण्येतिलकः । अत्र संज्ञायामिति सप्तमीसमासः । (**हृद्द्युभ्यां च**) । हृदिस्पृक् । दिविस्पृक् । **मध्याद् गुरौ** ।६।३।११। मध्येगुरुः ॥ (**अन्ताच्च**) । अन्तेगुरुः ।

पाँचवां प्रकृत्यादिगणसे प्रथमा अर्थमें तृतीया, अथवा आत्मना कृतः पञ्चमः करणे तृतीया समासे । तृतीयाका अलुक् स्वयं पांचवां बना समासार्थ । यदि ऐसा तब जनार्दन. भगवान् स्वात्मचतुर्थः यहाँ आत्मना चतुर्थः तृतीयाका लुक् कैसे शङ्कर्षण प्रद्युम्न अनिरुद्ध ३ व्यूह है । जनार्दनः एषां नियन्ता चतुर्थ एव । तृतीयाका लुक् कैसे ? बहुव्रीहि है आत्मा चतुर्थो यस्य स्वयं एक है । उसमें ४ भेद औपाधिक कल्पनासे । वृत्तिका अर्थ अन्य पदार्थ मान्य । **वैयाकरण** । आत्मनः आया । व्याकरणे भवा वैयाकरणी । अण् ऋगयनादिभ्यः । आख्यायते इति आख्या व्याकरणशास्त्रमें जो प्रसिद्धि ही वहाँ चतुर्थीका लुक् न हो । आत्मन् शब्दसे ही आत्मनेपद–त आतां झ आदि व्याकरणमें प्रसिद्ध है । उसका सूचक आत्मसेसे चतुर्थी का अलुक् है । उसीका दुवरा नाम आत्मनेभाषा । अतः यहाँ भी चतुर्थीका अलुक् व्याकरणमें हुई प्रसिद्धिसे पर शब्दसे चतुर्थीका लुक् न हो । परस्मैपदं=तिप्तसिझ आदिका नाम प्रसिद्ध है आख्या होनेसे । परस्मैमें समास होनेपर प्राप्त लुक्का निषेध हुआ । उसीका संज्ञान्तर परस्मैभाषा चतुर्थीका अलुक् ।

(६६) हलदन्तात् हलन्तसे और अदन्तसे सप्तमीका लुक् न हो, संज्ञा-नाम होनेपर त्वचा (चर्ममें) सार तत्व भरा हो त्वचिसारः घड़ियाल वंश, त्वक्सारः, (कर्मारः, त्वचिसारः तृणध्वजा) हलन्त त्वच् से सप्तमीका लुक् नहीं ।६८। गवि और युधि से परे स्थिरके श को ष हो । गवि तिष्ठतीति गविष्ठिरः विष्णुः त्रिदेवः । गायमें रहते है । गवि युधि सप्तमी रूप । स्थिरः में प्रथमा, षष्ठी अर्थ । सहे साडः से स आया । सस्य अपादान्तस्य मूर्धन्यः का अध्याहार । सप्तमीका अलुक् । अन्तरङ्गानपि विधीन्बहिरङ्गो लुक् बाधते इस परिभाषासे लुक् पहले होगा । ओ आदेश होगा नहीं, हलन्त नहीं, अलुक् कैसे ! तब कहा गवि पढ़ने की ताकतसे ही अलुक् होगा, तब ओ·अवसे हलन्त । युधि तिष्ठति युधिष्ठिरः युधसे भावे क्विप्, सप्तमी एकवचन, उपपदसमाससुपोलुकि प्राप्ते हलन्तात्सप्तमी–अलुक् । सूत्रेण ष–ष्टुत्व, पाण्डवमें धर्मपुत्रका नाम । हलन्तसे अलुक् कहा । अब अजन्तसे सुनिए । अरण्येतिलका किसीका नाम है । यद्यपि तिलक शौण्डादिमें नहीं, सप्तमी समास कैसे ? तब बोले संज्ञायांसे, अदन्त सप्तमीसे अलुक् । हृद और दिक से

अमूर्धमस्तकात्स्वाङ्गादकामे । ६ । ३ । १२ कण्ठेकालः । उरसिलोमा । अमूर्धमस्तकात्किम् ? मूर्धशिखः । अकामे किम् ? मुखे कामोऽस्य–मुखकामः । तत्पुरुषे कृति बहुलम् ।६।३।१४। स्तम्बेरमः । कर्णेजपः । शयवासवासिष्वकालात् ।६।३।१८। वा लुक् । खेशयः खशयः । ग्रामेवासः—ग्रामवासः ग्रामेवासी–ग्रामवासी । षष्ठ्या आक्रोशे ।६।३।२१। चौरस्य कुलम् । आक्रोशे किम् ? ब्राह्मणकुलम् । (वाग्दिक्पश्यद्भ्यो युक्तिदण्डहरेषु)। वाचोयुक्तिः । दिशो·

ङीप् । अमहत्पूर्वा व्यर्थः । क्रुञ्चा—क्रौञ्चपक्षी यत्क्रौञ्चमिथुनादेकमवधीः काममोहितम् । क्रौञ्च पक्षीके जोड़ेमें से एकको मार डाला । इति रामायणे । क्रुञ्च (हलन्त) शब्दाट्टाप् । क्रुञ्चामालभेत् । उष्णिहा--ककुभ प्रयोगसे अदन्त भी ग्राह्य, उष्णिहः । हलन्तः (मन्त्रविशेषाः) क्विनः टापं लभते । (देवविशा) शकारान्तः मरुत अर्थे वर्तते । मरुतो वै देवानां दिवः गण इत्यर्थः । ये अकारान्त नहीं, टाप् अप्राप्त अतः अजादिगणमें पाठ । ये अकारान्त भी है । जेष्ठा प्रथमोत्पन्ना स्त्री अदन्तः टाप् । यदि जेष्ठस्य स्त्री इति वक्तुः इच्छा पुरुषसम्बन्धेन ङीपं बाधित्वा टाप् भवतु । अतः गणे पाठः । एवं कनिष्ठस्य स्त्री-कनिष्टा । अथवा अन्ते उत्पन्ना कनिष्ठा टाप् । मध्यमस्य स्त्री-मध्यमा । पुंयोगे ङीप् को बाधकर टाप् हो । अतः 'अपि' पढ़ा । कोकिलत्वजातिसहिता स्त्री, कोकिला जाति अर्थकं ङीषं बाधित्वा टाप् । पाककर्णसे ङीप् । प्रसङ्गका वार्तिक (मूलात्)नञसे परे मूल शब्दको ङीष बाधकर टाप हो । अविद्यमानं (नास्ति) मूलं यस्या सा (अमूला) लता । नञो अस्त्यर्थानां वाच्यो वा उत्तरपद लोपः । अस्तिअर्थक उत्तरपदके विद्यमानका लोप, टाप् । सम्भस्त्रं, सदच्काण्ड, मूलान्नञ्, पाककर्ण सूत्रपर तीनों वार्तिक पढ़े गये । अजादिगणसे ही गतार्थ है, यह अजादिः आकृतिगणः ।

उगित्—उक् उ ऋ लृ अक्षर इत् हो, ऐसे प्रत्यय अन्तमें हों उस प्रातिपदिक शब्दका वाच्य अर्थ स्त्रीलिङ्ग हो उसका बोधक ङीष् हो । ङ प् इत् 'ई' शेष । भवतः स्त्री भवन्ती (होती हुई) गच्छति । प्रकाश अर्थमें भाधातुसे डवतु=अवत्, डित् से 'आलोप' । यदि सर्वनाम भवत् है उससे ङीप् (उदित मानकर) भवती । यदा भू धातुसे शतृ=अत । भवत् शब्द भी उगित् अन्त है । उगितश्च सूत्रेण स्त्रीविवक्षायां ङीप् शप्श्यनोर्नित्यमिति नुम् (न्) भवन्ती व्रजति । एवं शतृ प्रत्ययान्त पचत् शब्दात स्त्रीविवक्षायां ङीप् नुम् पचन्ती (पकाती हुई) खादति एवं दीव्यत् शब्दात् ङीप् नुम् । दीव्यन्ती (खेलती हुई अरोदिति) आकारान्त ईकारान्तसे 'सु' का हल्ङ्यादि लोप । सर्वत्र=सभी उगित्में ङीप् का विधान । श्रेयसी कल्याणकारिणी, पटीयसी, बहुचतुरी, नेदीयसी (निकटस्था) ।

वनो र च । र लुप्त प्रथमा, अ उच्चारणार्थः, च से ङीप् । वन्नन्तात् ङ्वनिप् क्वनिप् का समानरूपग्रहण । वन् अन्तमें हो, (धीवन् सुत्वन् आदि) तदन्ताच्च=प्रातिपदिकाधिकारे विशेषणं—वनप्रत्ययान्तो अन्ते यस्य, ऐसे प्रातिपदिकसे स्त्री अर्थ-प्रकाशक ङीप् (ई) हो, अन्त्य अक्षर न-को र । यद्यपि नान्तस्थलमें ऋन्नेभ्यो ङीप् प्राप्त था, तथापि ङीप् के सम्पर्कसे (र) ही विधेय है । सामान्य=अनुबन्धलोप केवल वन् तीनोंमें साधारण है ।

वन्नन्तात्तदन्ताच्च प्रातिपदिकात्स्त्रियां ङीप्स्यात्, रश्चान्तादेशः । सुत्वान -मतिक्रान्ताअतिसुत्वरी । अतिधीवरी । शर्वरी । (वनो न हश इति वक्तव्यम्) अवावा ब्राह्मणी । राजयुध्वा । (बहुव्रीहौ वा) बहुधीवरी बहुधीवा पक्षे डाब्वक्ष्यते । **पादोऽन्यतरस्याम्** ।४।१।८। पाच्छब्दः कृतसमासान्तस्तद·

वन्नन्तान्तका उदाहरण—अतिसुत्वरी षुञ् अभिषवे (स्नान अर्थ सुधातोः ङ्वनिप् पित्परे ह्रस्वको तुक् (त) सुनोति स्नपयति सुत्वन्-अभिषेककर्ता तमतिक्रान्ता स्त्री समासादिकार्ये अतिसुत्वन् सु-लुक् वनो र च ङीप् ई, नस्थाने र (अतिसुत्वरी) एवं अतिधीवरी । डुधाञ्धारणपोषणयोः दधाति लोकान् धीवन् विष्णुः धारण-पोषणार्थकधा-धातोः आतो मनिन्क्वनिब्वनिपश्च अन्येभ्योऽपि दृश्यते । भाषायां क्वनिप् धीवन् धूमास्था–'ई' । धीवानं धारकं पोषकमतिक्रान्ता स्त्री-(अत्यादयः समासादिः) अतिधीवन्शब्दात्सु लोपे, 'वनो र च' ङीप्-र अतिधीवरी । भाष्यमें चिन्तनार्थकध्यै धातुसे क्वनिव् य को सम्प्रसारण इ । हलि-च-दीर्घ शर्वरी उषा-काल । शॄ-हिंसायां शृणाति हिनस्ति लोकचिन्तां, नक्षत्राणि वा । अन्येभ्योऽपि दृश्यते । शॄधातोः वनिप् आर्धधातुक परे गुणे शर्वन्=वनो र च, ङीप् र । शर्वरी । वन् अन्तका प्रयोग सुत्वरी । धीवरी । अतिशर्वरी । वन्नन्तान्तका उदाहरण (वा०) वनो न हश्=हयवर जबगडदश्के अक्षर अन्तसे हों ऐसी धातुसे विधान·किया गया वन्, तदन्त=वन् अन्त, तदन्तान्तं=वन्नन्त अन्त, प्रातिपदिकसे ङीप् र नहो । इस निषेधसे हश् प्रत्याहारके अक्षर अन्तमें हो ऐसा धातु स्वीकृत । यथा—ओंण् अपनयने दूर होने अर्थमें ओण् धातोः वनिप् विड्वनोरनुनासिकस्यात् । णस्थाने आ, ओस्थाने अव । अवावन् (स्त्रीलिङ्ग प्रकाशनाय ब्राह्मणी शब्दः दत्तः) अत्र ङीप् र आदेशौ प्राप्तौ, वनो न हश इति निषेधे । ओण् हशन्त धातुः ङीप् री निषेधे । राजा सदृश्यरूप सु दीर्घ लोपादि, अवावा (आवावा) । वन्नान्तान्त== राजानं योधितवती (राजाको भी लड़ा दी) राजयुध्वा ब्राह्मणी । राजाकर्मकभूत-कालिक परस्परस्पर्धानुकूलव्यापारः प्रेरणाश्रया प्रेरिका । राजनि युधिकृञः क्वनिप् समासादिः । राजयुध्वन् अत्र हशन्तधातुः । वन् युध्वन्, वन्नन्तान्त राजयुध्वन्, ङीप्रादेशौ वनो न हशः इति निषेधति । (वा०) बहुव्रीहिसमासमें वनो र च सूत्रसे ङीप्, इ विकल्पसे हो । अनो बहुव्रीहेःके निषेधको बाधकर । बहवः धीवानो धारकाः पोषकाः यस्यां नगर्यां सा बहुधीवरी । बहुधीवन्शब्दाद्बहुव्रीहौ वा, वार्तिकेन विकल्पेन ङीप् र । पक्षे राजा सदृशं रूपं बहुधीवा बहुधीवानौ बहुधीवानः ।

पाद==चरण । अनयोः अन्या अन्यतरा, तस्यां अन्यतरस्यां । (कृतः समासान्तो यस्य) समासका अन्तलोप हुआ हो, ऐसा चरण वाची पादशब्दः तदन्तात्=वह पाद अन्तमें हो, ऐसे प्रातिपदिकसे ङीप् विकल्प हो । पक्षमें न हो । पाद प्रातिपदिकमें विशेषण । ऋन्नेभ्यःसे ङीप् । यथा द्वौ पादौ यस्याः (दो चरणवाली) बहुव्रीहिः सङ्ख्यासुपूर्वस्य–पादके अन्त्य-अकारस्य लोपे ङीप् भसंज्ञा । पादः पत् आदेशे द्विपत्

न्तात्प्रातिपदिकात् ङीब्वा स्यात् । द्विपदी-द्विपाद् । टाबृचि ।४।१।९। ऋचि वाच्यायां पादन्ताट्टाप् स्यात् । द्विपदा ऋक् । एकपदा । मनः ।४।१।११। मन्नन्तान्न ङीप् । सीमा सीमानौ ।। अनो बहुव्रीहेः ।४।१।१२। अन्नन्ताद् बहुव्रीहेर्न ङीप् । बहुयज्वा बहुयज्वानौ ।। डाबुभाभ्यामन्यतरस्याम् ।४।१।१३। सूत्रद्वयोपात्ताभ्यां डाप् वा । सीमा । सीमे, सीमानौ । दामे, दामानौ ।।

ई कृतसमासान्त प्रातिपदिकं द्विपत् इति, ततः पादोन्यतरस्यां सूत्रेण ङीप् द्विपदी (दो चरणवाली ऋचा) यदा न ङीप् तदा द्विपात् स्त्री ऋक् ।

टाप् ऋचि—मन्त्र अर्थ होता हो, पाद अन्त प्रातिपदिकसे टाप्—आ हो पादोऽन्यतरस्यांके ङीप्को बांधकर । यथा द्वौ पादौ चरणौ यस्या सा विग्रहे बहुव्रीहि । द्विपद् प्रा० संज्ञा, विकल्प ङीप् प्राप्तः, तं बाधित्वा टाप् आ (द्विपदा) ऋक् (मंत्रः) एकः पादो यस्याः समासादिः । (एकपदा) सङ्ख्यासुपूर्वस्य अन्त्य अकारस्य लोपे, पादः पत् आदेशे ङीपं बाधित्वा टाप् । दोनों स्थलमें टाप् पादः पत् । भाष्य में पादशब्द समानार्थक पद पढ़कर उक्त सूत्रोका प्रत्याख्यान किया ।

मन इति प्रत्ययः, तत्र तदन्तग्रहणं मन्नन्तात्=मन् अन्तमें हो, ऐसे प्रातिपदिक से ङीप् न हो । यथा—सीमा (षिञ बन्धने) ग्रामं, प्रान्त देशं सिनाति बध्नाति सीमनं सीमितं करोति । ज्ञानकी अवधि अर्थमें औणादिकमनिन् दीर्घादिः । पृथिव्याः आकर्षणसीमा परिधिः, बन्धनकर्ता,स्त्रीलिङ्गः नान्तङीप्प्राप्ते मन इति निषेधे, राजा सदृशं रूपं, ङीप् होता तो अल्लोपोऽनः से अलोप हो जाता, सीम्नी बनता । सीमा शब्द अग्रिम डीप्से सिद्ध था मनः सूत्र क्यों ? इसलिए कि सीमानौ सीमानः डाप से न बनते किन्तु सीमे सीमाः होने लगते । अनो०से न ङीप् अनु० । अन् अन्त हो ऐसे बहुव्रीहिसे ङीप् न हो । यथा-बहवः यज्वानः यस्यां (बहुतसे यज्ञ कराने वाले हों जिस नगरीमें) बहुयज्वन् सु ऋन्नेभ्यः से नान्तलक्षणङीपि प्राप्ते, अनो बहुव्रीहेः इति निषेधे । नान्तोपधायाः दीर्घे सुलोपनलोपौ । राजासदृशं रूपम् । उपधायाः अल्लोप न हो, न संयोगात्के निषेधसे अतः अन उपधालोपिन इति न । डाप् अभाव का सूचक बहुजज्वानौ ।

डाप्-उभाभ्यां मनः और अनः दोनों सूत्रोंमें उपात्ताभ्यां=ग्रहण किये गये मन-अन्तः, अन-अन्तसे डाप् (आ) विकल्प हो । मन् अन्त उदाहरणं सीमन्-सीमितकर्ता उत्तरमध्य-भारतकी सीमा, देशसीमा पृथ्वी आकर्षणसीमा । उभाभ्यो सूत्रेण डाप् 'आ' डित्सामर्थ्यात् भसंज्ञा बिनाऽपि टि (अनो) लोपः । सीमा सु हल्ङ्यादिलोपे । यदा न डाप्, तदा मन इति ङीपः निषेधे सीमा । राजवत् । डाप् विधानका फल क्या हुआ औपरे डाप्पक्षे सीमे रमे इव । यदा न डाप् सीमानौ (राजानौ इव) सीमाः सीमानः । सीमया सीम्ना । सीमाभ्यां सीमभ्यां । मन्नन्तविषये अन्योदाहरणं दामा । ददाति दाधातोः कर्ता अर्थे मनिन् दामन् डाप् । टेः (अनो) लोप दामा । हिरण्मयं दामदक्षिणा । दाशब्दो नपुंसकः अतो दामन्पु-

अन उपधालोपिनोऽन्यतरस्याम् ।४।१।२८। अन्नन्ताद् बहुव्रीहेरुपधालोपिन वा ङीप् । पक्षे डाब्निषेधौ । बहुराज्ञी, बहुराज्ञ्यौ । बहुराजे, बहुराजानौ । **प्रत्ययस्थात्कात्पूर्वस्यात इदाप्यसुपः** ।७।३।४४। प्रत्ययस्थात्ककारापूर्वस्याकारस्येकारः स्यादापि परे, स आप् सुप परो न चेत् । सर्विका कारिका । अतः किं ? नौका । प्रत्ययस्थात्किं ? शक्नोतीति शका । असुपःकिं ? बहु-

---

लिङ्गो नहि, किन्तु स्त्रीनपुंसकयोः निषिद्धलिङ्गशेषार्थः । औपरे डाप् दामे । यदा न डाप दामानौ-दातारौ ।

अन—अन्त हो, ऐसे बहुव्रीहिसमासके उपधाका अकारलोप हो, तब विकल्पसे ङीप् हो । पक्षमें डाप् भी, ङीप् का निषेध भी । यही अन्यतरस्यां ग्रहणका फल है । बहुराजन्शब्दात् अनुपधालोपिनोऽन्यतरस्यामिति ङीप्, उपधाअकारलोपे बहुराज्ञी । औ परे यण् बहुराज्ञ्यौ । यदा डाप् तदा बहुराजा । औ शी गुणे बहुराजे । यदा न डाप् तदा बहुराजानौ ङीपः निषेधे ।

प्रत्ययस्थात्—प्रत्ययमें स्थित हो । कात्=ककारसे पूर्वस्य-पूर्वके स्थानमें अकारस्य अकारके स्थानमें, इत्व हो आप् परे । स आप्=वह टाप सुपः परो न चेत् उससे परे सुप् न हो तब । कन् प्रत्ययके ककारके पूर्वमें ल में अ को 'इ' हुआ । गोपालिका । अश्वं पालयतीति अश्वपालकः तस्य स्त्री अश्वपालिका । पुंयोगे ङीष् प्राप्तः वार्तिकेन निषेधे । ततः टाप् इत्वं पूर्ववत् । अश्वपालिका घोड़ासेवककी स्त्री । गवां पालिका है । षष्ठी समास नहीं कर सकते, तृजकाभ्यां कर्तरि सूत्रके निषेधसे । एवं नगरपालिका, राष्ट्रपालिका, ब्रह्माण्डपालिका, अज्ञाता, सर्वा सर्विका । अज्ञात स्त्रियां है सर्विका कहेंगे । सर्वशब्दात् स्वार्थे (अव्ययसर्वनाम्नां टेः प्राक्) अकच् । (अके पहले वके बीच) सर्वकशब्दात् स्त्रीलिङ्ग विवक्षायाम् अकारान्तात टाप् सर्वकआ, दीर्घे । अकच् प्रत्ययके पूर्व अकारको इकार हुआ आप परे है । वह आप सुप्परक नहीं है । करोति या सा कारिका जो लाभके लिए काम करती है । कृधातोः कर्तरि अर्थे ण्वुल्=वु, तस्य अकआदेशे, ऋकारस्य 'आर' वृद्धिः कारकशब्दात् स्त्रीविवक्षायां टाप्, कके पूर्व अको इ, कारिका । अतः किं=सूत्रमें अकारको इकार हो ऐसा क्यों कहा ? इसलिए कि नौका, यहां क के पूर्वमें औ को इत्व न हो जाय । प्रत्ययस्थात् किम् ? प्रत्यय का ही ककार हो ऐसा क्यों कहा ? शक्नोति सक्षमो भवति या सा शका समर्थस्त्री । यहां शक धातुस्थः ककारः है उसके पूर्व श्र को इत्व न हो इसलिए । असुपः किम् ? आप सुपपरक न हो ऐसा क्यों ? बहवः परिव्राजकाः सन्यसिनः यस्यां नगर्यां सा बहुपरिव्राजका नगरी। इस बहुव्रीहि समासमें बहुजस् परिव्राजक जस् दशामें समाससे सुपका लुक् हुआ है । उसके पश्चात बहुपरिव्राजक शब्दसे टाप् हुआ । समास होनेके पहले जो विभक्ति थी । समास होने पर उसका लोप हुआ था उसे अन्तर्वर्तिनी विभक्ति कहते हैं, उसको प्रत्ययलोपे प्रत्ययलक्षणसे लायेंगे । तब सुप् परक मिल जायेगा । और इत्व न हो यही असुप् कहनेका फल है ।

परिव्राजका नगरी (मामकनरकयोरुपसंख्यानम्) मामिका । नरिका । (त्यक्त्यपोश्च) दाक्षिणात्यिका इहत्यिका ।। न यासयोः ।७।३।४५। यत्तदोरस्येन्न । यका। सका । यकां तकाम् (त्यकनश्च निषेधः) उपत्यका अधित्यका (आशिषि वुनश्च न) जीवका भवका (उत्तरपदलोपे न) देवदत्तिका देवका

मामक और नरक शब्दमें क से पूर्व 'अ' को इ कहें । ममायमिति मामिका यह मेरी निर्झणी । तव इयं ताविका (तुम्हारी है) युष्मदस्मदोः अन्यतरस्यां खञ्च इति अण । एकवचने तवक, ममक आदेशे । आदिवृद्धिः टाप् तावका मामका । मामकनरकयोः वार्तिकेन इत्वे । ताविका मामिका । प्रकृतिका क होनेसे पूर्वसूत्रसे इत्व प्राप्त नहीं, केवल मामक-इत्यादिना संज्ञाच्छन्दसोरेव ङीप् नियमः अतः टिड्ढाणञ् न ङीप्. नरान् जनान् काययति बोधयति (कै शब्दे, उपदेशे एचः आत्वे आतोऽनुसर्गे कः) नरका+अ आतो लोप० आकारलोपे नरक+अ समासादिः टाप् नरका । अत्र प्रत्ययस्थः क नास्ति । पूर्वसूत्रेण अप्राप्तौ वार्तिकेन इत्वं नरिका । (वा०) त्यक् और त्यप् अन्तमें हों ऐसे शब्दके प्रत्ययस्थ क से पूर्व अ को 'इ' हो । उदीचामातःस्थाने विकल्प-इत्वको बाधकर । यथा दक्षिणस्यां दिशि अदूरे अर्थे 'आच्' आ दीर्घ (दक्षिणा) असर्वविभक्तिः तद्धितः अव्ययं, दक्षिणा भवः दाक्षिणात्यः (दक्षिणी) दक्षिणापश्चात्पुरसः (भव अर्थे) त्यक् । किति च आदिवृद्धिः टाप् दाक्षिणात्या स्वार्थे कः, केऽणः ह्रस्वे टाप इत्व (दाक्षिणात्यिका) । इहत्यिका (इह भावा उत्पन्ना स्त्री) अव्ययात्त्यप् टाप्, इत्वं वार्तिकेन (इहत्यिका)

न यासयोः । यद् तद के 'अ' को इत्व न हो । या च सा च यासा तयोः यसयोः । या सा । यद् तद् सर्वनाममें अकचः प्राक् अत्वं पररूपं टाप् सुलोप (यका) तदोः सः (सका) अत्र इत्वं प्राप्त तस्य निषेधः । यकां सकाम् इत्व निषेधः । (वा०) त्यकन्नश्च । यत्र त्यकन्प्रत्ययो भवति तत्र प्रत्ययस्थात्सूत्रेण इत्वं न । यथा उपत्यका (अद्रेः पर्वतस्य आसन्ना समीपस्था समतलाभूमिः) ऊर्ध्वमधित्यका इत्यमरः । उपाधिभ्यां त्यकन् (आसन्न आरूढ़ अर्थमें) पहाड़के पासकी भूमि । उपशब्दात्त्यकन् उपत्यक-टाप् सुलोप, प्रत्ययस्थात् इत्वे प्राप्ते त्यकन्नश्च निषेधे । अधिशब्दात् आरूढ़ अर्थे (ऊपरी भाग) त्यकन् टाप् । इत्वे प्राप्ते वार्तिकेन निषेधे अधित्यका । यदि त्यिकन् पढ़ते, वार्तिक न करना पड़ता किन्तु, पञ्चभिः उपत्यकाभिः (पहाड़के पासकी भूमिसे) क्रीतः खरीदा गया ग्रामपञ्चोपत्यकामें इकार श्रवण होता । अतः त्यकन् पढा (वा०) आशिषि- आशीर्वाद अर्थमें वुन् (अक) के अ को इत्व न हो । यथा जीवतात् जीवका, भवतात् भवका । आशीर्लिङ अर्थमें जीवधातोः, भू धातोः वुन् य्वोः इति वुस्थाने अक । गुणे अवादेशे टाप् । प्रत्ययस्थात् इत्वे प्राप्ते आशिषि वुनश्च निषेधे । (वा०) उत्तरपदका लोप भी हुआ हो तव इत्व न हो । देवदत्त एव देवदत्तकः तस्य स्त्री देवदत्तिका । अत्र इत्वमस्ति । अनजादौ विभाषालोपो वक्तव्यः । दत्त शब्दस्य लोपे टाप् । देवका अत्र इत्वं न । (वा०) क्षिपकाआदि शब्दोंके प्रत्य-

(क्षिपकादीनां च) क्षिपका ध्रुवका कन्यका। चटका (तारका ज्योतिषि)। (वर्णका तान्तवे) (वर्तका शकुनौ प्राचाम्) (अष्टका पितृदेवत्ये)। (सूतिका-पुत्रिकावृन्दारकाणां वेति वक्तव्यम्) एषां वा अकारो भवतीत्यर्थः। सूतका,

---

यस्य कके पूर्व अको इत् न हो। यथा क्षिपका क्षिपति प्रेरयति आक्षेपं करोति (प्रेरणा करनेवाली)। क्षिपधातोः इगुपधसज्ञा० कः क इत्। अतो न गुणः। टाप् क्षिपा स्वार्थे: कः ह्रस्वे टाप् क्षिपका इत्व निषेधः। ध्रुवका स्थैर्य्ये अर्थे। (ध्रुवति स्थिरो भवति कूटः अविचाली) पचाद्यच् आदि:। कन्या एव कन्यका क ह्रस्व टाप् इत्वनिषेधः। चटका चट भेदने) पचादि: अच्, टाप कः ह्रस्व टाप्। आकृतिगणः। अलका इष्टका इत्वनिषेधः वार्तिकेन (वा०) ज्योतिष–प्रकाश चमक, तारा चन्द्र अर्थ होता हो तब तारका नक्षत्रम्। क के पूर्व अ को इत्व न हो। तृ प्लवनसन्तरणयोः। हवामें चलना, पानीमें तैरना अर्थवाचक 'तृ' वु अक वृद्धि, टाप (तारका) इत्व निषेधे। अक्ष्णः कनीनिका (आंखकी पुतली) नक्षत्रं ऋक्षंभं तारातारकाऽपि इति तारका ऽऽक्ष्णः कनीनिका अमरः। अन्यत्र जहाँ आंखकी ज्योति तारा नक्षत्र अर्थ न हो वहां तारिका–भाव प्रदर्शिका, पार करने वाली तरणी।

(वा०) वर्णका–तन्तु सूत्रं तेन जातं तान्तवं वस्त्रम् (सूतसे बनी वस्तु) अर्थमें वर्णका इत्वं न! तन्तूनां विकारः तान्तवं जालं प्रावरणविशेषः चंदोवा। वर्णधातुका वर्णनक्रिया विस्तार, गुणका उच्चारण अर्थः चुरादिसे ण्वुल् अक। वर्णयतीति वर्णका अन्यत्र जहां तन्तु अर्थ नहीं वहां क के पूर्व अ को इ हों। वर्णयति वर्णिका वर्णनकर्त्री, ग्रन्थनाम (वा०) वर्तका वर्तयति व्यवहारं करोति (शकुनी) पक्षी अर्थमें इत्व न हों प्राचीनका मत। उदीचान्तु उत्तरदिशावाची इत्व मानते हैं। वृत-ण्वुल अक, टाप, इत्व। को यष्टिकष्टिट्टिभको वर्तको वर्तिकादयः इत्यमरः। पक्षमें अन्य अर्थमें नित्य इत्व। मोमवर्तिका (वा०) अष्टका–अश्नन्ति ब्राह्मणः यस्यां सा–पितरश्च ताः देवताश्च पितृदेवता तदर्थं वस्तु पितृदैवत्यं (तादर्थे यत्) पितृकर्म देवता कर्ममें भोजन करनेवाली अष्टका आठदेवियां। अश भोजने इशिअशिभ्यां तकन्। अश तक शस्य ष ष्टुत्व ट, टाप् अष्टका अत्र इत्वं न। अष्टिकान्या जहां पितर देवता सम्बन्धी भोजन अर्थ न हो, वहां इत्व हो। यथा—अष्टौ अध्यायाः परिमाणं अस्याः (अष्टिका) पाणिनेः अष्टाध्यायी। अष्टशब्दात् कन् नलोपे, प्रत्ययस्थात् इत्वे (वा०) सूतका पुत्रिका वृन्दारका को क के पूर्व इत्वविकल्प हो अकार भी। मध्य अकार हो वत पुत्रिका कैसे? पुत्रशब्दात् शार्ङ्गरवादिगणपाठात् ङीन् ई पुत्री। क, केऽणः ह्रस्वे, इत्व विकल्पे पुत्रिका पुत्रका। इत्व विकल्पका भ्रम दूर करनेके लिए (वा) अ इति सवर्णदीर्घे, वा इत्व, अत्व भी। कात्पूर्वस्य=कके पूर्व अ आदेश विकल्प। न च इत्वविकल्पो भवति, तदा ह्रतेन अकारविकल्पविधानेन यदा ङीप् तदा इत्वविकल्पः। यदा अत्वविधिः तदा पुत्रका पुत्रिका च भवतः। सूतकावृन्दारका शब्दोमें कसे पूर्व अत्व विधान क्यों? अतोऽवदत् इत्वबाधनार्थं। प्रत्ययस्थात्सूत्रेण इत्वं प्राप्तं, पक्षे अकारोऽपि भवतु। यथा सूतका सुञ् धातुका प्राणियोंका गर्भविमोचन

सूतिकेत्यादि । **उदीचामातः स्थाने यकपूर्वायाः** ।७।३।४६। यकपूर्वस्य स्त्री प्रत्ययस्यातः स्थाने योऽत् तस्य कात्पूर्वस्येद्वाऽऽपि परे । केऽण इति ह्रस्वः । आर्यका आर्यिका । चटकका चटकिका । आतः किं ? सांकाश्ये भवा–सांकाश्यिका । यकेति किम् ? अश्विका । स्त्री प्रत्ययेति किं ? शुभंयिका ॥ **अभाषितपुंस्काच्च** ।७।३।४८। एतस्माद्विहितस्यातः स्थानेऽत इद्वा । गङ्गका,

---

प्रसव होना अर्थः । अकर्मकः कर्तरि क्तः टाप् सूता (गृष्टिः) सकृत्प्रसूता । स्वार्थे कः सूताक, केऽणः ह्रस्वे, टाप सूतका (गर्भत्यागकी हुई) वार्तिकेन अत्व विधानं पक्षे इत्वं सूतिका । वृन्दं सर्वगुणसमूहमस्यास्ति (शृङ्गबृन्दारकाभ्यामारकन्) बृन्दारकः देवतावाची अमरा निर्जरा देवाः । देवा अर्थमें पुलिङ्ग । देवतारूप मुख्यअर्थमें तीनों लिङ्ग त्रिषूत्तरे वृन्दारकौ रूपिमुख्यौ, अत्रापि वार्तिकेन अ, पक्षे इत्व ।

उदीचां—प्रत्ययस्थात्सूत्र अनु० । यश्च कश्च यकौ तौ पूर्वौ यस्याः यकपूर्वायाः स्त्री लिङ्गसङ्केतः । अतिका विशेषण । अतः आकारः स्त्रीवाचकमर्थं लभते । यकपूर्वमें ऐसे स्त्रीप्रत्ययका आकार, उसको ह्रस्व अ हुआ हो ऐसे शब्दके क से पूर्व अको इ विकल्पसे हो आपि परे । उदीचां शब्दका तात्पर्य विकल्पसे (देश या व्यवस्थासे नहीं) यथा—आर्यजातिविशिष्टा स्त्री आर्या सभ्यमहिला सा एव, स्वार्थे आर्याक, केऽणः आस्थाने ह्रस्व अ–आर्यक टाप् आर्यका । उदीचामातः सूत्रेण आस्थानिक अस्थाने इत्व विकल्पे । आर्यिका । या में आ से पूर्व य है । उसके आ को ह्रस्व अ हुआ है । क के पूर्व अ को नित्य इत्व बांधकर । क पूर्व हो, ऐसे आ का उदाहरण चटका (टिट्टीभी गौरैया) एव स्वार्थे कः, ह्रस्वे, टाप चटकका नित्यमित्वं बाधित्वा उदीचामातः पक्षे इत्वम् । आतः किम् ? आके स्थानमें अ हुआ हो ऐसा क्यों ? इसलिये कि शङ्काशेन निवृतं नगर वुञ्छणकठ-शङ्काश्यादिभ्यो 'य' आदिवृद्धिः यस्येति अलोपे (संगमरमरसे बना शहर) साङ्काश्ये नगरे भवा (पाठशाला) वुञ् अक । अलोप टाप् नित्य इत्व य का अ, आके स्थानमें नहीं हुआ है विकल्प न हो अतः आतः पढ़ा । यक पूर्वमें हो ऐसा क्यों पढ़ा ? इसलिये कि अश्वजातेः स्त्री अश्वा यहां व पूर्वक आ है । स्वार्थे क, ह्रस्व टाप् (अश्वका) यहां अ आ स्थाने दीर्घ यक पूर्व नहि अस्ति । विकल्पो न, प्रत्ययस्थात्-नित्यमित्वम् स्त्रीप्रत्यये किं स्त्रीलिङ्गका आकार हो ऐसा क्यों ? (यकपूर्वायाः अत्र स्त्रीलिङ्गनिर्देशः) शुभं यति शुभंया (या प्रापणे विच्) स्वार्थे क ह्रस्वे टाप शुभयंका अत्र य इत्यत्र अ स्त्रीलिङ्गः किन्तु टापः अ नहि, धातोः आस्थाने अ अस्ति, इत्वं नित्यं, शुभंयिका (वा०) धातुके अन्तमें यक हो नित्य इत्व । यश्च कश्च यकौ । विकल्प नहीं । यथा सु—शोभनः नयो नीतिः आचरणं व्यवहारो यस्या सा सुनया (अच्छी नीतिवाली) सा एव सुनयिका, क ह्रस्वे टाप् । य धातुके अन्तमें है उससे परे अको विकल्पेन इत्व नहीं, किन्तु नित्यम् । एवं सुष्ठुपाको यस्या सा सुपाका(स्वादिष्ट भोजन पकाने वाली) सा एव सुपाकिका धात्वन्त क है नित्य इत्व ।

अभाषित—भाषा व्यवहारः संजातो अस्य, भाषितः पुमान् । अस्य (पुलिङ्ग

गङ्गिका ॥ **आदाचार्याणाम्** ।७।३।४९। पूर्वविषये। गङ्गाका ॥ **अनुपसर्जनात्** ।४।१।१४। अधिकारोऽयं यूनस्तिरित्यभिव्याप्य ॥ **टिड्ढाणञ्द्वयसज्दघ्नञ्मात्रचतयप्ठक्ठञ्कञ्क्वरपः** ।४।१।१५। अनुपसर्जनं यट्टिदादि तदन्तं यददन्तं प्रातिपदिकं ततो ङीप् । कुरुचरी। उपसर्जनत्वान्नेह-बहुकुरुचरा । नदट् नदी । देवट् देवी सौपर्णेयी, ऐन्द्री औत्सी । ऊरुद्वयसी ऊरुदघ्नी ऊरुमात्री ।

की भाषा लोकाचार हो जिसका) न भाषित- पुमान् अर्थात् शुद्ध स्त्रीलिङ्ग । उदीचामातः (स्थाने अत इत्) अनु० । विहितका अध्याहार । एतस्मात्=अभाषितपुंसकात्= शुद्ध स्त्रीलिङ्ग शब्दसे विहितस्य=विधान किया गया टाप्, आस्थाने ह्रस्व अ हुआ हो, इत्व विकल्प हो । यकके पूर्व अ न होनेसे सूत्र पढ़ा । गङ्गा एव स्वार्थे कः गङ्गाक, केऽणः ह्रस्वे शुद्धस्त्रीलिङ्ग है अभाषितपुंसकाच्च (गङ्गासे विधान किया टाप्) आ स्थाने अकारस्य इत्वे गङ्गिका ।

आत्—हो आचार्योंके मतमें, पूर्वं सूत्र है। शुद्ध स्त्रीलिङ्गसे विधान किया गया टाप्=आस्थानमें अको 'आ' विकल्प हो । यथा—=गङ्गाका शुद्ध स्त्रीलिङ्गसे विधान किया गया आके स्थाने आत् विकल्पे ।

अनुपसर्जनात्-उपसर्जनं विशेषणं, न उपसर्जनं प्रधानस्त्रीलिङ्गः । विशेष्यका अधिकार, स्वर प्रतिज्ञाबलसे । इसका अधिकार कहां तक, यूनस्तिः अभिव्याप्त= पर्यन्त (तक) व्याख्यान बलसे । अनुपसर्जनाधिकारस्य फलं=बहु युवाशाला-बहवः युवानः यस्यां शालायां अन्यपदार्थशालामें स्त्रीलिङ्ग है । युवाशालामें विशेषण । अनुपसर्जन प्रधान नहीं । युनस्तिः से ति नहो ।

टित्-अनुपसर्जन जो उपसर्जन=गौड़ विशेषण, किसीके आधीन, न हो, किन्तु प्रधान हो, ऐसे यट्टिदादि-टइत् टित्, ढ, अण्, अञ्, द्वयसच्, दघ्नच्, मात्रच, तयप्, ठक् ठञ् कञ् क्करप्, तदन्तम्—ये प्रत्येक हों अन्तमें जिसके यदन्तम्=ऐसा जो अकारान्त प्रातिपदिक उसका वाच्य स्त्रीलिङ्ग, अर्थबोधक प्रत्यय हो । टित् कृदन्त है, शेष तद्धितान्त हैं । क्रमेण उदाहरण कुरुषु चरति या सा कुरुदेशमें विचरने वाली कुरुचरी चरेष्टः (कुरुचर टित् है) टिदन्त प्रातिपदिकं कुरुचर, उसका वाच्य स्त्रीलिङ्ग, अथमें ङीप् । सुलोप आदि करुचरी । यस्येति अलोपे । नदट्धातुसे पचादि अच् होने पर अदन्तप्रातिपदिक नदसे ङीप् अलोपे नदी वर्षायाम् अव्यक्तं शब्दङ्करोति या सा । नदाद भिन्नाः देवट्, ट इत्, पचाद्यच्, अदन्तं मत्वा ङीप् देवी दीव्यति स्वपातिव्रत्येन स्त्रियः जेतुमिच्छति या सा देवी स्त्रीत्व विवक्षायां ङीप् । शोभनौ पर्णौ यस्यां सा सुपर्णा, सुन्दरपंखवाली विनता तस्या अपत्यं, स्त्रीभ्यो ढक् (एय) आदिवृद्धिः सौपर्णेयस्य जातिस्त्री सौपर्णेयी (गरुणकी बहन) ढ प्रत्यान्त सौपर्णेय प्रातिपदिकसे ङीप् अलोपे । इन्द्रो देवता अस्याः ऐन्द्री, ऋक् इन्द्र है देवता जिस ऋचाके (सास्य देवता) इति अण् आदिवृद्धिः । ऐन्द्र प्रातिपदिकात् (अणन्तं मत्वा) उक्तसूत्रेण ङीप्, ऐन्द्री, इन्द्र देवताकी दिशा पूर्वं ऋचा-मन्त्रः ।

पञ्चतयी आक्षिकी प्रास्थिकी लावणिकी यादृशी इत्वरी । नञ्स्नञीकक्ख्युंस्तरुणतलुनानामुपसंख्यानम्) स्त्रैणी । पौस्नी शाक्तीकी आढ्यङ्करणी तरुणी तलुनी । यञश्च ।४।१।६। यञन्तात्प्रातिपदिकात् ङीप् । अकारलोपे कृते

उत्सस्य=निर्झरिण्याः (झरनाका) इयम् (सेवार घास) आदि अथवा उत्स ऋषि सम्बन्धिनी ऋक् । औत्सी । उत्सादिभ्यो अञ् उत्स सम्बन्धी वस्तु अर्थमें अञ्, (औत्सः) उसमें स्त्री विवक्षा होनेपर ङीप् । अलोपे रूपम् । ऊरू प्रमाणम् अस्याः, जंघातक जलकी मात्रा जिस नदीका है वह उरुद्वयसी । उरुशब्दसे जघन तक पानी अर्थमें द्वयसच् अन्तमानकर ङीप् । इसी अर्थमें दघ्नच्, ङीप् उरुदघ्नी (छातीभर पानी वाला तौली या नदी) ये प्रत्यय अन्तमें होनेसे ङीप् अलोप । पञ्च अवयवाः यस्या सा पञ्चतयी, पांचसंख्या समुदायमें पञ्चन् शब्दात् संख्यायाः अवयवे तयप्, तयप्प्रत्ययान्त अदन्तप्रातिपदिक पञ्चतय तस्मात् स्त्रीलिङ्गः बोधक ङीप् । अक्षशब्दात् जयति अर्थे ठ इक । अदन्त आक्षिक शब्दात् वाच्यार्थ लिङ्ग बोधने ङीप्, आक्षिकी (पाशोंसे खेलने वालेकी स्त्री) आक्षिक्यौ आक्षिक्यः युवत्यः । प्रस्थेन क्रीता प्रास्थिकीं कञ्चुकी (पसेरींसे खरीदी हुई) तेन क्रीतमिति ठञ् । तदन्तप्रातिपदिक प्रास्थिकशब्दात् ङीप् । लवणं पण्यमस्ति अस्याः (नमककी दुकानवाली) लावणिकी । तदस्य पण्यं, (विक्रेता दुकान अर्थमें) ठञ् (प्रत्ययान्त) लावणिक शब्दात् ङीप् भसंज्ञायां अलोपे । यादृशी-यत्पूर्वक दृशधातोः त्यदादिषु दृशोः इति कञ् 'आ' सर्वनाम्नः इति यत् शब्दस्य आकारान्तादेशे, सवर्णदीर्घे, कञ्प्रत्ययान्तयादृश, शब्दात् ङीप् यादृशी सा (जैसी) तादृशी सा (तैसी) इत्वरी=एति गच्छति स्वेच्छाचारिणी इण्गतौ धातोः क्वरप् इ+वर ह्रस्वस्य लुक्, क्वरप्प्रत्ययान्त इत्वर शब्दात् ङीप् लोपे ।

(वा) नञ् स्नञ् ईकक, ख्युन् ये प्रत्यय अन्तमें हों और तरुण तलुन, इन प्राति० से स्त्रित्वविवक्षामें ङीप् कहे । स्त्रियाः अपत्यं स्त्री, स्त्रैणः की स्त्री अर्थमें 'स्त्री पुंसाभ्यां' सूत्रसे नञ्, आदिवृद्धिः णत्वं, स्त्रैणशब्दात् पुंयोगे (स्त्री विवक्षायां) ङीप् वार्तिकेन । एवं पुंसो अपत्यं स्त्री पौस्नी, स्नञ् प्रत्ययान्त पौस्नशब्दात् ङीप् । शक्तिः प्रहरणम् अस्याः शक्तिनामक अस्त्रका प्रहार विषय है जिसकी वह स्त्रीं । शक्तियष्ट्योः ईकक् प्रत्यये आदिवृद्धिः । शक्तिक शब्दात् ङीप् लोपे । शाक्तिकी (चण्डिका) यष्टिः प्रहरणम् अस्याः छड़ी है प्रहारका साधन इसका । यष्टिशब्दात शक्तियष्ट्योरीकक् प्रहरण अर्थे । आदिवृद्धिः अन्त्य इलोपे याष्टीकशब्दात् वार्तिकेन ङीप् अकारलोपे, (याष्टिकी)अप्सरा । अनाढ्यं (निर्धनिनम्) आढ्यं कमधनवान [illegible] बहुत धनवान् बनाने वाली (आढ्यंङ्करणी) आढ्य पूर्वक कृधातोः आढ्य, सुभग, स्थूल पलित, नग्नान्ध प्रियेषु इति करणे अर्थे ख्युन्=यु तस्य 'अन' आदेशे [illegible] गुणावादेशे (आढ्य—करण) अरुर्द्विषदजन्तस्य मुम् (म्) आगमे, अनुस्वारे परसवर्णे, णत्वे, वार्तिकेन ङीप्, यस्येति च अलोपे । तरुणत्ववयोविशिष्टा स्त्री तरुणी । अथवा

हलस्तद्धितस्य ।६।४।१५०। हल उत्तरस्योपधाभूततद्धितयस्य लोप ईति। गार्गी ॥ प्राचां ष्फ तद्धितः ।४।१।१७। यञन्तात्ष्फो वा ॥ षः प्रत्ययस्य ।१।३।६। प्रत्ययादिः ष इत्स्यात्। 'आयनेयीनी' इत्यायनादेशः। षित्त्वसामर्थ्यात्षि-

उन्नतौ यौवनवयोवाचिनौ। तरुणीतलुनीशब्दौ तरुण-तलुन शब्दात् वार्तिकेन ङीप् सभी स्त्रीप्रत्यय प्रायः अजादि हैं वहां भसंज्ञा और इकारलोप न भूलें। यञश्च-- यञप्रत्ययान्त शब्दका वाच्य स्त्रीलिङ्गः उसका बोधक ङीप् हो, यस्येतिच सूत्रसे अकारलोप करने पर। हल्से भी परे तद्धित प्रत्ययके उपधाभूत यका लोप हो, ईकार परे। गर्गस्य स्त्री अथवा गर्गस्य गोत्रापत्यं गर्गके वंशपरम्पराकी स्त्री अर्थमें गर्गादिभ्यो यञ्। गोत्र अर्थमें यञ् कृते, अन्त्य अलोपे, यञन्तगार्ग्य शब्दको यञश्च सूत्रसे ङीप् गार्ग्य+ई, अलोपे, हलस्तद्धितस्य हलसे परे तद्धित प्रत्ययके यकार का लोप (गार्गी) कन्या।

प्राचां—प्राचीनके मतमें यञन्तगार्ग्य शब्दसे ष्फप्रत्यय विकल्पसे हो, उसकी तद्धितसंज्ञा हो। जिसका फल तद्धितान्त मानकर प्रा० संज्ञा हो। गार्ग्य+ष्फ, षः प्रत्ययस्य इति षकारलोपे आयनेयी—सूत्रेण फस्थाने 'आयन' आदेशे णत्वे गार्ग्यायण ततः षिद्—ष इत् हो और गौर आदि गणमें पठित हो, ऐसे शब्दसे ङीष् हो (ङ् ष् इत् 'ई' शेष) ङीप् और ङीष्के रूपमें भेद नहीं। किन्तु स्वरमें पित् (अनुदात्त), ङीष् (उदात्त) होता है। ष्फ प्रत्ययके षित्का फल षिद्गौरादिभ्यश्चसे ङीष् है। गार्ग्यायणी (गर्गगोत्रकी औरत) नर्तनशीला नर्तकी (नाचने वाली) नृती गात्र विक्षेपे (शरीरसे हावभावप्रदर्शन कला) अर्थमें शिल्पिनिष्वुन्=वु, अक आदेश, नर्तकः (व्यवसायकी दृष्टिसे नृत्यकलामें कुशल) यहां भी षित् मानकर सूत्रसे ङीष्, यस्येतिच अन्त्य अलोपे, नर्तकी। गणिका (परकी स्त्री घरमें नाचे वह नर्तकी नहीं है। गौरवर्ण विशिष्टा स्त्री (गौरी) (गौराङ्गना गौरादिगणपठित गौर शब्दात् सूत्रसे ङीष्, अलोपे, गौरी। अष्टवर्षा भवेत् गौरी, नववर्षातु, रोहिणी, दशवर्षाभवेत् कन्या, अत उर्ध्वं रजस्वला। (वा०) अनः-शकटं वहति या सा गौरादिगण पठित अनडुहशब्दात् स्त्रीबोधविवक्षायां ङीष् अनडुह ई (आमनडुहस्त्रियां वा वाच्यः) इति वार्तिकेन स्त्रीप्रत्ययविवक्षायां आम्प्रत्ययो विकल्पेन वक्तव्यः। आम् होने पर यण् अनड्वाही। यदा आम्न, तदा अनडुही। गौरादिगण आकृतिगण है। ङीपकी आकृतिसे गणका ज्ञान करे।

षः आदिः (ञिटुडवः) अनु० प्रत्ययके आदि ष की इत्संज्ञा अश्रवण हो। प्रत्यय क्यों पढ़ा? षोडशकः-ष इत् न हो आदि क्यों कहा? अन्त्य ष का लोप क्यों कहा? अन्त्य ष का लोप न हो। अविषः महिषः। आयन-प्रत्ययके आदिमें फ-ढ-ख-छघ हो। उनको क्रमसे आयन एय् ईन ईय् इय् हो (द्वन्द्वः) फ-आयन, ढ-एय्, ख-ईन, छ-ईय, घ-इय्। अ उच्चारणाय। यथासङ्ख्यसम्बन्ध। ष्फको तद्धितमान्य क्यों? इसलिए कि तद्धितान्त मानकर कृत्तद्धितसमासाश्चसे प्रातिपादिकसंज्ञा हो। जिसका फल ङीष् है। यतोहि षिद्गौरादिभ्यश्च सूत्रे प्रातिपदिकस्य अधिकार

द्गौरेति ङीष्। गार्ग्यायणी गौरी नर्तकी **वयसि प्रथमे** ।४।१।२०। प्रथमवयोवाचिनोऽदन्तात्स्त्रियां ङीप्। कुमारी (वयस्यचरम इति वाच्यम् (वधूटी चिरण्टी ॥ **द्विगोः** ४।१।२१। अदन्तात् द्विगोर्ङीप्। त्रिलोकी। अजादित्वात् त्रिफला। त्र्यनीका सेना ॥ **अपरिमाणबिस्ताचितकम्बल्येभ्यो न तद्धितलुकि**

आगच्छति (यदि ष्फ प्रत्ययान्तको प्रातिपदिकसंज्ञा नहीं होगी ङीष् भी नहीं होगा) यद्यपि ष्फको स्त्रीलिङ्ग अर्थ कहने पर भी षित्करणसामर्थ्यसे षिद्गौरादिभ्यश्च' से ङीष् होगा। गार्ग्यायणी। गर्गस्य-अपत्यं स्त्रीं विग्रहे यञ् गार्ग्यशब्दात्प्राचां ष्फ तद्धित (षः प्रत्ययस्य ष) इत्। फस्थाने-आयन। भसंज्ञा' यस्येति अलोपे णत्वे प्रातिपदिकसंज्ञा षिद्गौरादिभ्यः ङीप् णत्वे रूपम्। ईति परे नास्ति, यलोपो न। अताति निषेधात, आपत्यस्य च न।

वयसि—पहली अवस्थाके वाचक अदन्तप्रातिपदिकसे वाच्य स्त्रीलिङ्ग अर्थका प्रकाशक ङीप् हो। यहां प्रथम शब्द अन्तिम वयको रोकता है। अर्थात् वार्धक्य=वृद्धावस्थामें ङीप्का विधान है। कौमारं पञ्चमाब्दान्तं, पौगण्डं दशमावधिः। कैशोरमापञ्चदशाद् यौवनं तु ततः परम्। पांच वर्ष तक कुमार दस वर्ष तक पौगण्ड, १६ तक कैशोर, उसके बाद जवानी। कौमार, यौवन वृद्धत्व-भेदात् त्रीणि-वयांसि। आयूंषिचतुर्भागैः, चत्वारि वा, यौवनमें पहली अवस्थाको वय कहते हैं। वयस्यचरमे वार्तिक बलसे वृद्धावस्थाको छोड़कर सर्वत्रैव ङीप् इष्टः। कुमारत्व वयोविशिष्टा स्त्री कुमारी (अविवाहिता लड़की) प्रथम अवस्थावाचक कुमार शब्दात् वयसि प्रथमे सूत्रेण ङीप्, भसंज्ञा अलोपे।

वयसि अचरम-चरमम् अन्तिमं वयः (अवस्था) बोधकं तद्भिन्नं अचरम् अन्तिम अवस्थाके पूर्व (मध्य अवस्था) का स्त्रीधर्म प्रकट करनेके लिए ङीप् कहें। यथा वधूट (पत्नी धर्मको धारण करनेवाली) चिरण्ट (मृगनयनी चंचला) अचरम अन्तिम वृद्धावस्थाको छोड़कर युवावस्था दोनों है। न प्रथम, न अन्तिमसे ङीप् वधूटी चिरण्टी। द्वितीय अवस्थामें प्रमाण यौवनवाचिनौ भाष्यसे।

अदन्त द्विगु—समाससे ङीप् हो। त्रयाणां लोकानां समाहारः (तीनों लोकों का समुदाय) संख्या पूर्वो द्विगुः, द्विगुसमासे आकारान्तोत्तरपदो द्विगुः स्त्रियामिष्टः। द्विगुसमासके अन्तमें अकारान्त पद हो उससे स्त्रीलिङ्ग प्रत्यय इष्ट है। द्विगोः सूत्रसे अकारलोपे त्रिलोकी। अजादित्वात्=अजादिगणपठित मानकर अजाद्यतष्टाप्। त्रयाणां फलानां समाहारः (आंवला हर्रा वहेरीका मिलित चूर्ण) त्रिफला टाप्। त्रयाणाम् अनीकानां समाहारः। नभ, स्थल, जल सेनाओंका समाहारः समुदाय ही त्र्यनीका। अजादिगण मानकर टाप्। न च त्रयाणां भुवनानां समाहार त्रिभुवनं पञ्चपात्रं, चतुर्युगमित्यादावपि टाप् ङीप् स्याद् तत्र पात्राद्यन्तस्य। इति वार्तिकेन स्त्रीत्वविवक्षायाः निषेधात्।

अपरिमाण परिमाण, नपना, माप द्रोण आढ़क ग्राम, किलो क्विटल वाची शब्दसे भिन्नशब्द अन्त हो, विस्त, आचित, कम्बल्य अन्तमें हो, ऐसे द्विगुसमाससे

।४।१।२२। अपरिमाणान्ताद्विस्ताद्यन्ताच्च द्विगोर्न ङीप् तद्धितलुकि । पञ्चभिरश्वैः क्रीता पञ्चाश्वा । आर्हीयष्ठक् । 'अध्यर्ध' इति लुक् । द्वौ विस्तौ पचति द्विविस्ता । द्व्याचिता । द्विकम्बल्या । परिमाणान्तात्तु द्व्याढकी ।

ङीप् न हो—यदि तद्धितप्रत्ययका लुक् हुआ तब विस्त (बिस्ता फुट) आचित (दस भरी–तोला) कम्बल्य=कम्बलका कारण ऊन । यथा पञ्चभिः अश्वैः (पांच घोड़ोंसे खरीदी गयी पञ्चाश्वा भूमिः संख्यापूर्वसे द्विगु समास तेन क्रीतं, ठक । ते अर्ह-अगोपुच्छ-संख्या-परिमाणार्थकाः । अतो मूले आर्हीयष्ठक् । अधि अर्ध पूर्व और द्विगुसे ठक्का लुक् । पञ्चाश्व इतिदशायां द्विगोः ङीष्प्राप्तः अपरिमाणान्तद्विगुको ङीप् का निषेधः किन्तु टाप् । अश्व परिमाण, माप प्रसिद्ध नहीं । विद्वविस्ता 'सुवर्ण=विस्तौहेम्नोऽक्षे' सोनेका एक (बित्ता) टुकड़ा हेम्नः सुवर्णस्य अक्षः । अक्ष किसे कहते हैं—गुञ्जा पञ्च आद्यभाषा, पांच घुंघुची का एक माषा, गुञ्जापञ्चकं भाक्षपरिमाण, षोडशकं अक्षपरिमाणं सोलह भाषाका एक अक्ष होता है । अर्थात् अशीतिगुञ्जा घुंघुची सुवर्णविषये (अक्ष) की मात्राका बोधक सुवर्णविस्त है ऐसे द्वौ विस्तौ पचति १३० तोला सोना गलाये (मशीन) द्विविस्ता द्विगुसमासः । सम्भवति अवहरति अर्थे ठक्, अध्यर्ध लुक् द्विगोः ङीप् प्राप्ते अपरिमाणविस्त० सूत्रेण निषेधे टाप् द्विविस्ता (मूषा पात्रविशेष) जो दो विस्त १६० गुञ्जा सोना द्रावयति गलाती है । यहां पच् धातु गलाने अर्थमें । द्व्याचिता । आचितो दस भाराः इत्यमरः । दस भरी सोनाको आचित कहते हैं । तुलास्त्रियां पलशतं भारः स्यात् । सौ पलको भार कहते हैं । ऐसे २० भार विंशति पुमान् (पुरुष भार बोझा होता है) द्वौ आचितौ वहति (२० भारका बोझा ढोता है) इत्यर्थे प्राग्घितीयष्ठञ् । तस्य लुक् द्विगोः प्राप्तं ङीपं निषेधति । टाप् । द्व्याचिता शकटी (सगड़ी) दस भारकी है । द्विचक्रिका । द्विकम्बल्या कम्बलस्य प्रकृतिः कारणं द्रव्यं (ऊन) ऊर्णापलशतं तदर्थं, विकृतेः प्रकृतौ (भेड़का ऊन प्रकृति हैं कम्बल विकृति हैं । इत्यर्थे 'कम्बलाच्चसंज्ञाया' सौ-पल (ऊन) अर्थे यत । द्वाभ्यां कम्बल्याभ्यां क्रीता विग्रहे तेन क्रीतं ठञ् । तस्य लुक्, द्विगोः ङीपः उक्तसूत्रेण निषेधे द्विकम्बल्या अजा । न कहिये कि तद्धित लुकि कृते (तद्धित प्रत्ययके लुक् होने पर) ङीप् न भवतु इत्येवाऽर्थोऽस्तु इतनेसे ही सभी उदाहरण ङीप्से बच जायेंगे, अपरिमाणादिग्रहणं किमर्थं ? द्वौ आढ़कौ पचति० प्रसङ्गे टञ् । लुक् ङीप् 'द्वाचढकी) अत्र निषेधो मा भवतु एकदर्थं सूत्रम् । न तद्धित लुकि कथनेन ङीप् निषेधः स्यात् । अपरिमाणात् न तद्धित लुकि कथनेन द्विविस्ता इत्यादौ ङीपः निषेधो न स्यात् । परितः सर्वतः समन्तात् मिमीते तोलनं क्रियते अनेन परिमाणं आढ़कं । गुञ्जापञ्च तु भाषः स्यात्, ते सुवर्णस्तु षोडशः । पञ्च सुवर्णाश्चत्वारः पञ्चवापि प्रकीर्तितम् । यत्रद्वयं तु प्रसृतं द्विगुणं कुडवं मतम् । चतुर्भिः कुडवैः प्रस्थः प्रस्थाश्चत्वार आढ़कः । इति स्मृतिः । पांच घुंघुची का एक माशा १६ माशा का एक सुवर्ण । चार या पांच सुवर्ण का एक पल दो पलका

तद्धितलुकि किं ? समाहारे पञ्चाश्वी ।। **काण्डान्तात्क्षेत्रे** ।४।१।२३। क्षेत्रे यः काण्डान्तो द्विगुस्ततो न ङीप् तद्धितलुकि । द्वे काण्डे प्रमाणमस्याः— द्विकाण्डा क्षेत्रभक्तिः । मात्रचः 'प्रमाणे लो द्विगोर्नित्यम्' इति लुक् । क्षेत्रे किं ? द्विकाण्डो रज्जुः ।। **पुरुषात्प्रमाणेऽन्यतरस्याम्** ।४।१।२४। प्रमाणे यः पुरुषस्तदन्ताद् द्विगोर्ङीब्वा स्यात् तद्धितलुकि द्वौ पुरुषौ प्रमाणमस्याः— द्विपुरुषी, द्विपुरुषा वा परिखा ।। **ऊधसोऽनङ्** ।५।४।१३१। ऊधोऽन्तस्य

एक प्रसृत उसका दुगुना कुडव मान्य, चार कुडवका प्रस्थ (पसरी) चार प्रस्थ का आढ़क (आधा क्विटल) ।

काण्ड—द्विगोः, न-तद्धितलुकि अनु० । षोडश हस्तप्रमाणो दण्डः (बांस लाठा) काण्ड है अथवा षोडशअरत्नीं (मुष्टिवद्धहस्तः) आयामः विस्तृते दण्डः । अर्थ-क्षेत्रे= खेत नापनेके विषयमें काण्डशब्द अन्तमें हो ऐसे द्विगु समाससे ङीप् न हो, यदि तद्धित प्रत्ययका लुक् हुआ हो तो । द्वे काण्डे (३२ हाथ प्रमाण विस्तारः अस्याः भूमेः संख्यापूर्वः द्विगुसमासः । द्विकाण्डशब्द खेत परक है । इस भूमिका (३२) हाथ क्षेत्रफल है । द्विकाण्डशब्दात् प्रमाणेऽर्थे द्वयसज्-सूत्रेण विधानं कृतस्य मात्रच्प्रत्ययस्य प्रमाणे लो द्विगोर्नित्यं सूत्रेण लुक् । सूत्रमें अन्तग्रहण क्यों किया ? इसलिये कि द्विकाण्डसे क्षेत्रफल अर्थमें ङीपका निषेध हो, केवल काण्ड कहने पर निषेध न हो । क्षेत्र अर्थ क्यों ? इसीलिये कि जहां भूमिका क्षेत्रफल नहीं है वहां ङीप् निषेध न हो । जैसे द्विकाण्डी वडवा द्वाभ्यां काण्डाभ्यां (बत्तीस हाथकी भूमिसे खरीदी गई घोड़ी) क्रीता । द्विकाण्डी रज्जु (बत्तीस हाथकी रस्सी) खेतका प्रमाण न होनेसे ङीप् निषेध नहीं हुआ ।

पुरुषात्—द्विगोः तद्धितलुकि ङीप् अनुवर्तन्ते । प्रमाण अर्थमें जो पुरुष तदन्तात् वह अन्तमें हो ऐसे द्विगुसमाससे ङीप् विकल्प हो । तद्धित प्रत्ययका लुक् होने पर । आयामस्तु प्रमाणं स्यात् । निश्चित मात्राको विस्तार कहते हैं । पञ्चहस्तायामः पुरुषः [पांच हाथका पुरुष] द्वौ पुरुषौ प्रमाणस्या आपः [दो पोरिषा पानी] या या परिखा, झील जलाशय घेरा, भित्तिः, दुर्गपरितः संरक्षणार्थः । यहां पुरुष [५ हाथ] २ पुरुष [१० हाथ] मात्राका वाचक है । द्विगुसमास मात्रच्, प्रमाणे नित्यं लुक्, अपरिमाणान्त० सूत्रेण नित्यं, ङीपः निषेधः । पुरुषात्प्रमाणे सूत्रेण निषेधविकल्पे, टाप् द्विपुरुषा ङीप्—द्विपुरुषी । प्रमाण अर्थ क्यों कहा ? क्या उर्ध्वमानं [तराजू] किलोन्मानं परिमाणं तु सर्वतः, आयामस्तु प्रमाणं स्यात् इति वार्तिकं, परितः आरोहतः परिणाहतः येन मीयते । द्वाभ्यां पुरुषाभ्यां क्रीता गौः द्विपुरुषा । यहां क्रयण खरीदना अर्थ है प्रमाण नहीं । टाप हुआ ङीप् नहीं । पञ्चभिः पुरुषैः क्रीता पञ्चपुरुषी धर्मशाला ।

ऊधसो—बहुव्रीहौ अनु० । ऊधस् शब्द अन्तमें हो । ऐसे बहुव्रीहि समासके अन्त्यअल्को अनङ् हो स्त्रीलिङ्ग अर्थ प्रकट करना हो तब । ऊधस्तु क्लीबमापीन

बहुव्रीहेरनङ् स्त्रियाम् ।। **बहुव्रीहेरूधसो ङीप्** ।४।२५। ऊधोन्ताद्बहुव्रीहेः । कुण्डोघ्नी । स्त्रियां किम् ? कुण्डोधो धैनुकम् । **दामहायनान्ताच्च** ।४।१।२७। संख्यादेर्बहुव्रीहेर्दामान्ताद्धायनान्ताच्च ङीप् । द्विदाम्नी द्विहायनी बाला (त्रिचतुर्म्यां हायनस्य णत्वं वाच्यम्) (वयोवाचकस्यैव हायनस्य ङीप् णत्वं

मित्यमरः, गायका दूध भरा बड़ा थन [स्तन] कुण्डकी तरह जान पड़े, उसे ऊधस् आपीन कहते हैं (आपीनभारोद्वहनप्रयत्नात्) कुण्डमिव ऊधः स्तनं यस्याः इति विग्रहे बहुव्रीही समासे कुण्डोधस् स्त्रीत्व प्रकाशनार्थं ऊधसोऽनङ् सूत्रेंण अनङ् ङ इत् ङिच्च, सस्थाने अन । पुरुषं कुण्डोधन् इतिदशायां [डाप् उभाभ्यां विकल्पे] अन उपधा लोपिनः ङीप् विकल्पे, पक्षे ऋन्नेभ्यः ङीपः अनो बहुव्रीहेः निषेधे प्राप्ते सूत्रं— **बहुव्रीहेः**—समासमें ऊधस् अन्तमें हो उससे स्त्रीलिङ्गबोधक ङीप् हो । अल्लोपोऽनः अकारलोप सम्मेलने कुण्डोघ्नी । सूत्रे स्त्रियां किमर्थमपठत् अर्थात् ङीप् विधानमें स्त्रियांकी अनुवृत्ति क्यों ? इसलिये कि नपुंसकसे ङीप् न हो । यथा कुण्डमिव ऊधो एककुण्डा, कण्डाल, दूध हो जिस गाय समुदायका । धेनूनां समूहो धैनुकम्—अचित्त हस्तिधेनोष्ठक् ठस्य कः नपुंसकलिङ्गः । न स्त्री, न ङीप्, तब अनङ् भी नहीं ।

दाम—सङ्ख्यादेः ङीप् अनु० । संख्यावाचकशब्द आदिमें हो, बहुव्रीहिसमास, दाम या हायन अन्तमें हो, उससे ङीप् हों, स्त्री बोध अर्थमें । दाम अन्ते-जैसे द्वि दामन्=यहां डावुभाभ्यांसे डाप् । अनउपधा लोपिन इति ङीप् प्राप्ते, अनो बहुव्रीहेः निषेधे च प्राप्ते, ङीप् इति कथितम् । यत्र हायन अन्ते द्वि हायनी इत्यादौ अदन्त-टाप्प्राप्तः, अतो दामहायनान्ताच्च : यथा—द्वे दामनी यस्याः सा द्विदाम्नी [दो रस्सीवाली हरहट गाय] द्विदामन् शब्दात् ङीप् सङ्ख्यादिः बहुव्रीहिः दाम अन्त अस्ति । अनः अल्लोपे रूपम् । यदि अव्यय=उत्, प्रति अपि आदिकी अनुवृत्ति होती तो क्या दोष पड़ता ? अनुवृत्तौ किं बाधकम् । अव्ययग्रहणस्य अननुवृत्तेः--अनुवृत्ति न करणस्य इदं फलं यत्र, उत् इति अव्ययं तत्र उध्वं [उत्क्रान्त] दाम रज्जु गल-ग्रन्थी यस्याः सा उद्दामा वडवा [गलेसे रस्सी निकालली घोड़ी] उद्दामन् इति दशायां डाप् ङीप्, अन उपधा लोपिन इति ङीपि [अन् अनर्थकोऽपि] अनो बहुव्रीहे इति निषेधः प्राप्तः, तस्य इदं फलं यथा बहुराज्ञी रूपत्रयं लभते तथा अत्रापि रूपत्रयं लभताम् । हायनान्तस्य प्रयोगः द्वौ हायनौ यस्याः सा द्विहायनी बाला [दो वर्षकी लड़की] अत्र हायनान्त-ङीप् अलोपे सम्मेलने । त्रयो हायनाः यस्याः सा त्रिहायणी कन्या [तीन वर्षकी] चत्वारः हायनाः यस्याः सा चतुर्हायणी [चार वर्ष की] दामहायन्ताच्च ङीप् । परन्तु णत्वं केन सूत्रेण भवतु, यत्र समानपदं तत्रेव णत्वं निश्चितं वर्तते । अत्र त्रि-भिन्नं पदं, हायनभिन्नपदम् । अतो वार्तिकं त्रिचुरशब्दसे परे हायनशब्दके न को ण हो । परन्तु वयो वाचकस्य=अवस्था विशेषके रहते ही हायनसे ङीप् न को ण इष्ट है । इत्यनेन णत्वम् । वयसोऽन्यत्र आयुविभागसे भिन्न स्थलमें त्रिहायना शब्दसे परे हायनको ङीप् णत्व न हो । अतएव द्वौ हायनौ यस्याः

चेष्यते) त्रिहायणी चतुर्हायणी, वयसोऽन्यत्र-त्रिहायना चतुर्हायना। शाला।। अन्तर्वत्पतिवतोर्नुक् ।४।१।३२। नान्तत्वान्ङीप्। अन्तर्वत्नी पतिवत्नी। गर्भभर्तृसंयोग एवेष्यते। अन्यत्र तु अन्तरस्त्यस्यां शालायां घटः। पतिमती पृथिवी ।। पत्युर्नो यज्ञसंयोगे ४।१।३३। वसि-

---

सा। धर्मशाला के दो वर्ष वय न होनेसे न ङीप् किन्तु टाप् एवं त्रिहायना गोशाला चतुर्हायना अश्वशाला आदिः।

अन्तर्वत् और पतिवत् शब्दको स्त्रीलिङ्ग प्रकाशक नुक् [न] हो वह प्रत्यय नहीं कित्से आगम है। अन्त अवयव। मतुप् निपातन, ऋन्नेभ्यः नान्तङीप्। (अन्तर्वत्नी) गर्भिणी अर्थमें जीवद्भर्तृकायां=पतिदेवता जीवित हों तब प्रकृतिभागी=अन्तर्वत् पतिवतका निपातन [कल्पना] नुक्सहित मान्य हो। किसमें क्या निपातन है। तब बोले=तयोर्मध्ये दोनोंके बीच अन्तः=आभ्यन्तरे भीतर पेटमें अस्ति अस्यां [है इसमें गर्भ] इति विग्रहें मतुप् न प्राप्नोति कथं न प्राप्नोति। अतः कथितं मूले अन्तः शब्दस्य=अन्तः शब्दमें अधिकरण [आधार अर्थकी] शक्ति प्रधान होनेसे मतुप् नहीं होगा। वह तो अस्ति अर्थके समानाधिकरण अभेदसम्बन्ध प्रधानतामें होता है। समानाधिकरण अभेदसम्बन्धके अभावसे अप्राप्त मतुप्का निपातन [कल्पना] भी करता है। अस्ति कर्ता [कारक प्रधानता] में प्रथमान्तसे मतुप्का विधान्। यथा: गौः अस्यास्ति गोमान्। अस्ति क्रियाका प्रथमान्त गौः के साथ अभेदसम्बन्ध, अतो मतुप्।

अन्तः का अस्यां सप्तम्यन्तसे सम्बन्ध, कर्ता [कारक] से नहीं। अन्तर्मत् नू मादुपधायाश्च मस्थाने व। नान्तङीप्। अन्तर्वत्नी। पतिः अस्याः अस्ति, ति का अर्थ कर्ता, उसका पतिसे अभेदसम्बन्ध तदस्यास्ति अस्मिन्सम्बन्धे अर्थ मतुप्, मस्थाने व निपातन-सूत्रेण कल्पना। मादुपधात्परे नास्ति। वत्वमप्राप्तं निपात्यते पतिवत्नी। प्रत्युदाहरण विपरीत दृष्टान्त [गर्भिणी स्त्रीके लिये ही प्रयोग होगा] गर्भिणी नास्ति, न मतुप्। यथा अन्तः अस्ति अस्या शालायां घटः [भवनके भीतर घड़ा] विग्रह ही रहा, न मतुप्। जीवितपरिस्थितिमें वत्वकी कल्पना। यत्र पतिजीवितं निश्चितं नास्ति तत्र वत्वं न। पतिमतीपृथ्वी। अत्र मस्थाने न वत्वम्।

पत्युः—षष्ठी। नकारे अकारः उच्चारणाय। स्त्रीका अधिकार पति शब्दके अन्त्य अलको नकार आदेश हो, यज्ञके सम्बन्धमें। यज्ञफलग्राहिणी। स्वामित्व सम्बन्धसे फल भोगनेवाली हो। यथा वशिष्ठस्य पत्नी वशिष्ठकर्तृकयज्ञफलभोक्त्री अर्थं पत्युर्नो यज्ञसंयोगे इस्थाने नकारादेशे नान्तङीप्। ननु यज्ञकर्ता वशिष्ठः फल भोक्ता स एव भवतु न, तु तस्य स्त्री [स्वर्गकामःमें पुलिङ्गसे पुरुष ही अधिकारी हैं) तदा कथितं दाम्पत्योः—स्त्रीपुरुषयोः सहाधिकारात्-एकसाथ समानाधिकारः। पूर्वमीमांसामें दाम्पत्योः सहाधिकारः सिद्धान्तितः।

विभाषा। पत्युर्न अनु०। प्रातिपादिक षष्ठ्यन्त, पत्यु। का विशेषणः तदन्त विधि। पूर्वेण सहितः सपूर्वः तस्य समुदायस्य। पतिशब्द अन्तमें हो सपूर्वस्य पूर्वा-

ष्ठस्य पत्नी ॥ **विभाषा सपूर्वस्य** ।५।१।३४। पति शब्दान्तस्य नो वा। गृहपतिः, गृहपत्नी । दृढ़पत्नी दृढ़पतिः ॥ **नित्यं सपत्न्यादिषु** ।४।१।३५। सपत्नी एकपत्नी वीरपत्नी ॥ **पूतक्रतोरै च** ।४।१।३६। पूतक्रतोः स्त्री–पूतक्रतायी ॥ **वृषाकप्यग्निकुसितकुसिदानामुदात्तः** ।४।१।३७। एषामुदात्त ऐ आदेशो ङीप् च। वृषाकपेः स्त्री वृषाकपायी। अग्नायी कुसि·

यवसहितस्य प्रातिपदिकस्य अन्त्यालः स्थाने नकार आदेशः। बिना यज्ञसंयोगके अप्राप्त विभाषा। यथा पाति रक्षति पतिः, गृहस्य पतिः गृहपतिः (घरका रक्षक) पतिशब्दान्तः सपूर्वः (गृहसहितः) प्रातिपदिकमस्ति इस्थाने 'न' आदेशे। ऋन्नेभ्यो ङीप् (गृहपत्नी) दृढ़: अटल: पतिः रक्षकः पालकः यस्याः सा दृढ़पतिः दृढपत्नी : ङीप न' आदेशे, विकल्पश्च इष्टः।

नित्यं। विषय सप्तमी, सपत्नी आदिके विषयमें उसकी सिद्धिके लिये पतिशब्दके अन्त्य अल्-इको नित्य नत्व हो। पूर्वविकल्प=विभाषा सपूर्वस्यके विकल्पको बाधकर। सूत्रका आरम्भ ही नित्यमें प्रमाण होता, नित्यग्रहण सुस्पष्ट ज्ञानके लिये। ननु समानः पतिर्यस्याः सा सपत्नी (सौतन) यहां समानको स आदेश सम्भव नहीं है वोपसर्जनस्य वैकल्पिक 'स' करता है, अतः बोले समानशब्दको स आदेश भी निपातनसे (कल्पना) सपत्न्यादिगणमें समान एक, वीर भ्रातृ, पुत्र ये पढ़े गये हैं। समान—शब्दसे बहुव्रीहिः। निपातनेन नित्यं स भावः। एकः पतिर्यस्या सा एकपत्नी। एकपतिशब्दस्य अन्त्य स्थाने न आदेशे ङीप्। समानपति शब्दसे विकल्प नकारादेशको बाधकर नित्य नत्व। समानस्य स भावः। पति शब्द विवाहविधिनां स्वीकृतः स्वामी। वीरः पतिर्यस्या सा वीरपतिशब्दस्य नत्व आदेशे ङीप्।

पूतक्रतु शब्दसे स्त्री अर्थमें ङीप् हो। प्रकृति—पूतक्रतुके अन्त्य अल्कों ऐ आदेश हो। इयं (त्रयाणां सूत्राणां समाहारः) त्रिसूत्री तीनसूत्र, पुंयोग—पुरुष सम्बन्धका स्त्रीत्व कहना हो ऐ औ आदेश हो। यथा पूतक्रतायी (गौरी लक्ष्मी) जिससे क्रतवः यज्ञाः पूताः सफलाः भवन्तु। पूतक्रतुः शङ्करः विष्णुश्च। तस्य स्त्री अत्र पूतक्रतुशब्दे तकारस्य उकारस्य ऐकारे पुंयोगे ङीप। प्रमाण रूपमें यथा तु क्रतवः कहा। **वृषाकपि**—(शङ्करः विष्णुः) अग्नि कुसित कुसिद इनके अन्त्य अल् को 'ऐ' उदात्त आदेश हो। ङीप् भी। वृषाकपेः शङ्करस्य स्त्री पार्वती अर्थे वृषाकपिशब्दात् उक्तसूत्रेण अन्त्य अल् इस्थाने ऐ आदेशे ङीष् (ई) आय् आदेशे। वृषकपायी। श्रीः लक्ष्मी गौरी प्रलयङ्करी अर्थ·। अग्नेः स्त्री अग्नायी। अग्निर्मूर्धा अग्निशब्दः अन्तोदात्तः ऐकार अन्तादेशः आय्। कुसित·कुसिद-देवता नाम। प्रातिपदिकमन्तोदात्तः ङीप् ऐकारः आय्। कुसितायी देव-स्त्री। कुसित-कुसिद शब्द मध्यह्रस्व है। मध्यदीर्घ नहीं अन्यथा—लघावन्ते मध्योदात्तः स्यात्। **मनुशब्दके** अन्त्य अल् उ को औ आदेश उदात्त हो या ऐ आदेश हो। दोनोंके सन्नियोग—सम्बन्धमें ङीप् भी हो। सन्नियोगशिष्टानां सह वा प्रवृत्तिः सह वा निवृत्तिः। (किञ्च मनुष्वदत) मनु शब्दः आद्युदात्तः। मनोरौ वा इति औकारे ङीप्। अवादेशे मनावी।

तायी कुसिदायी । **मनोरौ वा** ।४।१।३८। मनुशब्दस्यौकारादेशः स्यादुदात्त ऐकारश्च वा, ङींप् च । मनोः स्त्री मनावी मनायी मनुः ।। **वर्णादनुदात्तात्तोपधात्तो नः** ४।१।३९। वर्णवाची योऽनुदात्तान्तस्तोपधस्तदन्ताद्वा ङीप्, तस्य नः । एनी, एता । रोहिणी, रोहिता । **षिद्गौरादिभ्यश्च** ।४।१।४१। ङीष् । नर्तकी गौरी । अनड्वाही, अनडही (पिपल्यादयश्च) आकृतिगणोऽयम् । (मत्स्यस्य ङ्याम्) यलोप, मत्सी ।। **जानपदकुण्डगोणस्थलभाजनागकालनीलकुशकामुककबराद् वृत्त्यमत्रावपनाकृत्रिमाश्राणास्थौल्यवर्णानाच्छादना-**

यदा एकारः तदा आय् आदेशे मनायी । यदा उभयं न, तदा ङीष् अपि न । मनु। मन् धातोः सृस्वृन्आदिना उप्रत्ययः ।

वर्णात्--चित्र विचित्र या रक्त नीलपीत आदि वर्णवाची जो अनुदात्तान्त==अनुदात्तः अन्ते यस्य (अनुदात्त हो अन्तमें जिसके) तोपधः==तकार हो उपधामें तदन्तात==वैसा शब्द अन्तमें हो अनुपसर्जनात्=उपसर्जन=विशेषण न हो ऐसे प्रातिपदिकसे विकल्पसे ङीप् हो 'त' के स्थानमें 'न' आदेश भी हो । एतत्वगुण बिशिष्टा स्त्री (चित्रं किर्मीरकल्माषं सबलैताश्च कर्बुरे) विचित्रवर्णवाची एत शब्दः अनुदात्तान्तः तणतिनितान्तानाम् आदिः उदात्तः । अन्त्य अकारो अनुदात्तः अनुपसर्जन=अविशेषण भी है, उपधामें तकार है, अतः वर्णादनुदात्त सूत्रेण ङीष्, तकारस्य नकारे, (एनी) सु तस्य हल्ङ्यादिलोपे, ङीप् । अभावपक्षे टाप् एता (चितकबरी हरिणी) रोहितत्वगुणविशिष्टा स्त्री रोहिणीं (रोहितो लोहितो रक्तः इत्यमरः) लाल रङ्गवाली रक्तवर्णवाची अनुदात्तान्त,-तोपध-, अनुपसर्जनप्रातिपदिकरोहित शब्दात् ङीष् । तकारस्य नकारे णत्वे । पक्षे रोहिता गौः ।

जानपद कुण्ड-गोण-स्थल-भाजन-नाग-काल-नील-कुश-कामुक-कबर एभ्यः एकादशभ्य=ये ग्यारह प्रातिपदिक हैं इनसे ङीप् तब हो, जब वृत्ति आदि अर्थ क्रमसे हों । जैसे—वृत्तिः जीविका, कुण्डी (अस्त्री कमण्डलुः कुण्डी इत्यमरः) अमत्र, आपवन, अकृत्रिम, श्राणा, स्थुलाः, बर्ण, अनाच्छादन, अयोविकार, मैथुनेच्छा, केशवेश, अर्थमें । यथा जनपदे भवा जानपदी वृत्तिः (जीबिका) वर्तते जीवनं अनया नगरमें) जनपदशब्दात् वृत्तिबोधने अर्थे ङीप् आदिः । अन्या (जीविका) अर्थ नही हैं तब जनपदे भवा उत्पन्ना स्त्री, अर्थे उत्सादिभ्य सूत्रेण अञ् टिड्ढाणञ् ङीप् जानपदी शहरीबाला । कुण्डी कुण्डशब्दात् अमत्रे अर्थे (पात्राऽमत्रे च भाजनं, पिठरं, स्थाली उखाकुण्डमित्यमरः) कूंड़ी, कुडव, वर्तन, अर्थमें कुण्डशब्दात् जानपद इत्यादि सूत्रेण ङींष् विधिसे स्त्रीलिङ्ग भी हैं । पिठरे तु नना कुण्डमिति विश्वः । अन्या=जो अमत्र (पात्रविशेष) नहीं है । किन्तु क्रियारूप है । वहां टाप् कुण्डा (दहनीया) क्योंकि कुडि दाहे इकार इत्संज्ञक कु धातुका जलानेकी क्रिया अर्थः । गुरोश्व हलः गुरुमान (दो मात्राकी संज्ञा) और हलन्त धातुसे अ-प्रत्य हो । भाव और कर्मके स्त्री अर्थमें टाप् कुण्डा । न कहिये कि (अमृते जारजः कुण्डो मृते भर्तरि गोलक) इस प्रकार का मनुष्य जातिवाचक कुण्डशब्दको प्रत्युदाहरण क्यों न माना जाय । परन्तु मनुष्य

योविकारमैथुनेच्छाकेशवेशेषु ।४।१।४२। एभ्य एकादशभ्यः क्रमाद् वृत्त्यादिष्वर्थेषु ङीष्। जानपदी वृत्तिश्चेत् । अन्या तु जानपदा। अजन्तत्वात् ङीपि आद्युदात्तः। कुण्डी अमत्रं चेत्। कुण्डाऽन्या। गोणी आवपनं चेत्। गौणाऽन्या। स्थली अकृत्रिमा चेत्। स्थलाऽन्या। भाजी श्राणा चेत्। भाजाऽन्या। 'यवागूरुष्णिका श्राणा विलेपी तरला च सा' इत्यमरः। नागी स्थूला चेत् नागाऽन्या। काली वर्णश्चेत् कालाऽन्या। नीली अनाच्छादनं चेत् नीलाऽन्या। नील्या रक्ता शाटीत्यर्थः। कुशी अयोविकारश्चेत्। कुशान्या। कामुकी मैथुनेच्छा चेत्। कामुकाऽन्या। कबरी केशानां सन्नि-

---

जातिवाची होनेसे जातिलक्षण (जातेरस्त्रीसे) ङीष् भवत्येव=होता ही हैं।

नित्य स्त्रीलिङ्गमें प्रमाणं, गोणी-गोणशब्दात् स्त्री अर्थं जानपद-सूत्रेण ङीष्। आवपन (जो बोया जाय बीज) अर्थमें ओप्यतेनिक्षिप्यते अस्मिन् क्षेत्रे आवपनम् आङ्पूर्वक वपधातोः ल्युट् ङीष्। गोणी गोड़ा (जोता) हुआ खेत जिसमें बीज बोना है। अन्या=जहां खेत अर्थ नहीं है। वहां गोणा (गोणस्य स्त्री किसीका नाम। स्थली स्थलशब्दात् अकृत्रिमा सत्यवचन अर्थमें ङीष्। सैषा (स्थली) अत्र विचिन्वता त्वां (यह वही स्थान है जहां तुम्हे ढूंढता गया) वास्तविक भूमि होनी चाहिए। कृत्रिमाका लक्षण (पुरुषपरिष्कृता भूमिः) उद्यान, कुञ्ज, खेत आदि उससे भिन्ना अकृत्रिमा। जहां बनावटी सजी भूमि हो उसको (स्थला) टाप। यजुर्वेद (स्थलयोदकं परिगृह्णन्ति पुरुषेण सस्कृताः। भज्यते सेव्यते या सा भाजी (सोवापालक) श्राणा (श्रा पाके पकानेकी भूतकालक्रिया अर्थमें) क्त निष्ठा त को न, णत्व अपक्वा (पकी न हो तब भाजा, टाप् अश्राणा अपक्वा यवागू। उष्णिका श्राणा चाय जुस आदि। नागी स्थुलाचेत् यदि मोटी नागिन हो, तब ङीष् नागी। स्थूलअर्थ न हो तब नागा।

कालः गुण अस्यास्ति काली। (शुक्लादयः पुंसि) वर्णा सन्ति अस्य (अर्श आद्यच्) टाप् काला। क्रूरसंख्याशब्दः कालः। नीलशब्द अनाच्छादनं=आवरण चादर, क्षत न हो तब ङीष् हो जाय। नीली गौः आच्छादन नहीं है। अन्या आच्छादनेऽर्थं नीला शाटी वर्णवती। नील्या रक्तपटी, नील्या ओषध्या राग विशेषं प्राप्ता नीली साड़ी आच्छादन हैं वहां टाप् रक्ता लाल वर्णकी।

कुशी अयोविकारश्चेत्=लोहेकी बनी वस्तु फरसा, कुदाल, कील, खुरपी आदि। अन्या=लोहेका विकार न हो वहां टाप, कुशा। छन्दोगसूत्रसे स्तोत्रगणनार्थं औदुम्बराः शकवः कुशाः गूलरकी छोटी खूंटीको कुशा कहते हैं। अथवा यज्ञियस्य खदिरस्य कुशाः कारयेत् प्रादेशमात्रीः। कामुकी कामयितुं संगमयितुं शीलं स्वभावो अस्याः। प्रति अगपर काम उछल रहा हो। कमधातोः उकञ् कामुकमिथुनं स्पर्शसुखमिच्छति अर्थं ङीष् कामुकी मैथुनेच्छावती। अन्या=मैथुन=संगमसुखभिन्ना वस्त्रधनाभूषण-इच्छावती। केश का सन्निवेश वालोंका शृङ्गार अर्थ हो ङीष् कबरी घुंघरालक वाली। अन्यत्र कबरा चित्रविचित्रा।

वेशश्चेत्, कबरान्या ॥ **शोणात्प्राचाम्** ।४।१।४३। शोणी, शोणा ॥ **वोतो गुणवचनात्** ।४।१।४४। उदन्ताद् गुणवाचिनो वा ङीष् । मृद्वी, मृदुः । उतः किं? शुचिः । गुणेति किम्? आखुः (खरुसंयोगोपधान्न) खरुः, पतिंवरा कन्या ।

शोणात् प्राचीनके मतमें शोणसे भी=ङीष् हो । लोहितो रोहितो रक्तः शोण-कोकनदच्छविः इत्यमरः । लालरंग अर्थ है वर्णानां तणतिनितान्तानां–शोणशब्दः आदिः उदात्तः । अतो ङीष् नित्यं प्राप्तः विकल्पविधानम् ।

वोत वा–उत् इतिच्छेदः । उकारान्त हो, गुणवाचक हो, ऐसे शब्दसे स्त्रीलिङ्ग बोध विवक्षामें ङीष् विकल्पसे हो । मृदुत्व गुणविशिष्टा स्त्री मृद्वी (कोमलाङ्गिनी) उकारान्त कोमलतागुणरूप अर्थवाचक मृदुशब्दात् वोतो गुणवचनात् सूत्रेण ङीष् मृदु+ई, उकारस्य यण मृद्वी । यदा न ङीष तदा मृदु (मुलायम शरीर) एवं पटुत्वगुणविशिष्टा स्त्री (चतुराईसे भरी हुई) पट्वी पटु । तनुत्व=कृशता गुणविशिष्टा स्त्री तन्वी ।

